आज का मौसम
35.0⁰ अधिकतम तापमान
22.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.00
सूर्यास्त 06.31


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 08:42 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 128, पृष्ठ 12+4 ▪ मूल्य 6 रुपये


# बंगाल में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाना राज्य की विफलता : सुप्रीम कोर्ट

## निष्क्रियता के लिए बंगाल सरकार को फटकारा, एनआईए करेगी मामले की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मालदा में सात न्यायिक अधिकारियों का घेराव कर उन्हें बंधक बनाने की गुरुवार को निंदा करते हुए निष्क्रियता को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही सीबीआई या एनआईए से मामले की स्वतंत्र जांच कराने के आदेश दिए। कोर्ट ने तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह घटना राज्य प्रशासन की पूर्ण विफलता को भी उजागर करती है। उसने टिप्पणी की कि बंगाल सबसे अधिक ध्रुवीकरण वाला राज्य है।

कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह राज्य में पर्याप्त केंद्रीय बलों की मांग करे और उन्हें उन सभी स्थानों पर तैनात करे जहां मतदाता सूचियों की एसआईआर प्रक्रिया के तहत न्यायिक अधिकारी आपत्तियों का निपटारा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया जाता है कि वह घटना की जांच/पड़ताल किसी स्वतंत्र एजेंसी यानी सीबीआई या एनआईए को सौंपे। अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की जाए। जिस एजेंसी को जांच सौंपी जाएगी, वह सीधे इस न्यायालय में प्रारंभिक रिपोर्ट दाखिल करने के लिए बाध्य होगी।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने राज्य के मुख्य सचिव डीजीपी तथा मालदा के जिलाधिकारी और एसएसपी को कारण बताओ नोटिस जारी कर यह बताने को कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से प्राप्त पत्र की सामग्री के आलोक में उनके खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई क्यों न की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के उस पत्र का भी संज्ञान लिया जिसमें उस भयावह रात का ब्योरा दिया गया है जब तीन महिलाओं और पांच साल के एक बच्चे समेत न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे से अधिक समय तक लोगों की भीड़ ने बंधक बनाकर रखा तथा इस दौरान उन्हें भोजन एवं पानी तक नहीं मिला। बंगाल के महाधिवक्ता ने दलील दी कि मामले में निर्वाचन आयोग को विरोधी पक्ष की तरह काम नहीं करना चाहिए। सीजेआई ने कहा, दुर्भाग्य से आपके राज्य में हर व्यक्ति राजनीतिक भाषा बोलता है। आप हमें टिप्पणियां करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। क्या आपको लगता है कि हमें यह नहीं पता कि उपद्रवी कौन हैं? मैं रात दो बजे तक हर चीज पर नजर रख रहा था। बहुत, बहुत दुर्भाग्यपूर्ण। सीजेआई ने सभी शीर्ष अधिकारियों को उस समय छह अप्रैल को ऑनलाइन पेश होने का निर्देश दिया जब पीठ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से दायर याचिका समेत विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।



- गृह सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारियों से मांगा जवाब
- शीर्ष अधिकारियों को 6 अप्रैल तक ऑनलाइन पेश होने के निर्देश
- सीजेआई ने कहा- बुधवार रात 2 बजे तक उन्होंने खुद स्थिति पर नजर रखी
- मालदा के डीएम-एसपी मौके पर क्यों नहीं गए, ये अदालत को चुनौती जैसा

### पुलिस ने मामले में 17 लोगों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** मालदा में मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर 7 न्यायिक अधिकारियों के घेराव में संलिप्तता के आरोप में पुलिस ने गुरुवार को एक चुनाव उम्मीदवार सहित 17 लोगों को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंडियन सेकुलर फ्रंट (आईएसएफ) उम्मीदवार मौलाना शाहजहां अली और 16 अन्य लोगों को गिरफ्तार करके जिला अदालत में पेश किया गया और उन्हें 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। ये लोग कल रात मालदा में हुई घटना में शामिल थे। हमारे पास पुख्ता सबूत हैं।

### सीजेआई ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए

सीजेआई ने चौंकाने वाले घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि अपराह्न साढ़े तीन बजे घेराव शुरू हुआ और हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने तत्काल राज्य प्राधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी। बावजूद रात साढ़े आठ बजे तक राज्य के अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बाद में रजिस्ट्रार जनरल ने गृह सचिव और डीजीपी से संपर्क किया, शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। मुख्य न्यायाधीश को खुद हस्तक्षेप करना पड़ा और उन्होंने गृह सचिव एवं डीजीपी के साथ ग्रुप कॉल के जरिए बात की। गृह सचिव और डीजीपी मुख्य न्यायाधीश के आवास पर पहुंचे और बंधक बनाए गए अधिकारियों को छुड़ाया गया।

### कोर्ट के प्राधिकार को भी चुनौती देने वाला कदम

कोर्ट ने कहा- बुधवार की घटना न केवल न्यायिक अधिकारियों को डराने-धमकाने की सरेआम की गई कोशिश है, बल्कि यह इस न्यायालय के प्राधिकार को भी चुनौती देने के बराबर है। यह कोई सामान्य घटना नहीं है। प्रथम दृष्टया यह न्यायिक अधिकारियों का मनोबल तोड़ने के लिए सुनियोजित तरीके से उठाया गया सोचा-समझा कदम है।

### निर्वाचन आयोग ने जांच एनआईए को सौंपी

**कोलकाता/दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद निर्वाचन आयोग ने न्यायिक अधिकारियों के घेराव की जांच गुरुवार को एनआईए को सौंप दी। दिल्ली में निर्वाचन आयोग के एक प्रवक्ता ने कहा कि एनआईए की एक टीम शुक्रवार को राज्य में मौजूद रहेगी। आयोग ने एनआईए को पत्र लिखकर सार जानकारी दी।

# यूपी पुलिस में इस वर्ष 81 हजार पदों पर की जाएगी भर्ती : योगी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस वर्ष में यूपी पुलिस में 81 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की तैयारी है। यह बड़ी भर्ती अभियान युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ प्रदेश को एक सक्षम, ऊर्जावान और आधुनिक पुलिस बल उपलब्ध कराएगा।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार देर रात पुलिस विभाग के विभिन्न इकाइयों की जारी गतिविधियों व भावी कार्ययोजना की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आधुनिक तकनीक, पारदर्शी कार्यप्रणाली और सक्षम मानव संसाधन पर समान रूप से ध्यान देना होगा।

बैठक में बताया गया कि उपनिरीक्षक, आरक्षी सिविल पुलिस, रेडियो सहायक परिचालक, कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए तथा पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) सहित विभिन्न श्रेणियों में 81 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रस्तावित है। इनमें से कुछ की प्रक्रिया प्रारंभ भी हो गई है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को निर्देश दिए कि सभी सीधी भर्तियां पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं निर्धारित आरक्षण प्रावधानों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से संपन्न कराई जाएं। पीआरवी-112 सेवा की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) की रणनीतिक लोकेशन तय करने तथा इनके सतत मूवमेंट को सुनिश्चित करने को कहा।

'एक तहसील-एक फायर टेंडर' के लक्ष्य को प्राथमिकता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, गर्मी के मौसम में आग की संभावित घटनाओं की रोकथाम के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित करने और आवश्यक निवारक उपाय सुनिश्चित करने पर बल दिया। सीएम योगी ने निर्देश दिए कि साइबर अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई को और अधिक तकनीक आधारित, त्वरित और प्रभावी बनाया जाए।



- मुख्यमंत्री ने कहा, चयन में मेरिट व आरक्षण नियमावली का कड़ाई से होगा अनुपालन
- बोले- चयन में मेरिट और आरक्षण नियमावली का कड़ाई से होगा अनुपालन

### भर्ती प्रक्रिया दिसंबर तक हो सकती पूर्ण

81 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती प्रक्रिया दिसंबर तक पूरी कर लेने की तैयारी है। यह सरकार के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में सामने आ सकती है। यदि 60,244 तथा 32,679 के अलावा प्रस्तावित 81,000 भर्तियों को जोड़ दिया जाए तो यह आंकड़ा कुल 1,73,923 तक पहुंच जाता है। जाहिर है, इतने बड़े स्तर पर पुलिसकर्मियों का चयन सरकार की युवाओं के प्रति बेहतर सोच को दर्शा रही है।

### भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए

मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के साथ ट्रैप एवं सर्च की कार्यवाहियों को और तेज करने के निर्देश दिए, साथ ही विभिन्न सेक्टर कार्यालयों के निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने की कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया। सतर्कता अधिष्ठान की समीक्षा में एक अप्रैल 2026 तक 414 लंबित जांचों का उल्लेख किया गया, जिनमें से वर्ष 2025 तक की 340 जांचों के शत-प्रतिशत निस्तारण का लक्ष्य वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित किया गया है।

## ब्रीफ न्यूज

### रुपया 152 पैसे की तेजी के साथ 93.18 रुपये प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में गुरुवार को रुपया 152 पैसे की जबरदस्त तेजी के साथ 93 .18 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। मुद्रा बाजार में दो दिन के अवकाश के बाद गुरुवार को कारोबार शुरू हुआ। इसकी शुरुआत की सात पैसे की बढ़त में 94 .63 रुपये प्रति डॉलर पर हुई, और खुलते ही यह 93 .50 रुपये प्रति डॉलर के करीब पहुंच गया। एक समय यह 92 .82 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ था। अंत में 93 .18 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया 94 .70 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

### केदारनाथ के लिए 10 से हेली सेवा ऑनलाइन बुकिंग

**देहरादून।** केदारनाथ धाम के दर्शनों के लिए आगामी 10 अप्रैल से हेली सेवा की ऑनलाइन बुकिंग आरंभ की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि, इस साल यात्रा सीजन में सरकार ने 8 हेली कंपनियों को इसके संचालन की अनुमति दी है। इच्छुक यात्री सिर्फ आधिकारिक पोर्टल heliyatra.irctc.co.in पर ही अपना टिकट बुक करें। बता दें कि चारधाम यात्रा 19 अप्रैल से शुरू हो रही है। गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट 19 अप्रैल, केदारनाथ के 22 अप्रैल और बद्रीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे।

# जल्द काम खत्म करेगी अमेरिकी सेना : ट्रंप जमीनी हमला हुआ तो जिंदा नहीं छोड़ेंगे : ईरान

वाशिंगटन/तेहरान, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ईरान में जल्द ही काम खत्म कर देगी क्योंकि मुख्य रणनीतिक उद्देश्य पूरे होने वाले हैं। ट्रंप ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमले करने के करीब एक महीने बाद राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में अपने इस कदम का बचाव किया। अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर

वहीं, ईरान ने संभावित जमीनी अभियान को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सेना ने जमीनी हमला करने की कोशिश की तो कोई भी जीवित नहीं बचेगा। ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। ट्रंप ने ईरान के खिलाफ हमलों के संदर्भ में कहा, अगले दो से तीन सप्ताह में हम उन पर बेहद कड़ा प्रहार करेंगे। हम उन्हें पाषाण युग में भेज देंगे, जहां उन्हें वास्तव में होना चाहिए। ईरान पर अमेरिका के कड़े हमले जारी रखने संबंधी ट्रंप की टिप्पणियों के बाद तेल की कीमतों में चार प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई और एशियाई शेयर बाजार गिर गए। ट्रंप ने कहा, प्रथम विश्व युद्ध एक साल, सात महीने और पांच दिन चला था। द्वितीय विश्व युद्ध तीन साल, आठ महीने और 25 दिन तक जारी रहा था। उन्होंने कहा कि तुलनात्मक रूप से ईरान में कार्रवाई 32 दिन तक चली है, और यह इतनी शक्तिशाली, इतनी शानदार रही है कि सबसे शक्तिशाली देशों में शामिल देश अब वास्तव में कोई खतरा नहीं है। ट्रंप ने कहा, पिछले सप्ताह सैन्य बलों ने जबरदस्त जीत हासिल की हैं।



- युद्ध के बीच अपने पहले संबोधन में बोले- मुख्य रणनीतिक लक्ष्य पूरे होने के करीब
- कहा- समझौता नहीं हुआ तो दो से तीन सप्ताह में बेहद कड़ा प्रहार करेंगे, पाषाण युग में भेज देंगे

### ईरान बोला- इजराइल अमेरिका पर हमारी नजर

**तेहरान।** ईरान के सशस्त्र बलों के प्रमुख आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजराइल की गतिविधियों पर पल-पल नजर रखने के निर्देश दिए हैं। हतामी ने कहा कि यदि दुश्मन जमीनी कार्रवाई करता है तो एक भी व्यक्ति को जीवित नहीं बचेगा। यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान के खिलाफ तीन सप्ताह तक चलने वाले तीव्र सैन्य अभियान की घोषणा की है। वहीं विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका से संदेश मिलने के बावजूद बातचीत को लेकर भरोसा शून्य बना हुआ है।

### इजराइल-खाड़ी देशों पर हमले, ईरान का भी पुल उड़ाया

**दुबई।** ईरान ने गुरुवार को इजराइल और खाड़ी के अरब देशों पर और मिसाइलें दागकर यह संकेत दिया कि वह फिलहाल हमले नहीं रोकेगा जबकि राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान से खतरा लगभग खत्म हो चुका है और युद्ध जल्द खत्म हो जाएगा। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार रात ईरान के सबसे बड़े पुल को नष्ट करने की घोषणा की और तेहरान से कहा कि इससे पहले कि बहुत देर हो जाए वह समझौता कर ले।

# होर्मुज संकट पर भारत बोला- हम अकेले जिसने नाविक खोए

- भारत निर्बाध ऊर्जा पारगमन के लिए वैश्विक प्रयासों में हुआ शामिल
- 60 देशों की बैठक में विदेश सचिव ने स्पष्ट किया नई दिल्ली का रुख

नई दिल्ली/ लंदन, एजेंसी

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने गुरुवार को पश्चिम एशिया में संकट को हल करने के लिए कूटनीति की ओर लौटने का आह्वान किया। मिसरी ने ब्रिटेन में आयोजित 60 से अधिक देशों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अस्थिर होर्मुज के माध्यम से वैश्विक जहाजरानी मार्गों को सुरक्षित करना था।

ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य में की गई आंशिक नाकेबंदी के बीच मिसरी ने डिजिटल माध्यम से चर्चा में भाग लेते हुए क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय समुद्री परिवहन मार्गों की सुरक्षा पर नई दिल्ली का रुख स्पष्ट किया। इस आंशिक नाकेबंदी से वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के अनुसार, विदेश सचिव ने बैठक के दौरान संबोधन में अंतर्राष्ट्रीय जलमार्गों से निर्बाध आवागमन और नौवहन की स्वतंत्रता के सिद्धांतों के महत्व पर जोर दिया। मिसरी ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर संकट के प्रभाव और इस तथ्य पर बल दिया कि खाड़ी में व्यापारिक जहाजों पर हमलों में नाविकों को खोने वाला भारत एकमात्र देश है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, भारत के संदर्भ में, आप भली-भांति जानते हैं कि हम स्वतंत्र व खुले वाणिज्यिक जहाजरानी के साथ अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप समुद्री सुरक्षा के पक्षधर हैं।



जानकारी देते विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर।

### होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने का सैन्य विकल्प अवास्तविक : मैक्रों

**सियोल।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि उनका मानना है कि सैन्य अभियान के जरिए होर्मुज को फिर से खोलना अवास्तविक है। मैक्रों ने दक्षिण कोरिया में पत्रकारों से कहा, कुछ लोग सैन्य अभियान के जरिए बलपूर्वक होर्मुज को फिर से खोलने की वकालत करते हैं। अमेरिका ने कई बार यह रुख जाहिर किया है। सैन्य अभियान में बहुत समय लगेगा और हर एक को ईरानी खतरों का सामना करना पड़ेगा, जिनके पास बैलिस्टिक मिसाइलें और कई अन्य हथियार मौजूद हैं। बता दें कि ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा, जापान और यूएई समेत कई देशों ने एक साझा बयान पर हस्ताक्षर किए हैं

## छात्रवृत्ति से वंचितों को फिर मौका

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने छात्र-छात्राओं के हित में बड़ा फैसला लेते हुए छात्रवृत्ति से वंचित रह गए विद्यार्थियों को दूसरा मौका देने का निर्णय लिया है। योगी के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग जल्द ही शैक्षिक सत्र 2025-26 की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के लिए पोर्टल दोबारा खोलेगा। योजना का लाभ सामान्य वर्ग, एससी, एसटी के साथ-साथ ट्रांसजेंडर समुदाय के विद्यार्थियों को भी मिलेगा। समाज कल्याण विभाग के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी पोर्टल दोबारा खोला गया था। इस दौरान 53,041 छात्रों को 81.12 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान की गई।

## कोयला घोटाला : आई-पैक के अधिकारियों व विजय नायर के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

- आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संचार प्रभारी हैं विजय नायर

**नई दिल्ली।** ईडी ने बंगाल में कोयला घोटाला मामले में राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के एक अधिकारी, आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर गुरुवार को नए सिरे से छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि ये छापेमारी पीएमएलए के तहत बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु में आई-पैक के सह-संस्थापक और निदेशक ऋषि राज सिंह का परिसर और मुंबई में नायर का परिसर भी इसके दायरे में आते हैं। संघीय जांच एजेंसी ने जनवरी में इस मामले में आई-पैक कार्यालय और इसके संस्थापक एवं निदेशकों में से एक प्रतीक जैन के कोलकाता स्थित आवास पर छापेमारी की थी।

# एक्सप्रेस-वे का सफर महंगा टोल दरों में बढ़ोतरी लागू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में एक अप्रैल की रात 12 बजे से एक्सप्रेस-वे पर सफर महंगा हो गया है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने टोल दरों में बढ़ोतरी लागू कर दी है, जिसका असर आम वाहन चालकों से लेकर भारी वाहनों तक पर पड़ा है।

नई दरों के अनुसार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर दोपहिया, तीनपहिया और पंजीकृत ट्रैक्टर के टोल में 5 रुपये की वृद्धि की गई है। वहीं कार और जीप के लिए 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी भारी वाहनों पर हुई है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सात चक्के वाले बड़े वाहनों के टोल में 85 रुपये तक की वृद्धि की गई है। हल्के व्यावसायिक वाहनों के टोल में 20 रुपये, जबकि बस और ट्रक के लिए 50 रुपये तक बढ़ोतरी की गई है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बस-ट्रक के टोल में 15 रुपये और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर पांच रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा भारी निर्माण मशीनों और तीन से छह चक्के वाले वाहनों के टोल में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर 65 रुपये तक वृद्धि हुई है, जबकि अन्य एक्सप्रेस-वे पर पांच से 15 रुपये तक बढ़ोतरी लागू की गई है।




- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर भारी वाहनों के टोल में 85 रुपये तक वृद्धि

बदलाव | कारोबारी माहौल को और बेहतर बनाने के लिए छोटे-मोटे अपराध श्रेणी से होंगे बाहर

# जन विश्वास विधेयक संसद से मंजूर, 784 प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के कारोबारी माहौल को और बेहतर बनाने के लिए छोटे-मोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और उन्हें तर्कसंगत बनाने के वास्ते 79 केंद्रीय कानूनों के 784 प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव करने वाले जन विश्वास विधेयक को गुरुवार को संसद की मंजूरी मिल गई। राज्यसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा जवाब देने के बाद 'जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2026' को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। लोकसभा में यह विधेयक एक दिन पहले पारित हुआ था।



गोयल ने कहा कि जन विश्वास विधेयक का उद्देश्य भरोसे की एक संस्कृति बनाना है और विश्वास की संस्कृति भय के आधार पर नहीं, बल्कि विश्वास के आधार पर बनेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रस्तावित कानून को इसी सोच के साथ लाया जा रहा है कि विश्वास के साथ विकसित भारत बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कानून में सबसे बड़ा यह प्रावधान किया गया है कि यह आपको सुधरने का मौका देता है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले देश में करीब 500 स्टार्टअप थे और आज इनकी संख्या तीन लाख से अधिक हो चुकी है। इन स्टार्टअप के संचालक युवाओं से छोटी-मोटी गलतियां हो सकती हैं लेकिन हमें उन्हें इनके लिए सजा देने के बजाय उन्हें आगे बढ़ने का मौका देना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की जनता का विश्वास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर और प्रधानमंत्री मोदी का भरोसा 140 करोड़ देशवासियों पर है और यही इस कानून का आधार है। मंत्री ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा, इस कानून में कई ऐसे प्रावधान हैं, जिनमें छोटी-मोटी गलती होने पर पहले चेतावनी दी जाएगी। दूसरी बार, गलती की तो दंड लगेगा और फिर यदि कुछ और गंभीर गलती करते हैं तो तीसरी बार दंड बढ़ जाएगा और अदालती कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा। मंत्री ने कहा कि इसे चरणबद्ध कार्रवाई कहा जाता है और इससे व्यक्ति को सुधरने का मौका मिलेगा। गोयल ने कहा, एक संशोधन ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट में लाया गया है।

### इन अधिनियम में संशोधन प्रस्तावित

इस विधेयक में भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934, बीमा अधिनियम, और पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम में भी संशोधन प्रस्तावित हैं. इसके अतिरिक्त, कोयला खान भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, पेटेंट अधिनियम, विधिक माप विज्ञान अधिनियम, छावनी अधिनियम 2006, औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, फार्मेसी अधिनियम, 1948, दिल्ली पुलिस अधिनियम, विद्युत अधिनियम, और रेलवे अधिनियम में भी परिवर्तन प्रस्तावित किए गए हैं।

न्यूज ब्रीफ

## वाराणसी में 'सम्राट विक्रमादित्य' महानाट्य का मंचन आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार से दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे, जहां वे केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ 'सम्राट विक्रमादित्य' महानाट्य का शुभारंभ करेंगे। बीएलडब्ल्यू मैदान में 3 से 5 अप्रैल तक आयोजित इस महानाट्य का उद्देश्य भारत के गौरवशाली इतिहास, विक्रम संवत की वैज्ञानिकता और प्राचीन परंपराओं से जनमानस को जोड़ना है। करीब 1 घंटे 45 मिनट की प्रस्तुति में 175 से अधिक कलाकार भाग लेंगे। इस अवसर पर बाबा विश्वनाथ को वैदिक घड़ी समर्पित की जाएगी, जो भारतीय काल गणना की परंपरा को आधुनिक स्वरूप में प्रस्तुत करेगी। आयोजन स्थल पर ज्ञानवर्धक प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार शाम कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह आयोजन उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है।

## जगजीवन राम की जयंती 'समता दिवस' के रूप में मनाएगी कांग्रेस



प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस पार्टी पूर्व केंद्रीय नेता बाबू जगजीवन राम की जयंती (5 अप्रैल) को 'समता दिवस' के रूप में मनाएगी। इसके तहत 4 अप्रैल को लखनऊ स्थित कांग्रेस कार्यालय में संगोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मीरा कुमार शामिल होंगी। कार्यक्रम की जानकारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिसके लिए बाबू जगजीवन राम का योगदान देश के इतिहास में महत्वपूर्ण रहा है। इस दौरान अजय राय ने भाजपा सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है और सरकार वास्तविक स्थिति को छुपा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि आने वाले समय में हालात और गंभीर हो सकते हैं। आईएएस रिंकू सिंह राही के इस्तीफे के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जो अधिकारी गलत कार्य नहीं करना चाहते, वे पद छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। साथ ही स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इसे नहीं रोका गया तो कांग्रेस प्रदेशभर में आंदोलन और घेराव करेगी।

# मदरसों में मिड-डे-मील में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण की निदेशक ने सभी जिलाधिकारियों को भेजा पत्र

**अमृत विचार :** राज्य सरकार से अनुदानित मदरसों में संचालित मिड-डे मील योजना में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कराई जाएगी।

इस संबंध में मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण की निदेशक मोनिका रानी ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर समग्र जांच कराने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई अखिल भारतीय पसमांदा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजीनियर मो. तलहा अंसारी की शिकायत के आधार पर की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रदेश के 558 अनुदानित मदरसों में मिड-डे मील योजना के संचालन में व्यापक स्तर पर अनियमितताएं हो रही हैं।

निदेशक ने जिलाधिकारियों से कहा है कि शिकायत में उल्लिखित बिंदुओं की गंभीरता से जांच कर तथ्यों के आधार पर विस्तृत आख्या शासन को भेजी जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरी हो, ताकि योजना का लाभ पात्र छात्रों तक सही तरीके से पहुंच सके। निर्देश के बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। माना जा रहा है कि जांच के दौरान मदरसों के संचालन, खाद्यान्न वितरण, उपस्थिति रजिस्टर और वित्तीय लेनदेन की गहन पड़ताल की जाएगी।

# बांग्लादेश से आए 331 हिंदू परिवारों को मिला ठिकाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखीमपुर की तीन तहसीलों के चार गांवों में बसाए गए परिवार खेती के लिए दी गई जमीन
- पीएम आवास, किसान सम्मान निधि समेत कई योजनाओं का मिल रहा लाभ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बांग्लादेश से विस्थापित होकर आए 331 हिंदू परिवारों को लखीमपुर खीरी जिले की विभिन्न तहसीलों में बसाकर उन्हें स्थायी जीवन का आधार दिया गया है। इन परिवारों का पुनर्वास धौरहरा, मोहम्मदी और गोला तहसील के चार गांवों में किया गया है, जहां वे अब स्थायी रूप से निवास कर रहे हैं।

प्रशासन के अनुसार, धौरहरा तहसील के सुजानपुर गांव में 97 परिवार, मोहम्मदी तहसील के मोहनपुर ग्रन्ट में 41 और मियांपुर में 156 परिवारों को बसाया गया है, जबकि गोला तहसील के ग्रन्ट नंबर-3 में 37 परिवारों को आवास उपलब्ध कराया गया है। इन परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि भूमि भी आवंटित की गई है। गोला तहसील में प्रति परिवार लगभग 3 एकड़ जमीन दी गई, जबकि सुजानपुर में परिवारों को औसतन 0.607 से 1.620 हेक्टेयर भूमि मिली। मोहम्मदी तहसील में परिवारों को 3 से 7 एकड़ तक जमीन का पट्टा दिया गया है। वहीं मियांपुर में प्रत्येक परिवार को औसतन 4.75 एकड़ भूमि दी गई है, जिससे वे खेती कर आजीविका चला रहे हैं।

इन परिवारों को केवल जमीन ही नहीं, बल्कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से भी जोड़ा गया है। पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, पेंशन योजनाएं और सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ मिल रहा है। इसके अलावा गांवों में राशन वितरण, टीकाकरण, मनरेगा, मिड-डे मील, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि सभी 331 परिवारों को व्यवस्थित रूप से बसाया गया है और उन्हें कृषि भूमि के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर जीवन जी सकें।

# कांग्रेस ने वंदे मातरम का किया था विरोध

## स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री बोले- आकाशवाणी बना जनजागरण का मजबूत माध्यम, आज भी जनविश्वास का प्रतीक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आकाशवाणी ने आजादी की लड़ाई और जनजागरण का अहम भूमिका निभाई। उन्होंने वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई के इस मंत्र को लेकर 1924 में कांग्रेस के अधिवेशन में मो. अली जौहर ने विरोध किया। 13 साल बाद कांग्रेस ने वंदे मातरम के पहले दो छंद गाए जाने का निर्णय लिया। आकाशवाणी लखनऊ में 'वंदे मातरम' का 1938 से नियमित प्रसारण हो रहा है।

मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को आईजीपी में आकाशवाणी लखनऊ के 89वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पद्म पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों और आकाशवाणी के वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों को सम्मानित भी किया। योगी ने कहा कि आकाशवाणी ने हमेशा निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा के साथ देश को दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जहां आज मीडिया पर कई तरह के सवाल उठते हैं, वहीं आकाशवाणी ने कभी पीत पत्रकारिता का सहारा नहीं लिया और "जो जैसा है, वैसा" प्रस्तुत करने का साहस दिखाया। योगी ने अपने बचपन को याद करते हुए कहा कि उस समय स्मार्टफोन या टीवी नहीं थे और देश-दुनिया की जानकारी का सबसे भरोसेमंद माध्यम आकाशवाणी ही था। उन्होंने कहा कि स्कूलों में भी भाषा को शुद्ध करने के लिए आकाशवाणी सुनने की सलाह दी जाती थी, क्योंकि इसके उद्घोषकों की भाषा और प्रस्तुति आदर्श मानी जाती थी।

उन्होंने कहा कि आकाशवाणी ने हिंदी के साथ-साथ भोजपुरी, अवधी, गढ़वाली और कुमाऊंनी जैसी बोलियों के माध्यम से समाज को जोड़ने का काम किया। यह केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और लोककलाओं के संरक्षण का सशक्त मंच रहा है। सीएम ने कहा कि आकाशवाणी देश के अनेक ऐतिहासिक पड़ावों, स्वतंत्रता आंदोलन, आपातकाल और सांस्कृतिक आंदोलनों का साक्षी रहा है।

आज भी प्रधानमंत्री के 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों के जरिए यह समाज को प्रेरित करने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि बदलते समय के साथ आकाशवाणी नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेगा और युवाओं, किसानों, कलाकारों व साहित्यकारों के लिए मजबूत मंच बना रहेगा।

कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन, कार्यक्रम प्रमुख सुमोना पांडेय आदि की मौजूदगी रही। संचालन आत्म प्रकाश मिश्र ने किया।




आकाशवाणी लखनऊ के 89वें स्थापना दिवस पर पद्म पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों और वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

## मुख्यमंत्री ने पद्म विभूतियों और वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकाशवाणी लखनऊ के 89वें स्थापना दिवस पर पद्म पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों और वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ये सम्मान केवल व्यक्तियों का नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति उनके योगदान का है। उन्होंने वरिष्ठ प्रसारकों को "नींव के पत्थर" बताते हुए कहा कि इन्हीं के प्रयासों से आकाशवाणी जैसी संस्थाएं मजबूत बनी हैं। मेरा सौभाग्य है कि 88 वर्ष की शानदार यात्रा के समारोह में पद्म पुरस्कार से सम्मानित होने वाली यूपी की विभूतियों और आकाशवाणी के कार्यक्रमों में प्रस्तुतियां या संवर्धन देने वाले विभूतियों को सम्मानित करने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम में साहित्यकार विद्या बिंदु सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पं. हृदय नारायण दीक्षित (सम्मान उनके परिजनों ने ग्रहण किया), प्रो. सोनिया नित्यानंद, लोकगायिका मालिनी अवस्थी, पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा, रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी, प्रगतिशील किसान रामशरण वर्मा, चिकित्सक डॉ. सुनील प्रधान सहित कई विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. केके ठकराल, प्रो. नवजीवन रस्तोगी, प्रो. शादाब मोहम्मद, एथलीट सुधा सिंह और एसएस सरकार को भी सम्मान मिला।

मुख्यमंत्री ने आकाशवाणी के वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों सुशील रॉबर्ट बनर्जी, सतीश कुमार ग्रोवर, यज्ञदेव पंडित, विजय कुमार बनर्जी, रज्जन लाल, नवनीत मिश्र, भोलानाथ और केवल कुमार को भी सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आकाशवाणी ने दशकों तक समाज को जोड़ने, जागरूक करने और भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। ऐसे में इससे जुड़े कर्मयोगियों का सम्मान समाज के प्रति सम्मान व्यक्त करने जैसा है।

# रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म से यूपी बना निवेश का केंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सिंगापुर के उच्चायुक्त ने योगी से की मुलाकात, निवेश पर सहमति
- सिंगापुर का औद्योगिक प्रतिनिधिमंडल जल्द करेगा यूपी का दौरा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुरुवार को भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच निवेश, कौशल विकास, आधारभूत संरचना और सांस्कृतिक सहयोग को और मजबूत बनाने पर सहमति बनीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के मंत्र के साथ तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर और लॉजिस्टिक्स हब निवेशकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

उच्चायुक्त वोंग ने मुख्यमंत्री की हालिया सिंगापुर यात्रा को सफल बताते हुए कहा कि सिंगापुर सहित आसपास के देशों का औद्योगिक जगत अब यूपी को निवेश के नए अवसरों के केंद्र के रूप में देख रहा है। उन्होंने प्रदेश में बीते वर्षों में कानून-व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास में हुए सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि सिंगापुर की कंपनियां यहां निवेश बढ़ाने की दिशा में सक्रिय हैं। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि सिंगापुर का एक बड़ा औद्योगिक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही उत्तर प्रदेश का दौरा करेगा और निवेश संभावनाओं का आकलन करेगा।

### पर्यटन और औद्योगिक क्षेत्रों में सहयोग पर जोर

दोनों पक्षों ने कुशीनगर और सारनाथ जैसे बौद्ध पर्यटन स्थलों की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए पर्यटन क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने पर भी सहमति जताई। साथ ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा, झांसी और वाराणसी समेत विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को आगे बढ़ाने की बात कही गई।



मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करते सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वांग।

# महाविद्यालयों में शोध और नामांकन बढ़ाएं : राज्यपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ विवि से संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों संग की समीक्षा



**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए शोध, प्रकाशन और नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को पुस्तक लेखन के लिए प्रोत्साहित किया जाए और संस्थानों में शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाया जाए।

वे गुरुवार को जन भवन स्थित गांधी सभागार में लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध शासकीय एवं वित्त पोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रही थीं। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्यमंत्री रजनी तिवारी भी मौजूद रहीं। बैठक में 17 शासकीय और 33 वित्त पोषित महाविद्यालयों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें फैकल्टी, शोध, एमओयू, खेल गतिविधियां, नामांकन, प्लेसमेंट, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं और छात्रवृत्ति जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

## अलीगढ़ में किसान की मधुमक्खियों के हमले से मौत

**हाथरस, एजेंसी:** अलीगढ़ जिले में इगलास कोतवली क्षेत्र के कैमाबली गांव में गुरुवार को मधुमक्खियों के हमले में एक किसान की मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक कैमाबली गांव में किसान मनोहर लाल (55) दोपहर अपने खेत में परिवार के लोगों के साथ काम कर रहे थे तभी एक पेड़ से मधुमक्खियां के एक झुंड ने उनपर हमला बोल दिया।

पुलिस के अनुसार लोगों ने जैसे-तैसे मनोहर लाल के ऊपर से मधुमक्खियां के झुंड को हटाया, लेकिन तब तक वह बेहोश हो गए। पुलिस के मुताबिक परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गये जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# बिजली से जुड़ी उपभोक्ता सेवाएं 16 घंटे रहेंगी बंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। पावर कॉर्पोरेशन की आईटी सेल की ओर से जारी सर्कुलर के अनुसार, राज्य में तीन अप्रैल रात 10 बजे से चार अप्रैल दोपहर दो बजे तक कुल 16 घंटे के लिए बिजली से जुड़ी सभी उपभोक्ता सेवाएं बंद रहेंगी। इस दौरान न तो ऑनलाइन और न ही ऑफलाइन माध्यम से बिजली बिल जमा किया जा सकेगा। साथ ही, प्रीपेड मीटर उपभोक्ता भी अपना मीटर रिचार्ज नहीं कर पाएंगे।

आईटी सेल के अधीक्षण अभियंता अरविंद सिंह ने यह सर्कुलर पूर्वांचल (वाराणसी), मध्यांचल (लखनऊ), पश्चिमांचल (मेरठ), दक्षिणांचल (आगरा) और केस्को (कानपुर) डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को भेजा है। सर्कुलर में बताया गया है कि इस अवधि में आरएमएस बिलिंग प्रणाली का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। जिसके चलते उपभोक्ता पोर्टल और यूपीपीसीएल कंज्यूमर ऐप पूरी तरह से बंद रहेंगे। ऐसे में जिन उपभोक्ताओं के प्रीपेड मीटर में बैलेंस कम है, उन्हें सलाह दी गई है कि वे शुक्रवार से पहले ही रिचार्ज कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

# चुनाव आयोग की भूमिका संदिग्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा प्रमुख ने यूपी उपचुनाव में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई न होने का लगाया आरोप

**अमृत विचार:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि आयोग भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल और असम में चल रहे चुनावों में आयोग की भूमिका संदेह के घेरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपी उपचुनाव में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ शिकायतों पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है।

सपा मुख्यालय में गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि बंगाल में डीजीपी सहित कई बड़े अधिकारियों को हटाया गया, जबकि उत्तर प्रदेश में 2022 के चुनाव के दौरान ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपी के उपचुनाव में जिन अधिकारियों ने गड़बड़ी की थी, उनके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अखिलेश यादव ने कहा कि बंगाल और असम के चुनाव समाप्त होने के बाद भाजपा के नेता उत्तर प्रदेश आएंगे, लेकिन इस बार प्रदेश में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अच्छे दिन का वादा किया था, लेकिन जनता को उसका लाभ नहीं मिला। आईएएस रिंकू सिंह राही के इस्तीफे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है और ऐसे हालात में सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सिलेंडर संकट के पीछे भी भाजपा से जुड़े लोग हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा भी पूरा नहीं हुआ और किसान अपनी उपज का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



सपा प्रमुख अखिलेश यादव।






बढ़ते कदम | बीते वित्तीय वर्ष में लखनऊ रेल मंडल ने दर्ज की कई उपलब्धियां

# ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग से यात्री सुविधाओं तक तेज विकास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने रेल संचालन में आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए 51.02 रूट किमी पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग (एबीएस) सफलतापूर्वक स्थापित की है।

बताया कि यह प्रणाली ट्रैक को छोटे-छोटे ब्लॉकों में विभाजित कर ट्रेनों की स्थिति का स्वतः पता लगाती है। जैसे ही कोई ट्रेन किसी ब्लॉक में प्रवेश करती है, पीछे का सिग्नल स्वतः लाल हो जाता है और ट्रेन के आगे बढ़ने पर क्रमशः पीला और हरा हो जाता है। इससे ट्रेनों के बीच सुरक्षित दूरी बनी रहती है और दुर्घटनाओं, विशेषकर रियर-एंड टक्कर की संभावना कम होती है। इस प्रणाली के कारण एक ही ट्रैक पर अधिक ट्रेनों का संचालन संभव हुआ है, जिससे लाइन क्षमता बढ़ी है और रेल यातायात अधिक सुगम बना है। इसके साथ ही गोरखपुर से लखनऊ मार्ग पर अगले वर्ष तक एबीएस प्रणाली पूरी हो जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि बादशाहनगर, ऐशबाग और गोण्डा जैसे प्रमुख केंद्रों का नवीनीकरण किया गया है। ऐशबाग स्टेडियम में हाई मास्ट लाइटिंग लगाई गई, जिससे अब दिन-रात खेल गतिविधियां संभव हैं। लखनऊ जंक्शन और कैबवे का सौंदर्यीकरण तथा आधुनिकीकरण भी किया गया है।

डिजिटल सुविधाओं को बढ़ावा देते हुए 34 स्टेशनों पर 80 एटीवीएम लगाए गए हैं। रेलवन ऐप के माध्यम से टिकट बुकिंग, पीएनआर स्टेटस, भोजन ऑर्डर जैसी सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। अनारक्षित टिकट पर 3 प्रतिशत छूट जैसी सुविधाएं यात्रियों को आकर्षित कर रही हैं।

### अमृत भारत स्टेशन योजना में तेजी

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कई स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री की ओर से मण्डल के स्टेशनों (सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, स्वामी नारायण छपिया, रामघाट हाल्ट, गोला गोकरननाथ, मैलानी जं.) का लोकार्पण किया गया। साथ ही 4 स्टेशनों (लखीमपुर, तुलसीपुर, खलीलाबाद, लखनऊ सिटी) का लोकार्पण जल्द प्रस्तावित है। कुल 21 स्टेशन स्वीकृत है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास के लिए चयनित : सिद्धार्थनगर, बढ़नी, तुलसीपुर, बलरामपुर, स्वामी नारायण छपिया, रामघाट हाल्ट, डालीगंज, लखनऊ सिटी, ऐशबाग, बादशाहनगर, मगहर, बस्ती, खलीलाबाद, सीतापुर, लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, आनन्दनगर, गोण्डा जं., गोरखपुर जं., गोमतीनगर, मैलानी जं. है।

### नई ट्रेनों का संचालन और विस्तार

मंडल ने कई नई ट्रेनों का संचालन शुरू किया है, जिनमें वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनें शामिल हैं। साथ ही कई ट्रेनों का विस्तार कर यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान की गई है। त्योहारों के दौरान 5427 विशेष ट्रेनों का संचालन भी किया गया।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और विद्युतीकरण में प्रगति

लखनऊ मंडल ने 40.47 ट्रैक किमी का विद्युतीकरण पूरा किया है। इसके अलावा नई और अतिरिक्त रेल लाइनों का निर्माण तेजी से चल रहा है। गोरखपुर-बाराबंकी खंड पर सुरक्षा फेंसिंग पूरी हो चुकी है। गोंडा डिपो में 1964 वैगनों की ओवरहॉलिंग कर नया रिकॉर्ड बनाया गया, जो मंडल की तकनीकी दक्षता को दर्शाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### उत्तराखंड पुलिस राष्ट्रपति पुलिस कलर से अलंकृत

**देहरादून, अमृत विचार :** उत्तराखंड पुलिस को 'राष्ट्रपति पुलिस कलर' से अलंकृत किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शासकीय आवास में भेंट कर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दीपम सेठ ने उन्हें यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इस प्रसन्नता जताते हुए इसे राज्य के इतिहास का 'स्वर्णिम और गौरवपूर्ण अध्याय' बताया है। सीएम ने कहा कि उत्तराखंड के लिए यह क्षण केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि गौरव, परंपरा और अदम्य सेवा भावना का जीवंत प्रमाण बनकर सामने आया है।

### खूंखार भालू ने बोला हमला, 3 लोग घायल

**देहरादून, अमृत विचार :** चंबा-धरासू मोटर मार्ग स्थित सुल्याधार के नीचे थापली तोक में गुरुवार को एक खूंखार भालू के हमले से क्षेत्र में दहशत फैल गई। भालू ने ग्राम प्रधान सहित तीन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। ग्राम प्रधान बेरगणी युद्धवीर सिंह रावत, फॉरेस्टर अजयपाल पंवार तथा ग्रामीण विनोद सिंह रावत भालू की गतिविधियों का निरीक्षण करने मौके पर पहुंचे थे। इसी दौरान पहले से मौजूद भालू ने अचानक उन पर हमला कर दिया।

### नैनी झील का जलस्तर 3 फीट से नीचे पहुंचा



**नैनीताल, अमृत विचार :** सरोवर नगरी नैनीताल की पहचान मानी जाने वाली विश्व प्रसिद्ध नैनी झील इन दिनों गंभीर जल संकट की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। मौसम की बेरुखी, कम बारिश और सर्दियों में पर्याप्त बर्फबारी न होने के कारण झील का जलस्तर तेजी से घट रहा है। हालात यह हैं कि झील का जलस्तर 3 फीट से भी नीचे पहुंच गया है, जो बीते पांच वर्षों में सबसे न्यूनतम स्तर माना जा रहा है।

### मऊ में बेटे ने पिता की पीट-पीटकर हत्या की

**मऊ, एजेंसी :** जिले में गुरुवार को एक व्यक्ति ने अपने पिता की कथित तौर पर लाठी से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना घोसी क्षेत्र के अंतर्गत इंदरपुर गांव में हुई। आरोपी की पहचान हरिकेश के रूप में हुई है, जिसने सुबह करीब चार बजे घर पर अपने पिता बसाऊ (50) पर हमला किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी मानसिक रूप से अस्थिर बताया जा रहा है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का दौरा कर साक्ष्य एकत्र किए हैं। क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

### श्रद्धालुओं से भरी ट्रॉली पलटी, तीन की मौत

**कुशीनगर, एजेंसी :** जिले में श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली के पलट जाने और गंडक नहर में गिर जाने से तीन महिलाओं की मौत हो गई और लगभग 18 व्यक्ति घायल हो गए। घटना बुधवार की रात करीब आठ बजे खड्डा थाना क्षेत्र के टोला सिसवा के पास हुई, जब लगभग 25 श्रद्धालुओं को ले जा रही ट्रॉली पलटकर नहर में गिर गई। श्रद्धालु चैत्र रामनवमी वर्णी मेले में शामिल होने के लिए जा रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई।

## लेटे हुए हनुमान जी



प्रयागराज में गुरुवार को श्री बड़े हनुमान जी मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर लोग वीर हनुमान जी की पूजा-अर्चना करते हुए। ● एजेंसी

### जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने लोगों की सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

# जरूरतमंद को आवास, बीमार का होगा इलाजः योगी

● समस्या के समयबद्ध व संतुष्टिपरक निस्तारण के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को आवास और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया।

जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से सीधे संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने उनके प्रार्थना पत्र लिए और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस से जुड़े मामलों में सख्त और त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। एक महिला द्वारा आवास की समस्या रखने पर मुख्यमंत्री ने उसे सरकारी योजना के तहत आवास दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं इलाज के लिए सहायता मांगने वालों से कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंदों के इलाज का इस्टीमेट शीघ्र तैयार कर सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट देकर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित भी किया।



गोरखनाथ मंदिर में लोगों से मुलाकात कर समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी।

### सिंगापुर के उच्चायुक्त ने योगी से की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ।** सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश और सिंगापुर के मध्य निवेश, कौशल विकास, आधारभूत संरचना तथा सांस्कृतिक सहयोग को और सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई। वोंग ने फरवरी में मुख्यमंत्री की सिंगापुर यात्रा को सफल बताते हुए कहा कि उनकी यात्रा ने सकारात्मक संदेश दिया है।

# हनीट्रैप व ब्लैकमेलिंग की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक: हाईकोर्ट

### इस प्रकार का गिरोह चलाने वालों के खिलाफ पुलिस को जांच के निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कथित हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग से जुड़े एक मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मेरठ जोन के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) को जांच कराने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज के लिए चिंतनीय तथा खतरनाक स्थिति को दर्शाती हैं। महिलाओं का इस्तेमाल करके निर्दोष लोगों को हनी-ट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल करने वाले ऐसे गिरोह की मौजूदगी समाज में एक हानिकारक स्थिति को उजागर करती है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जेजे मुनीर व न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने बिजनौर की फौजिया एवं चार अन्य द्वारा दाखिल याचिका को वापस लेने की शर्त पर खारिज कर दिया।

मामले के अनुसार याची/महिला ने व्हाट्सऐप के माध्यम से संपर्क कर कथित रूप से पीड़ित को हनीट्रैप में फंसाया। होटल में संबंध बनाकर उसके वीडियो क्लिप



गुप्त रूप से रिकॉर्ड किए और बाद में ब्लैकमेल कर लाखों रुपये की मांग की। पीड़ित पर 10 लाख रुपये की मांग का दबाव बनाया गया, जिसे आठ लाख रुपये में निपटाने की बात कही गई। पीड़ित को एक स्थान पर बुलाया गया जहां पहले से दो पुलिसकर्मी मौजूद थे, जिनकी मुख्य आरोपी के साथ मिलीभगत थी। हालांकि पीड़ित ने पैसे नहीं दिए और पुलिस को खबर कर दी। कोर्ट ने उपरोक्त स्थिति को चिंताजनक बताते हुए कहा कि यदि इस प्रकार के अपराधों पर प्रभावी रोक नहीं लगाई गई तो सभ्य समाज में सुरक्षित जीवन कठिन हो जाएगा। अदालत ने मेरठ जोन के आईजी को निर्देश दिया कि वे सभी जिलों के पुलिस प्रमुखों को सतर्क करते हुए ऐसे किसी गिरोह के सक्रिय होने की जांच कराएं और कड़ी निगरानी सुनिश्चित करें। कोर्ट ने इस आदेश की प्रति प्रदेश के पुलिस महानिदेशक के साथ मेरठ जोन के आईजी तथा राज्य के गृह विभाग को अनुपालन हेतु भेजने के निर्देश भी दिए।

### पारिवारिक दायित्वों का हवाला देकर पति भरण-पोषण के दायित्व से बच नहीं सकता

**विधि संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पत्नी और नाबालिग पुत्र के भरण-पोषण में की गई वृद्धि को सही ठहराते हुए पति द्वारा दाखिल आपराधिक पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी। कोर्ट का मानना है कि पारिवारिक दायित्वों का हवाला देकर पति अपनी पत्नी के भरण-पोषण की प्राथमिक कानूनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकता। यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकलपीठ ने परिवार न्यायालय, इटावा के 20 दिसंबर 2025 के फैसले को चुनौती देने वाली अजय वर्मन की याचिका को खारिज करते हुए दिया। परिवार न्यायालय ने पत्नी का भरण-पोषण 3,500 रुपये से बढ़ाकर 8,000 रुपये प्रतिमाह तथा नाबालिग पुत्र का 1,500 रुपये से बढ़ाकर 4,000 रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया था। याची/पति ने तर्क दिया कि वह रेलवे में ग्रुप-डी कर्मचारी है और लगभग 55,000 रुपये मासिक आय में वृद्ध माता-पिता तथा अन्य पारिवारिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करता है, इसलिए बढ़ाई गई राशि अत्यधिक और उसकी भुगतान क्षमता से अधिक है। कोर्ट ने रिकॉर्ड का अवलोकन करने के बाद पाया कि परिवार न्यायालय ने पति की आय, पक्षकारों की सामाजिक स्थिति और पत्नी-पुत्र की आवश्यकताओं सहित सभी प्रासंगिक तथ्यों पर विचार कर ही भरण-पोषण राशि बढ़ाई है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भरण-पोषण का उद्देश्य पत्नी को दरिद्रता से बचाना और उसे सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना है, जो सामाजिक कल्याण की भावना से जुड़ा प्रावधान है। इस पर कोर्ट ने कहा कि लगभग 55,000 रुपये मासिक आय वाले पति के लिए निर्धारित राशि का भुगतान असंभव नहीं माना जा सकता।

# नोएडा में डेटिंग एप के नाम पर ब्लैकमेल गैंग का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

● सभी आरोपी अलग-अलग राज्यों के, किराए के मकान में रहते थे

नोएडा, एजेंसी

नोएडा सेक्टर-126 थाना पुलिस ने ऑनलाइन डेटिंग एप के माध्यम से लोगों को फंसाकर ब्लैकमेल और धन उगाही करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक डायमंड सॉलिटेयर, एक सोने की चेन और चौदह हजार रुपये से अधिक नकद बरामद किए हैं।

गुरुवार को जानकारी देते पुलिस ने बताया कि, सेक्टर 126 थाना पुलिस द्वारा ळलोकल इंटेलिजेंस की सहायता से की गई कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुशांक सिंह, प्रदीप, रोहित कुमार और वासु के रूप में हुई है। सभी आरोपी अलग-अलग राज्यों के रहने वाले हैं और नोएडा क्षेत्र में किराए के मकानों में रहकर अपराध को अंजाम दे रहे थे। जांच एवं पूछताछ में सामने आया कि आरोपी फर्जी आधार कार्ड के जरिए किराए पर कमरा लेते थे और अपनी असली पहचान छिपाते थे। इसके बाद ये लोग विभिन्न ऑनलाइन डेटिंग ऐप पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों से संपर्क करते थे। जब कोई व्यक्ति मिलने के लिए तैयार होता, तो उसे अपने किराए के ठिकाने पर बुलाया जाता। वहां आरोपी पीड़ित को आपत्तिजनक स्थिति में फंसाकर उसके फोटो और वीडियो बना लेते थे। इसके बाद उन तस्वीरों को वायरल करने और परिवारजनों को भेजने की धमकी देकर पीड़ित से मोटी रकम वसूली जाती थी।

कई मामलों में आरोपी पीड़ितों से नगद पैसे के अलावा उनके सोने-चांदी के आभूषण भी छीन लेते थे। इस तरह यह गिरोह संगठित रूप से ब्लैकमेलिंग, जबरन वसूली और लूट जैसी वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी चोरी के मोबाइल फोन और सिम कार्ड का इस्तेमाल करते थे, जिससे उनकी पहचान ट्रेस करना मुश्किल हो जाता था।

### ट्यूबवेल के खुले गड्ढे में गिरने से 10 वर्षीय बालक की मौत

**बागपत, एजेंसी:** जिले के बड़ौत नगर में ट्यूबवेल के खुले गड्ढे में गिरने से 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध जताया है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना बड़का रोड क्षेत्र में बुधवार शाम हुई। मृत लड़के के परिजनों ने गुरुवार को बताया कि इरशाद (10) खेलते समय ट्यूबवेल के गहरे गड्ढे में गिर गया जिसके बाद लोगों ने उसे बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर पालिका की भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा था और वहां एक विवाह मंडप का निर्माण कार्य चल रहा था।

लोगों का कहना है कि निर्माण के दौरान ट्यूबवेल का गड्ढा खुला छोड़ दिया गया था और सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए थे, जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और लोगों ने जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने निर्माणाधीन विवाह मंडप की वैधता की जांच की भी मांग उठाई।

# फाइनेंस कंपनी के एमडी ने दी धमकी डायरेक्टर पत्नी लेकर पहुंची पिस्टल

● रुद्रपुर का मामला, खाताधारक से भी एमडी ने की धक्का-मुक्की

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आवास विकास स्थित एक निजी फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक महिला खाताधारक ने कंपनी के एमडी पर बंधक बनाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। मामला तब और गरमा गया जब एमडी की पत्नी, जो कंपनी की डायरेक्टर भी हैं, कथित तौर पर कमर में पिस्टल लगाकर मौके पर पहुंच गईं और खाताधारक को धमकाने लगीं।

जानकारी के अनुसार, रेशमा नाम की एक महिला अपने गारंटर के साथ संपूर्ण जीवन धन निधि कंपनी के कार्यालय पहुंची थी। आरोप था कि मात्र 20 हजार रुपये के लोन पर उन्हें 1.20 लाख रुपये का नोटिस थमाया गया है। इसी बात पर विवाद शुरू हुआ, जिसके बाद महिला ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि इस दौरान कंपनी के एमडी ने धक्का-मुक्की की और गोली मारने की धमकी दी। थोड़ी देर में एमडी की पत्नी भी असलहे के साथ वहां पहुंच गईं, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। पुलिस दोनों पक्षों को आवास विकास चौकी ले आई।




खाताधारक से बहस करती कंपनी की डॉयरेक्टर। ● अमृत विचार

# यूपी के विधायक पुत्र ने दिखाई धौंस, कार सीज

● फतेहपुर की जहानाबाद सीट से विधायक राजेंद्र पटेल का बेटा है राहुल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले से भाजपा विधायक के बेटे को नैनीताल की माल रोड पर वीआईपी कल्चर दिखाना महंगा पड़ गया। यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए हूटर बजाने और एसडीएम से अभद्रता करने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए उसकी फॉर्च्यूनर कार को सीज कर दिया।

जानकारी के अनुसार, फतेहपुर की जहानाबाद सीट से विधायक राजेंद्र पटेल का बेटा राहुल पटेल परिवार के साथ नैनीताल घूमने आया था। माल रोड पर जाम के दौरान उसने बिना किसी आपात स्थिति के लगातार कार का हूटर बजाना शुरू कर दिया। संयोगवश, उसी समय मौके पर मौजूद एसडीएम की नजर इस पर पड़ी तो उन्होंने वाहन रुकवाकर हूटर बजाने का कारण पूछा, तो विधायक पुत्र अपनी गलती मानने के बजाय उल्टा बहस करने लगा। आरोप है कि उसने रौब दिखाते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के नाम की हनक दिखा दबाव बनाने की कोशिश की। कुछ देर तक सड़क पर हंगामे जैसी स्थिति बन गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तत्काल पुलिस को मौके पर बुलाया। जांच में वाहन के आवश्यक दस्तावेज भी मौके पर उपलब्ध नहीं पाए गए। इसके बाद पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान काटते हुए फॉर्च्यूनर को सीज कर दिया। अब वही विधायक पुत्र अपनी गाड़ी छुड़वाने के लिए कचहरी के चक्कर काटता नजर आया।



नैनीताल में एसडीएम से उलझता विधायक पुत्र व अन्य। ● अमृत विचार

## आयोजन

### विनय कटियार, बजरंग दल के पूर्व संयोजक जय भान सिंह समेत 150 साधु संत बने साक्षी

# बजरंगियों ने हनुमान मंदिर पर किया धर्म ध्वजारोहण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर परिसर के परकोटे के दक्षिणी भुजा के मध्य स्थित हनुमान मंदिर के शिखर पर हनुमान जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को धर्म ध्वजा का आरोहण किया गया। 19 फिट, सात इंच के ध्वज दंड पर आरोहण से पहले नौ फिट तीन इंच लंबा और चार फिट सात इंच चौड़े धर्म ध्वज का वैदिक आचार्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन किया।

हनुमान मंदिर के शिखर पर शुभ मुहूर्त में सुबह करीब 11 बजे ध्वज आरोहण होते ही पूरा मंदिर परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। साधु-संतों ने कहा कि हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण होना अत्यंत शुभ और



भावनात्मक क्षण है। समारोह बजरंग दल के संस्थापक व पूर्व सांसद विनय कटियार, पूर्व संयोजक और मध्य प्रदेश के राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जय भान सिंह पवैया, प्रकाश शर्मा, सुरेंद्र जैन की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम में विहिप के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज, महंत जयराम दास, महंत भरत दास, तोताद्री मठ के महंत अनंताचार्य, महंत राघवाचार्य, महंत वैदेही वल्लभ शरण, महंत शशिकांत दास, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, कार्यक्रम प्रभारी गोपाल जी राव, शरद शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### पहले टिकट दिलाइए, फिर हम बताएंगे

समारोह के साक्षी बने बजरंगी के नाम से विख्यात व श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के प्रथम पंक्ति के नेता रहे विनय कटियार काफी भावुक दिखे। कहा कि आज भारतीय संस्कृति का यशगान हो रहा है और यही होना चाहिए। उन्होंने इस ध्वज आरोहण को भव्य और ऐतिहासिक बताया। काशी और मथुरा को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि पहले टिकट दिलाइए, फिर हम बताएंगे।

### वर्षों पुराने सपने अब हो रहे साकार

बजरंगदल के पूर्व संयोजक रहे जय भान सिंह पवैया ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन से जुड़े वर्षों पुराने सपने अब साकार हो रहे हैं। यह क्षण बेहद भावनात्मक और गर्व का है। हनुमान जी के आदर्श और श्रीराम के संदेश ही देश को एकता के सूत्र में बांध सकते हैं। ऐसे आयोजन सांस्कृतिक जागरण को और मजबूत करते हैं। समाज जातियों के नाम पर बिखरा जा रहा है। जिसे अगर कोई बांध सकता है तो वह प्रभु श्रीराम ही हैं। आज बजरंग दल के सभी लोग अलग-अलग भूमिका में है। लेकिन सभी के लक्ष्य एक है।

### ब्रेक न लगने से खाई में गिरा डंपर, 2 की मौत

**देहरादून, अमृत विचार:** टिहरी जिले के लंबगांव क्षेत्र में एक डंपर (मालवाहक वाहन) के अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी।

पुलिस ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि क्यारी गांव के ऊपर चारगांव मार्ग पर बुधवार मध्यरात्रि के बाद हुई इस दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बचाव एवं राहत कार्य चलाया। पुलिस ने बताया कि डंपर अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरा जिससे उत्तर प्रदेश के बहराइच के चालक सूरज राठौड (44) तथा टिहरी के गजेन्द्र रांगड (36) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक तौर पर ऐसा लग रहा है कि ब्रेक के न लगने के कारण डंपर अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया।

# शादी में शराब पी या परोसी तो लगेगा 11 हजार का जुर्माना

● टिहरी गढ़वाल में ग्राम पंचायत दिगोठी का फैसला

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** टिहरी गढ़वाल में विकासखंड चम्बा की ग्राम पंचायत दिगोठी ने सामाजिक सुधार की दिशा में गुरुवार को ऐतिहासिक कदम उठाते हुए गांव को पूर्ण रूप से नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया है।

ग्राम प्रधान सोनम नेगी की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम सभा की बैठक में नशामुक्ति का यह महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। ग्रामसभा में तय किया गया कि अब गांव में आयोजित होने वाले किसी भी शादी-विवाह अथवा अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में शराब का सेवन और परोसना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। पंचायत ने सख्ती दिखाते हुए यह भी स्पष्ट किया कि नियम का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर 11,000 रुपये का आर्थिक दंड लगाया जाएगा। बैठक में मौजूद ग्रामीणों ने इस पहल को समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक मजबूत कदम बताया और इसका समर्थन किया। प्रधान ने कहा कि गांव की असली पहचान उसके संस्कार, परंपराओं और सामाजिक एकता से होती है। नशामुक्त समाज ही आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित और बेहतर भविष्य दे सकता है। 'शराब नहीं संस्कार' मुहिम के प्रणेता सुशील बहुगुणा ने पंचायत के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि जब समाज स्वयं बुराइयों के खिलाफ खड़ा होता है, तभी स्थायी परिवर्तन संभव होता है। उन्होंने इसे सामाजिक मूल्यों और पारिवारिक सम्मान को पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक जन आंदोलन बताया।

### सर्राफा व्यवसायी को लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**बहराइच, एजेंसी:** जिले में बुधवार रात आभूषण की एक दुकान पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई व अनमोल बिश्नोई के नाम से धमकी भरा पत्र और कारतूस फेंककर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। पुलिस ने बताया कि इस घटना से व्यापारी वर्ग में आक्रोश व डर का माहौल व्याप्त है। व्यापारियों ने कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह ने बताया कि मोतीपुर थाना क्षेत्र के मिहींपुरवा कस्बे में चंद्र मोहन सोनी की जगदीश ज्वेलर्स नाम की आभूषण की दुकान पर बुधवार रात एक अज्ञात व्यक्ति ने हाथ से लिखा पत्र और कारतूस फेंककर धमकी दी। पुलिस के अनुसार, पत्र की भाषा टूटी-फूटी और लिखावट खराब थी। पत्र में लॉरेंस की चेतावनी, जय भवानी, जय श्री राम, लॉरेंस भाई जिंदाबाद और बिश्नोई समाज जिंदाबाद जैसे शब्द लिखे थे।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर
डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# अमीर नगर गांव को बाढ़ से बचाने का काम शुरु

## भदपुरा ब्लाक के देवहा नदी पर बनेगी 3.22 करोड़ से पिचिंग

संवाददाता, क्योलड़िया

**अमृत विचार :** भदपुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत अमीर नगर गुलडाई में बाढ़ से बचाव के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा 3 करोड़ 22 लाख पैंतालीस हजार रुपए की पिचिंग बनाई जाएगी। इस कार्य का शुभारंभ विधायक डॉ एमपी आर्य, भाजपा नेता रवि शंकर गंगवार, डा आशुतोष गंगवार ने हवन पूजन के बाद किया। पिछले साल आई बाढ़ से गांव के बाई तरफ देवहा नदी ने कटान किया जिसमें किसानों की हजारों बीघा जमीन देवहा नदी में समा गयी। अब गांव को सुरक्षित रखने को पिचिंग बनाई जाएगी। विधायक ने कहा कि अमीर नगर गुलडाई को पूरी तरीके से देवहा नदी से सुरक्षित किया जाएगा। पिचिंग 31 मई तक पूरी कर ली जाएगी। इस दौरान अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड नीरज कुमार, एई चंद्रपाल सिंह ,जेई आशुतोष शर्मा, भूपेंद्र सिंह, अजय गंगवार, रविंदर गंगवार, बबलू गंगवार, खेमकरन लाल प्रेमपाल कश्यप, हर प्रसाद गंगवार समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


पिचिंग कार्य की शुरुआत सेपहले नदी पर पूजन करते विधायक ● अमृत विचार

- बरसात से पहले 31 मई तक काम पूरा करने का लक्ष्य
- पिचिंग से देवहा नदी नहीं कर पाएगी गांव की तरफ कटान

# बच्ची से हैवानियत में बुजुर्ग टीचर गिरफ्तार

संवाददाता, भुता

- भुता में रिटायर शिक्षक ने मासूम से खंडहर में किया दुष्कर्म
- छह साल की बच्ची से दरिंदगी वायरल वीडियो ने खोला भेद

**अमृत विचार :** कई दशक शिक्षा के मंदिर में बच्चों की क्लास लेने वाले रिटायर टीचर की करतूत से समाज का सिर शर्म से झुक गया। थाना भुता क्षेत्र के एक गांव में बुजुर्ग टीचर ने मासूम बच्ची को हैवानियत का शिकार बना डाला। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी उम्र 80 से अधिक बताई गई है, जबकि पीड़ित मासूम की उम्र छह बरस है।

पुलिस के अनुसार, बच्ची के परिवार को धमकी देने के मामले में आरोपी टीचर जयदेव के भाई मुन्नू सिंह पर भी केस दर्ज किया गया है। वीडियो डिलीट करने की कहने पर मुन्नी पीड़ित परिवार को आतंकित कर रहा था। सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी जयदेव पर कानूनी शिकंजा कस दिया। पीड़ित मासूम ने पुलिस को बताया कि रिटायर टीचर जयदेव चॉकलेट देने के बहाने उसे साथ खंडहरनुमा मकान में ले गया थे। वहां धमकाकर उसने दुष्कर्म किया। किसी ने घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इसे लेकर गांववालों में आक्रोश व्याप्त हो गया।

पुलिस ने फौरी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। भुता थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित बच्ची को मेडिकल जांच के लिए भेजकर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## झांसे में लेकर महिला से ठगी

**मीरगंज, अमृत विचार:** मोहल्ला मेवात टीचर कॉलोनी निवासी शिवकान्ति ने पुलिस को बताया कि दोपहर में वह देवर की दुकान की ओर जा रही थीं। बाजार जाने वाली गली के मोड़ पर उन्हें दो युवक मिले। एक ने खुद को अयोध्या का निवासी बताया और एक डॉक्टर का पता पूछा। युवकों ने महिला से पानी पिलाने का अनुरोध किया और 500 रुपये का नोट दिखाकर खुले पैसे होने की बात कही।

जब वह पानी लेकर आई, तो दोनों युवकों ने उसे बातों में उलझाकर बहला-फुसलाकर उसके कानों में पहने सोने के छोटे कुंडल उतरवा फिर पास खड़ी मोटरसाइकिल पर अपने तीसरे साथी के साथ बैठकर फरार हो गए। मीरगंज पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बीईओ ने परिषदीय स्कूल में कराया बेटी का प्रवेश


नए सत्र में ड्रेस पहनकर बीईओ की बेटी भी एडमिशन लेने पहुंची। ● अमृत विचार

**शेरगढ़, अमृत विचार :** हाथरस में बीईओ और शेरगढ़ निवासी सुल्तान अहमद ने अपनी छोटी बेटी का एडमिशन परिषदीय स्कूल की कक्षा एक में कराया है। प्राथमिक विद्यालय ब्योंधा खुर्द में कक्षा एक में अंदलीब अंसारी का एडमिशन शेरगढ़ के बीईओ मुकेश भारती की मौजूदगी में किया गया।

कस्बा निवासी सुल्तान अहमद शेरगढ़ के गांव मानपुर पूर्वी में सहायक शिक्षक पद पर कार्यरत थे वर्ष 2021 में खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर चयनित हुए थे। प्राथमिक विद्यालय ब्योंधा के प्रधानाध्यापक लईक अहमद ने बताया कि प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत अन्दलीब अंसारी का नामांकन मॉडल प्राथमिक विद्यालय ब्योंधा में कक्षा एक में हुआ है। अफसरों का अपने बच्चों का एडमिशन परिषदीय स्कूल में कराने वाले सुल्तान पहले व्यक्ति है। प्रधानाध्यापक की पुत्री फरीहा लईक भी इसी विद्यालय में कक्षा दो में अध्यनरत हैं, सहायक अध्यापक अनीस अहमद का बेटा जैनुल आबेदीन कक्षा चार में पढ़ रहा है।

**फतेहगंज पूर्वी,** नए सत्र की शुरुआत होने पर आज बच्चों के नए प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम सिमरा हरचंद सिंह में सरकारी स्कूल में नए बच्चों का एडमिशन किया गया । इसी क्रम में ग्राम शाहपुर बनियान,विलपुर, अशोकपुर, आदि गांव में भी नए प्रवेश किए गए।

## वार्षिकोत्सव में मेधावी को मिले पुरस्कार

**नवाबगंज, अमृत विचार :** न्याय पंचायत अहमदाबाद क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय लावाखेड़ा तालिब हुसैन में गुरुवार को वार्षिकोत्सव एवं संकुल चौपाल का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों, छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की बड़ी भागीदारी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ. एम. पी. आर्य और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. ए. के. गंगवार ने किया। विद्यालय के खेल अनुदेशक अनिल कुमार ने संस्थान की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि विद्यालय शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इस मौके पर प्रयांशी, नेहा, मीनू और अतुल को सम्मानित किया गया। साथ ही राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अरुण और चमेली को भी पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने एलबीडी कक्ष का उद्घाटन किया और स्कूल चलो अभियान के तहत रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान हरीश गंगवार, नत्थू लाल आर्य, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार सहित कई शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे।

## सगी बहनों से छेड़छाड़ विरोध पर मारपीट

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में मेला देखकर घर लौट रही दो सगी बहनों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के पिता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, 29 मार्च की रात उनकी दोनों पुत्रियां मेला देखकर घर लौट रही थीं। रास्ते में गांव के कुछ युवकों ने उनके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की। घर पहुंचकर बेटियों ने घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उनका भाई आरोपियों के घर शिकायत करने गया। आरोप है कि वहां आरोपियों ने भाई और पिता के साथ मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकेश, रोहित, ओमशंकर, ज्ञानप्रकाश, होरीलाल और यशपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## प्रधान ने मेधावी छात्रा को दी साइकिल

**मीरगंज, अमृत विचार :** गुरुवार को विकास खंड के गांव नथपुरा के जूनियर हाईस्कूल में प्रधान उर्मिला देवी और प्रधानपति महावीर गंगवार ने कक्षा आठ की मेधावी छात्रा दामिनी को साइकिल भेंट की। प्रधानपति ने कहा कि छात्राओं को विशेषकर पुरस्कृत किया जाना चाहिए। मेधावी छात्रा राधा और कविता को प्रधानाध्यापक संगीता पाठक ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में उर्मिला गोस्वामी, अभिनंदा शर्मा, हेमपाल एवं नेहा सक्सेना आदि मौजूद रहीं।

Lifelines OF BAREILLY MEDICAL
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

खबरें www. amrit vichar.com पर भी पढ़ें

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

M. S. Vidya Mandir
09 Gopal Nagar, Sanjay Nagar, Bareilly
Required
Trained Female Teacher for Primary Classes
(B.Ed., B.T.C.)
Nursery to 8th Classes
Contact :
9411007501, 8077232373

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री अंशिका वर्मा पुत्री स्व. कमल किशोर वर्मा (पत्नी अभय प्रताप सिंह उर्फ सत्यम) को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई वास्ता नहीं होगा। **नीलम वर्मा पत्नी स्व. कमल किशोर वर्मा निवासी 1571, सुभाष नगर, तिलक कलोनी, बरेली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम MOHIT KUMAR AGARWAL है जो कि सही है। किन्तु मुझे MOHIT AGARWAL के नाम से भी जाना जाता है। भविष्य में मैं अपना नाम MOHIT KUMAR AGARWAL ही प्रयोग करना चाहता हूं। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **मोहित कुमार अग्रवाल पुत्र देवी प्रसाद अग्रवाल निवासी 181/1, हर्षी बंगला सिविल लाइन लखीमपुर खीरी**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै कु. अन्जुम आरा पुत्री स्व. फजल हुसैन निवासी रोहली टोला पुराना शहर बरेली स्थित मकान की तन्हा मालिक काबिज हूँ। मेरे अतिरिक्त यदि कोई व्यक्ति उक्त मकान का क्रय-विक्रय करता है। तो वह कतई नाजायत है। उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **कु. अन्जुम आरा पुत्री स्व. फजल हुसैन निवासी 663, पुराना शहर, रोहली टोला, बरेली। मो. 9760728742**

**सूचना**

मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश का हाईस्कूल प्रमाणपत्र जिसका अनुक्रमांक 1060992 तथा प्रमाणपत्र संख्या 31011880 वर्ष 2010 जो वास्तव में कहीं खो गया है। **अजीत कुमार पुत्र गोवर्धन लाल ग्राम रायपुर पोस्ट रायपुर घुँसी थाना नीमगांव जिला खीरी लखीमपुर।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे नाम में विभिन्न अभिलेखों में अंतर है। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अश्वनी कुमार गुप्ता अंकित है, जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम अश्वनी गुप्ता अंकित है। दोनों नाम अश्वनी कुमार गुप्ता एवं अश्वनी गुप्ता एक ही व्यक्ति के नाम हैं और दोनों नामों से मुझे जाना व पहचाना जाता है। मेरा सही एवं प्रचलित नाम अश्वनी गुप्ता है। **अश्वनी गुप्ता पुत्र श्री पंकज कुमार गुप्ता निवासी पंजाबी कॉलोनी, गोला गोकर्णनाथ, जिला लखीमपुर खीरी (उ.प्र.)**

**सूचना**

मैंने अपने छोटे पुत्र रमेश उर्फ राजू व पुत्रवधू सुनीता के गलत आचरण व दुर्व्यहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। वे अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **सोमवती पत्नी स्व. कल्याण सिंह, निवासी- वार्ड नं-2, मोहल्ला नई बस्ती, रिठौरा, थाना हाफिजगंज, बरेली ।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी को लेकर युवक फरार, तलाश जारी

**भमोरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति के बताया कि रविवार दोपहर वह खेत से गेहूं काटकर घर लौटा और आराम करने से नींद आ गई। जब आंख खुली तो 17 वर्षीय बेटी घर से गायब थी। पता चला गांव निवासी प्रेम सिंह उसे ले गया है। पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

### टुकटुक ने मारी टक्कर युवक घायल

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के धौंराटांडा अटामांडा मार्ग पर तेज रफ्तार टुकटुक ने सड़क में किनारे खड़े कस्बे के मोहम्मद मारूफ उर्फ निगार, व मोहम्मद नासिर को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने टुकटुक चालक को पकड़ लिया।

### निर्माणाधीन जीना ढहने से महिला घायल

**आंवला अमृत विचार :** थाना आंवला क्षेत्र के ग्राम वीहट में एक नवनिर्मित मकान का जीना (सीढ़ी) गिर जाने से महिला मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई। राजमिस्त्री पर निर्माण कार्य में लापरवाही बता पुलिस को तहरीर दी है।

# दरी बिछाकर भगवत अकेले डटे, हालात देख अफसर पीछे हटे

## रात में समाजवादियों के तंबू उखड़े, सुबह अकेले ही धरने पर बैठ गए पूर्व मंत्री, प्रशासन की सूझबूझ से टकराव टला

नीति-राजनीति

संवाददाता, नवाबगंज



नवाबगंज में अकेले धरने पर बैठे पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार।



आवास के बाहर धरने पर बैठे पूर्व मंत्री को मनाने पहुंचे एसडीएम उदित पवार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विधानसभा और पंचायत चुनाव की सरगर्मियों के बीच नवाबगंज विधानसभा में गुरुवार को कुछ हुआ कि सियासी पारा चरम पर पहुंच गया। प्रशासन की ना-ना के बीच समाजवादी सरकार में मंत्री रहे भगवत सरन गंगवार अकेले ही एसडीएम-सीओ आवास के सामने धरने पर बैठ गए। निषेधाज्ञा का हवाला देकर प्रशासन ने प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी थी। रात में सपाइयों के तंबू भी उखड़वा दिए थे, लेकिन सुबह रार-तकरार के हालात बनने से पहले ही अफसरों ने वार्ता का रास्ता पकड़ लिया। सपाइयों का ज्ञापन हुआ। तय जगह पर भीड़ जुटी और मसला निपट गया।

नवाबगंज सीट से 5 बार विधायक और समाजवादी पार्टी सरकार में दो बार मंत्री रह चुके भगवन सरन गंगवार सिर पर गमछा बांधकर लंबे समय बाद मैदान में उतरे थे। उन्होंने ओसवाल चीनी मिल पर किसानों के करीब 70 करोड़ रुपये बकाया, राशन वितरण में कथित गड़बड़ी और छुट्टा पशुओं की समस्या जैसे कई मुद्दों को लेकर सरकार और प्रशासन को घेरने की रणनीति बनाई थी। हालांकि प्रशासन ने धरना-प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी। एसडीएम की दो टूक के बाद भी समाजवादी कैंप अपनी जिद पर अड़ा रहा। रात में सपाईयों ने धरना देने के लिए तंबू- बंबू भी लगवाए थे, लेकिन पुलिस ने आकर सबकुछ समेट दिया था। किसी भी अच्छी-बुरी स्थिति में भगवत सरन की 'बैक पावर' बनने जिला मुख्यालय से कई प्रमुख नेता भी नवाबगंज पहुंच गए थे।

प्रदर्शन को लेकर प्रशासन और भगवत बिग्रेड सूरज उगने तक अपने-अपने रुख पर कायम दिख रहे थे। माना जा रहा था कि आगे हालात टकराव के हो सकते हैं। सुबह के 7 बजते ही भगवत सरन गंगवार मैदान में उतर भी आए। जब तक कोई कुछ समझता, वे अकेले ही अफसरों के आवास के सामने दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। न कोई मंच और न कोई इंतजाम। मीडिया-सोशल मीडिया पर 'अकेले भगवत की दौड़' दिखी तो इधर-उधर से समाजवादी नेता-कार्यकर्ता भी जुटने लगे। ऐन वक्त पर प्रशासन ने टर्न लेते हुए वार्ता का माहौल बना दिया। सूत्रों का कहना है कि अंदरखाने समाजवादी कैंप में भी ज्यादातर लोग रार-तकरार से बचने की जुगत में लगे थे। और जब बात शुरू हुई तो बात बनती ही चली गई। इसके बाद नो टेंशन अदाज में घंटों धरना कार्यक्रम चलता नजर आया।

**समाजवादियों की 16 मांग और सियासी दांव**

सपा के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अनिल गंगवार ने एसडीएम को 16 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। इसमें स्मार्ट मीटर समस्याओं का समाधान, भ्रष्टाचार पर अंकुश, छुट्टा पशु जैसी मांगें प्रमुख रहीं। प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, शुभलेश यादव, योगेश यादव, पुरुषोत्तम गंगवार, अरविंद गंगवार उर्फ डब्लू, नरोत्तम दास मुन्ना, हाजी डॉ मोईन बेग, डॉ मुक्ता प्रसाद, कम्बर एजाज़ शानू, गयासुद्दीन मंसूरी, तेजपाल गंगवार, अरविन्द गंगवार डब्लू, छेदालाल दिवाकर, नीलम गंगवार, राजेश गंगवार, नवाब अहमद अंसारी, हाजी मुख्तियार अहमद अंसारी, ओमेंद्र गंगवार, शेर सिंह गंगवार, मोहित गंगवार, प्रो राशिद अंसारी, एन ए अंसारी, डॉ विजय पाल गंगवार, हरीश गंगवार, प्रवीण गंगवार टीटू, भगवान दास उर्फ मुन्ना, वीरपाल गंगवार, तसव्वर हुसैन अंसारी, रफीक सिद्दीकी, निराले अंसारी आदि रहे।

● आखिर तक प्रशासन और पूर्व मंत्री के बीच कायम रहा गतिरोध

## दहेज की मांग पूरी न होने पर तीन तलाक देकर घर से निकाला

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला को पीटा। पति ने तीन तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बारादरी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी शादी 2 मई 2024 को जिला पीलीभीत के थाना अमरिया के गांव तुमड़िया निवासी आबिद के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल के लोग उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। मायके से पांच लाख रुपये और बाइक दिलाने का दबाव बनाने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि देवर ने उसके साथ अभद्रता की। उसने 4 नवंबर 2025 को बेटी को जन्म दिया। आरोप है कि ससुरालियों ने उसका ठीक से इलाज नहीं कराया। बेटी होने के बाद ससुरालियों का रवैया बदल गया। 12 नवंबर को पति ने उसे घर से निकाल दिया।

## मीरगंज में परचून की दुकान में आग से लाखों का नुकसान

**मीरगंज, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव गुगई में बुधवार और गुरुवार की मध्य रात किसी समय परचून की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस आग में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी होने पर ग्रामीणों और दुकान मालिक ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान का अधिकांश सामान जिसमें तेल की शीशी, परचून का समान आदि नष्ट हो चुका था।

यह दुकान गांव निवासी नवाब खान की है, इसके अलावा वह मजदूरी भी करते हैं। बुधवार देर शाम नवाब खान दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात दुकान से धुआं और आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने नवाब को सूचना दी और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। सूचना पर जब वह मौके पर पहुंचे तब तक आग पूरी दुकान में फैल चुकी थी और परचूनी का सामान, कॉस्मेटिक, फ्रिज जलकर राख हो गए। ग्रामीणों ने बाल्टियों, टंकियों और हैंडपंप की मदद से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। आग बुझने तक दुकान का लगभग पूरा सामान जलकर राख हो चुका था।

## किशोरी को दबंग ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**कैंट, अमृत विचार :** नशे की हालत में एक दबंग युवक ने दुकान पर बैठी किशोरी के साथ गाली गलौज की। विरोध पर मारपीट शुरू कर दी। बचाने आए किशोरी के तहेरे भाई को भी पीट दिया। किशोरी की मां ने कैंट थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के गांव उमरसिया निवासी अनीता पत्नी राकेश कुमार ने बताया, कि 29 मार्च को दोपहर गांव में ही उनकी परचून की दुकान पर पुत्री गुनगुन(12 ) बैठी थी। तभी गांव का ही रहने वाला युवक उमेश उर्फ सोनू नशे की हालत में आया, और उनकी बेटी के साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध पर मारपीट शुरू कर दी।

## झांसा देकर संबंध बनाए, शादी के बाद ससुरालियों ने भी दुत्कारा

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र की एक युवती ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में दहेज की मांग कर उसे ससुराल में न रखने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले में शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती का आरोप है कि हाफिजगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने उससे शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब उसने शादी से इनकार किया तो पीड़िता की मां ने नवाबगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

पीड़िता के अनुसार, पुलिस कार्रवाई और नौकरी जाने के डर से आरोपी शादी के लिए तैयार हो गया। इसके बाद मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराए गए और 28 जुलाई 2025 को विवाह किया गया। आरोप है कि शादी के बाद आरोपी और उसके परिजनों ने उसे कुछ दिन बाद विदा कराने की बात कही, लेकिन करीब नौ माह बीतने के बाद भी उसे ससुराल नहीं ले जाया गया। जब पीड़िता अपनी मां के साथ ससुराल पहुंची तो वहां उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई तथा घर में घुसने नहीं दिया गया। पीड़िता ने पुलिस से मामले में कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है।

## भोजीपुरा में खुराफाती मौलाना गिरफ्तार

संवाददाता भोजीपुरा

**अमृत विचार:** समुदाय विशेष की परिचित महिलाओं से बतियाने पर समुदाय विशेष के लोगों द्वारा युवक की पिटाई के मामले में पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव मांडा निवासी अनिल कुमार दिवाकर 27 मार्च को जादौंपुर में अपनी बाइक को ठीक कराने के लिए गया था। ट्रेन आने की वजह से रेलवे क्रासिंग बंद था। अनिल को उसके गांव में रहने वाली समुदाय विशेष की दो महिलाएं रेलवे फाटक पर मिल गईं। अनिल के मुताबिक एक महिला गांव रिश्ते की भाभी और दूसरी महिला बहन लगती है। जादौंपुर में खुराफातियों ने हिंदू युवक को मुस्लिम महिलाओं से बतियाते देख उसकी लात घूसों से पिटाई कर दी। महिलाओं ने बचाने की कोशिश की तो खुराफातियों ने महिलाओं से भी अभद्रता की। मारपीट की घटना के दौरान किसी ने मोबाइल से वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस मामले में हिंदू जागरण मंच युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष हिमांशु पटेल ने एक्स पर ट्वीट कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने वीडियो के आधार पर पहचान की। जिसमें मौलाना शोएब निवासी चमन नगरिया थाना नबावगंज की वीडियो में फुटेज मिली।

पुलिस ने एक स्थान से मौलाना शोएब को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मौलाना शोएब को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी लोगों की तलाश की जा रही है।



गिरफ्तार मौलाना शोएब।

## आंवला में ईडब्लूएस प्रमाणपत्र निरस्त

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में सरकारी योजनाओं के दुरुपयोग का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां तथ्यों को छिपाकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रमाण पत्र बनवाने वाले युवक का भंडाफोड़ हुआ है। ग्राम डप्टा श्यामपुर निवासी आयुष दीक्षित ने कथित रूप से अपनी संपत्ति और वास्तविक पते की जानकारी छिपाकर यह प्रमाण पत्र हासिल किया और इसी आधार पर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित सरकारी संस्थान में प्रवेश ले लिया।

मामले का खुलासा तब हुआ जब आकांक्षा दीक्षित ने मंडलायुक्त से साक्ष्यों के साथ शिकायत की। आरोप था कि आयुष ने न सिर्फ गांव की पुश्तैनी जमीन छिपाई, बल्कि बरेली शहर के मढ़ीनाथ और सर्वोदय नगर में स्थित मकानों की जानकारी भी नहीं दी। साथ ही, बल्लिया कस्बे में कारखाना होने की बात भी सामने आई। जांच में शिकायत सही पाई गई। तहसीलदार आंवला ब्रजेश कुमार वर्मा ने कड़ा रुख अपनाते हुए आयुष दीक्षित का ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र तत्काल प्रभाव से निरस्त कर प्रमाण पत्र को कार्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए हैं। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। अब् लाभार्थियों पर भी कार्रवाई की संभावना बढ़ गई है।

## कथा में विदुर कथा का प्रसंग सुनाया

**कैंट, अमृत विचार :** लाल फाटक स्थित शिव धाम कॉलोनी के वृद्धाश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य मुमुक्षु कृष्ण दद्दा ने महाभारत की विदुर कथा एवं कौरवों द्वारा पांडवों को धूर्तता से अज्ञातवास पर भेजने की कथा बताई। साथ ही धृतराष्ट्र द्वारा पांडवों के साथ अन्याय करने व सृष्टि की स्थापना का विस्तार से वर्णन किया।

## दहेज हत्या में पति की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** दहेज में एक लाख रुपये नकद व बुलेट की मांग पूरी न होने पर गर्भवती पत्नी को जबरन तेजाब पिलाकर हत्या करने के आरोपी शांति विहार निवासी पति मनोज कुमार की जमानत अर्जी जिला जज प्रदीप कुमार सिंह ने खारिज कर दी।

डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत ने बताया कि मृतका के पिता ने थाना सुभाषनगर में तहरीर देकर बताया था कि पुत्री पूजा देवी की शादी 14 अप्रैल 2025 को मनोज कुमार के साथ की थी। शादी में 6 लाख रुपये खर्च किए थे। शादी के बाद पति मनोज कुमार व उसके परिजन पुत्री का उत्पीड़न करने लगे। उसपर मायके से एक लाख रुपये व बुलेट लेकर आने का दबाव बनाने लगे। पुत्री करीब एक माह की गर्भवती थी। 17 दिसम्बर 2025 को पुत्री ने फोन करके मारपीट की जानकारी दी। रात करीब 1.22 बजे पुलिस ने सूचना दी कि उनकी पुत्री गम्भीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती है। अस्पताल पहुंचे तो पूजा ने बताया कि पति व ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर जबरन तेजाब पिला दिया। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने मनोज को 21 दिसम्बर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। अदालत ने जेल भेज दिया था।

## अंबेडकर जयंती को लेकर हुई गोष्ठी

**भमोरा, अमृत विचार:** थाना भमोरा परिसर में गुरुवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती सहित अन्य पर्वों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से गोष्ठी हुई। इसमें क्षेत्र के संभ्रात लोग मौजूद रहे। थाना प्रभारी सनी चौधरी ने कहा कि पर्वों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। एसएसआई धर्मेंद्र पंवार ने सूचना को देने का आग्रह किया।

# संकट कटै मिटै सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा

कार्यालय संवाददाता, आंवला



आंवला में शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



नवाबगंज में बाला जी दरबार की शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर वृहस्पतिवार मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ा। सुबह से देर शाम तक मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान नगर कीर्तन और शोभायात्रा निकाली गई। सिरौली, अलीगंज, विशारत गंज में भी मंदिरों में भीड़ रही।

संकटमोचन गुलेली के हनुमान मंदिर और हनुमान मन्दिर पुरैना जैसे प्रमुख मंदिरों में बजरंगबली का विशेष सिंदूरी श्रृंगार और सामूहिक हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया। सामाजिक संगठनों द्वारा भक्तों के लिए जगह-जगह ठंडे पानी, शरबत की व्यवस्था की गई। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और भजन कीर्तन नगर के मुख्य मार्गो से निकला। इस दौरान अनुपम शंखधार, प्रेमपाल सोलंकी, सुनील गुप्ता आदि भारी संख्या मे मौजूद रहे।

**श्री बालाजी महाराज जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभा यात्रा:नवाबगंज** कस्बे में गुरुवार देर शाम श्री बालाजी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की शुरुआत मनोकामना पूर्ण श्री बालाजी मंदिर से हुई, जिसमें आकर्षक झांकियां, भक्ति संगीत और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली।

यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, मार्ग में कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। तहसील चौराहा, बिजौरिया तिराहा, राधा-कृष्ण मंदिर और माया अस्पताल के पास श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया, । कार्यक्रम में कमेटी के संरक्षक रविंद्र सिंह राठौर, अध्यक्ष रामौतार गुप्ता, दिनेश गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, राहुल गुप्ता, अजय गुप्ता, कृष्ण गोपाल शर्मा, आशीष गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

**जयकारों के साथ निकली शोभायात्राः रिठौरा।** हनुमान जयंती पर बृहस्पतिवार को श्री बालाजी दरबार में विशेष पूजा-अर्चना के बाद शाम शोभायात्रा का शुभारंभ महंत अरविंद पाण्डेय ने छप्पन भोग लगाकर किया गया। इस दौरान चेयरमैन शकुंतला देवी व अमित कुमार गुप्ता रमेश वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी हनुमान जी की आरती उतारकर पुण्य लाभ कमाया। हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अरूण फौजी के नेतृत्व में हरिपाल गंगवार, सर्वेश सैनी, सुरेंद्र गंगवार, अनिल कनौजिया, राजू यादव, आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

**फतेहगंज पश्चिमी :** हनुमान जन्मोत्सव पर ठाकुरद्वारा मंदिर में सुबह हवन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसके उपरांत दोपहर में प्राचीन शनि देव मंदिर के पास भंडारे का आयोजन किया गया। साप्ताहिक बाजार में आए आसपास के गांवों के लोगों ने भी भंडारे में पहुंचकर पूड़ी, सब्जी व हलवे का प्रसाद ग्रहण किया। देर रात लगभग 9 बजे केक काटकर तथा भोग लगाकर जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अमित गोयल, सुनील कुमार गुप्ता, सौरभ पाठक, अमित सिंह, शीलू सिंह, दीपक गोयल, सतीश गुप्ता, गोविंद गुप्ता, राजेश गुप्ता, नितिन गुप्ता, राकेश कश्यप, मनोहर कश्यप, रिंकू गुप्ता, संजीव शर्मा, मुदित प्रताप सिंह, जगदीश गंगवार, प्रेमपाल गंगवारआदि रहे।

### मीरगंज में हनुमान जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा निकाली

**मीरगंज, अमृत विचार :** मीरगंज कस्बे में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर एक शोभायात्रा निकाली गई। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा में भगवान हनुमान, श्रीराम दरबार और शिव परिवार सहित विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां शामिल थीं। शोभायात्रा का शुभारंभ विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा, भक्ति सिंह लोधी, के.पी. राणा और धनेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। यह शोभायात्रा सिरौली चौराहा, बड़ा अंडरपास और टीचर कॉलोनी होते हुए पूरे कस्बे में भ्रमण करती रही। इस अवसर पर महंत रामकिशोर, सोनू गुप्ता ओमकार गंगवार, मीना देवी गंगवार, महंत राम किशोर, पंडित राज किशोर, विनय कुमार, जतिन कुमार, उमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### रहमानपुर में भव्य कलश यात्रा निकाली

बिशारतगंज। बालाजी शक्ति धाम रहमानपुर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी। ब्लॉक मझगवां के पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ जीराज सिंह यादव एव थाना प्रभारी राजेश बाबू मिश्रा ने भगवाध्वज फहराकर कलश यात्रा को रवाना किया। बालाजी शक्ति धाम रहमानपुर मंदिर के मुख्य सेवक रामाधार गुप्ता ने बताया कि मंगलवार से शुरु हुआ हनुमत महायज्ञ गुरुवार को भंडारे के साथ समापन हुआ। इस दौरान बल्ले मौर्य प्रदीप मित्तल, डीपी साहू, भानु साहू, शिवराज सिंह यादव रमेश यादव, शिव कुमार साहू नंदू गुप्ता, आदि के अलावा भारी संख्या में नगर व क्षेत्रवासी शामिल रहे।

### राजपुर कलां में नगर में घूमी शोभायात्रा

राजपुर कलां : हनुमान जन्मोत्सव में राजपुर कलां गांव में शोभायात्रा निकाली गई। इसने गांव के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए शिवमंदिर धर्मशाला में समापन हुआ। इस मौके पर मोहित पोरवाल, अभिषेक यादव, कश्मीर सिंह यादव, टिल्लन यादव, आशीष यादव, बेटा यादव, धर्मपाल सिंह, राजन यादव, ललित यादव, निशांत शर्मा, दीपक यादव, सरवन यादव, सहित थाना अध्यक्ष जगतपाल सिंह, रूप किशोर सहित ग्रामीण मौजूद रहे। ठाकुरद्वारा में हवन पूजन के प्रसाद वितरित किया।

## न्यूज डायरी

### विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के दिए टिप्स



**बहेड़ी, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं के साथ कार्यकर्ता निर्माण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में उनकी भूमिका पर गहन चर्चा की गई। चार सत्रों में हुए प्रशिक्षण शिविर में सभी अतिथियों का नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने माला और पटका पहनाकर स्वागत कर एयर प्यूरिफायर के प्रतीक के रूप में पौधा भेंट किया गया। मुख्य अतिथि एम एल सी बहोरन लाल मौर्य रहे। ज़िला उपाध्यक्ष अभय चौहान व अजय सक्सेना और विधान सभा संयोजक सुरेश गंगवार ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। चारों सत्रों की अध्यक्षता अतुल गर्ग, त्रिवेणी लाल गंगवार, महेश शर्मा और सरदार मेजर सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अरुण गंगवार और सचिन प्रजापति ने किया। इस अवसर पर सभासद दिनकर गुप्ता, अवधेश सक्सेना, कामाक्षी शर्मा, सरदार इंद्रजीत सिंह बग्गा, रूप किशोर गंगवार, मनोज गंगवार, राकेश शर्मा, हेमंत गुर्जर, अक्षय मंगलम, आकाश गौड़ आदि मौजूद रहे।

### उर्स ए शाहिदी 27 व 28 अप्रैल को, पोस्टर जारी



**बहेड़ी, अमृत विचार :** खानकाह-ए-आलिया मंजूरिया शाहिदिया जामिया गौसिया बशीरूल उलूम बहेड़ी में अल्लामा मौलाना मुफ्ती शाह सय्यद शाहिद अली मियां का छठा सालाना दो रोजा उर्स ए शाहिदी 27 28 अप्रैल दिन पीर व मंगल को आयोजित होगा। दरगाह कमेटी ने इस दो रोजा उर्स ए शाहिदी का पोस्टर जारी कर दिया। दरगाह शरीफ पर पोस्टर जारी होते ही कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई है उर्स पोस्टर को उर्दू हिन्दी एवं अंग्रेजी में तैयार किया गया है, और पोस्टर को दावत नामा के तौर पर बाहर भेजना शुरू कर दिया गया है। उर्स ए शाहिदी के तमाम होने वाले कार्यक्रम सज्जादानशीन सय्यद फैजी मियां मौलाना सय्यद नूरी मियां मौलाना सय्यद हसनैन मियां सय्यद सिब्तैन मियां की निगरानी में होंगे। पोस्टर जारी करते वक़्त मोहम्मद इकबाल अंसारी, डाक्टर अनवार अंसारी, दरगाह प्रवक्ता मौलाना नाजिमुल कादरी, कारी मुहम्मद ताहिर फैजानी, कफील अंसारी, जीशान शेख शाहिदी, सभासद नसीम अहमद मुहम्मद कमर मुहम्मद वसीम अत्तारी दरगाह के मीडिया प्रभारी आसिफ, मुहम्मद मुनिस, मौलाना रफीक शाहिदी आदि मौजूद थे।

### वार्षिकोत्सव में मेधावी हुए सम्मानित




**बहेड़ी, अमृत विचार :** स्वामी अमर सेवा आनंद पब्लिक स्कूल छितौनियां में वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मेधावी स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। इस वर्ष की टॉपर कक्षा 6 से अंशिका गंगवार और कक्षा 4 की अंशिका रही, दोनों ने 99 .35% हासिल किए। इस दौरान विद्यालय के संस्थापक महेंद्र पाल, विद्यालय के प्रबंधक राजीव पाल विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार और सभी शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाया।

## क्षेत्र में दहशत का पर्याय बना तेंदुआ पिंजरे में कैद

**कांठ, अमृत विचार** : तहसील क्षेत्र के दो गांवों में दो बच्चियों पर हमला करके घायल करने वाले तेंदुआ को वन विभाग की टीम बुधवार देर रात पिंजरे की मदद से पकड़ लिया। तेंदुआ पकड़े जाने से क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दे कि सोमवार को तेंदुआ ने महदूद कलमी और मंगलवार को मिश्रीपुर गांव में दो बच्चियों पर हमला कर दिया था, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं आसपास के लोगों का कहना है कि क्षेत्र में अभी भी तेंदुए हैं।

# रामपुर में टाटा मैजिक ने 5 को रौंदा, 2 की मौत

## बस से सामान उतारते समय हादसा, मैजिक चालक गंभीर

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार** : बिलारी रोड पर बड़ागांव चौराहे के पास गुरुवार तड़के तेज रफ्तार टाटा मैजिक ने निजी बस से सामान उतार रहे लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में हेल्पर समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है।

दिल्ली-सिरौली रूट की निजी बस गुरुवार तड़के करीब 4:30 बजे बड़ागांव चौराहे पर रुकी थी।



अरशद (फाइल) रिजवान (फाइल)

- **शाहबाद-बिलारी रोड पर हुआ हादसा, टाटा मैजिक चालक की हालत गंभीर**

बस से हेल्पर रिजवान (40) और कुछ सवारियां सामान उतार रही थीं। इसी दौरान बिलारी की ओर से आ रही तेज रफ्तार लोडिंग टाटा मैजिक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में शाहबाद के मोहल्ला कानून गोयान निवासी सवारी अरशद (25) व हेल्पर रिजवान (40) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, शाहबाद के मित्तरपुर निवासी विशाल और खरसोल निवासी कासिम मामूली चोटें आई हैं।

जनपद संभल के असमोली निवासी टाटा मैजिक चालक वसीम गंभीर रूप से घायल हो गया, उसकी टांगें टूट गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया। गंभीर घायल चालक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि यह लोग दिल्ली से बाइक का सामान लेकर लौट रहे थे। अचानक हुए इस हादसे से मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सिंगाही के तीन मजदूरों की मेरठ में हादसे में मौत

संवाददाता, सिंगाही/लखीमपुर खीरी

- **ट्रैक्टर की टक्कर से मरने वालों में दो नाबालिग**
- **मेरठ में गन्ना छीलने की मजदूरी करते थे तीनों**

**अमृत विचार** : थाना सिंगाही के गांव टांडा बथुआ के लिए बुधवार की रात काली साबित हुई। मेरठ में रहकर मजदूरी कर रहे गांव के तीन लोगों की बाइक पर सवार होकर कमरे पर आते समय ट्रैक्टर की टक्कर से मौत हो गई। मृतकों में दो नाबालिग भी शामिल हैं।

गांव निवासी अरशद (32) पुत्र जहीर, अलीमुद्दीन (13) पुत्र मुर्शद और बृजमोहन (16) पुत्र धरमू मेरठ के असमाबाद क्षेत्र में गन्ना छिलाई का काम करने गए थे। परिजनों के अनुसार बुधवार की रात तीनों एक ही बाइक से कमरे पर लौट रहे थे। इस दौरान किठौर थाना क्षेत्र में बाग वाला और नदल्लीपुर के बीच सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि अरशद और मुर्शद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर घायल अलीमुद्दीन ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजन शव लेने मेरठ रवाना हो गए हैं। परिजन देर रात तक शव लेकर गांव पहुंच जाएंगे।

## छुट्टा सांड ने ली किसान की जान

**बिलसंडा (पीलीभीत)।** छुट्टा पशुओं ने एक और जान ले ली। खेत की रखवाली करने गए किसान पर हमला कर दिया। घायल को पीलीभीत के बाद बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव भीकमपुर के निवासी जैतराम (35 वर्ष) पुत्र माखनलाल 28 मार्च को रात में खेत की रखवाली कर रहे थे। इस दौरान छुट्टा सांड ने हमला कर घायल कर दिया। उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल भेजा गया। जहां से बरेली के निजी अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान इनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पत्नी समेत अन्य परिजन का रोकर बुरा हाल था।


### कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, दातागंज (बदायूं)

पत्रांक : कृ.उ.म.स./2025-26/129 दिनांक : 02.04.2026

**सफाई हेतु ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल दातागंज (बदायूं) की वित्तीय वर्ष 2026-27 (दिनांक 01.05.2026 से 31.03.2027 तक) की दैनिक सफाई निविदा दिनांक 14.04.2026 की सायं काल 5:00 बजे तक जैम पोर्टल पर बिड संख्या- GEM/2026/B/7409331 एवं www.gem.gov.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। समस्त नियम एवं शर्ते जैम पोर्टल/कार्यालय में देखी जा सकती है।

(खडबिन्द प्रकाश) सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति, दातागंज (बदायूं)

(धर्मेन्द्र कुमार सिंह) सभापति/उपजिलाधिकारी कृषि उत्पादन मण्डी समिति, दातागंज (बदायूं)

### कार्यालय नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर जनपद-पीलीभीत

पत्रांक: मैमो/न.न्यू.हु./2025-26 दिनांक: 08.01.2026

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ''स्वच्छ भारत मिशन'' (नगरीय) के अन्तर्गत नगर के समस्त नागरिकों, दुकानदारों, व्यवसायियों, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों को शसन के आदेशानुसार नगर में घर, दुकान, प्रतिष्ठान, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों में निर्मित सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS: 2470 Part 1 एवं IS:2470, Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित कराया जाना आवश्यक है, एवं सैप्टेज प्रबंधन के अंतर्गत नगर पंचायत के समस्त भवन स्वामियों/नागरिकों को सूचित किया जाता है कि समस्त शौचालय सेप्टिक टैंक को खाली कराने हेतु समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत कार्यवाही अनिवार्य रूप से निम्नानुसार सुनिश्चित करेंगे।

1. सेप्टिक टैंक को उपभोक्ता द्वारा 3 वर्ष में एक बार खाली कराया जाना अनिवार्य है, न कराये जाने पर 500 रू. (पांच सौ रूपये) जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।
2. सेप्टिक टैंक भरे होने पर तत्काल ही खाली कराया जाना सुनिश्चित करेंगे जिससे किसी भी स्थिति में मल/फीकल स्लज नालियों में प्रवाहित ना हो।
3. सभी प्राइवेट डीस्लजिंग ऑपरेटर से अनुरोध है कि वह नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर, कार्यालय में अपना पंजीकरण आवश्यक करा लें अन्यथा की स्थिति में उन पर SWM Rule 2016 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
4. मैनुअल स्कैवेंजिंग पूर्णतय: प्रतिबंधित है तथा कोई भी कर्मचारी या व्यक्ति मैनुअली सीवर या सेप्टिक टैंक को खाली करते हुये/कराते हुए पाया जाता है तो उस पर रू. 2000 (दो हजार रूपये) का अर्थदण्ड एवं नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।
5. सेप्टिक टैंक मलवा/स्लज के निस्तारण में लगे समस्त सफाई मित्र व पंजीकृत स्लज ऑपरेटर बिना किसी सेप्टिक गियर अथवा इक्विपमेंट के सेप्टिक टैंक/सीवर में कार्य करते हुए पाए जाते हैं। तो सफाई मित्र, सीवर सेप्टिक वाहन स्वामी वाहन/व्यावसायिक आवास स्वामी के विरूद्ध नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर, पीलीभीत द्वारा SWM Rule 2016 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।
6. किसी भी दशा में अवैध, अपंजीकृत तथा सीधे श्रमिकों से सेप्टिक टैंकों को खाली व साफ न कराया जाए, कराए जाने पर उस पर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।
7. सेप्टिक टैंक खाली कराते समय निकलने वाली फीकल स्लज को खुले में ना बहाए।
8. उपभोक्ताओं/टैंकर संचालकों द्वारा यदि एकत्रित फीकल स्लज/अनुपचारित फीकल स्लज को खुले/नाले में बहाया जाता है तो उस सिति में मा. राष्ट्रीय हरित अभिकरण के नियमों को उल्लंघन मानते हुए प्रथम बार में 5000 रू. (पांच हजार रूपये) एवं पुनरावृत्ति होने पर 50000 रू. (पचास हजार रूपये) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।
9. नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर जनपद पीलीभत सीमान्तर्गत सभी सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS: 2470 Part 1 एवं IS:2470, Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित न कराये जाने पर 1000 रू. (एक हजार रूपये) अर्थदण्ड किया जा सकता है।
10. नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर, पीलीभीत के द्वारा अपनी सीवर सक्शन मशीन से नगर पंचायत सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु शुल्क 2000 रू. (दो हजार रूपये) प्रति ट्रिप देय होगा।
11. नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर, पीलीभीत के सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबर 14420/1533 तथा मो. 8449436534 पर संपर्क किया जा सकता है।
12. साफ-सफाई सम्बन्धित कोई भी सुझाव एवं शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1533 तथा मो. नं. 8449436534 पर संपर्क किया जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर पीलीभीत

अध्यक्ष नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर पीलीभीत

### कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा-पीलीभीत

पत्रांक: मैमो/न.पं.गु.भि./2025-26 दिनांक: 08.01.2026

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ''स्वच्छ भारत मिशन'' (नगरीय) के अन्तर्गत नगर के समस्त नागरिकों, दुकानदारों, व्यवसायियों, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों को शसन के आदेशानुसार नगर में घर, दुकान, प्रतिष्ठान, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों में निर्मित सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS: 2470 Part 1 एवं IS:2470, Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित कराया जाना आवश्यक है, एवं सैप्टेज प्रबंधन के अंतर्गत नगर पंचायत के समस्त भवन स्वामियों/नागरिकों को सूचित किया जाता है कि समस्त शौचालय सेप्टिक टैंक को खाली कराने हेतु समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत कार्यवाही अनिवार्य रूप से निम्नानुसार सुनिश्चित करेंगे।

1. सेप्टिक टैंक को उपभोक्ता द्वारा 3 वर्ष में एक बार खाली कराया जाना अनिवार्य है, न कराये जाने पर 500 रू. (पांच सौ रूपये) जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।
2. सेप्टिक टैंक भरे होने पर तत्काल ही खाली कराया जाना सुनिश्चित करेंगे जिससे किसी भी स्थिति में मल/फीकल स्लज नालियों में प्रवाहित ना हो।
3. सभी प्राइवेट डीस्लजिंग ऑपरेटर से अनुरोध है कि वह नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, कार्यालय में अपना पंजीकरण आवश्यक करा लें अन्यथा की स्थिति में उन पर SWM Rule 2016 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
4. मैनुअल स्कैवेंजिंग पूर्णतय: प्रतिबंधित है तथा कोई भी कर्मचारी या व्यक्ति मैनुअली सीवर या सेप्टिक टैंक को खाली करते हुये/कराते हुए पाया जाता है तो उस पर रू. 2000 (दो हजार रूपये) का अर्थदण्ड एवं नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।
5. सेप्टिक टैंक मलवा/स्लज के निस्तारण में लगे समस्त सफाई मित्र व पंजीकृत स्लज ऑपरेटर बिना किसी सेप्टिक गियर अथवा इक्विपमेंट के सेप्टिक टैंक/सीवर में कार्य करते हुए पाए जाते हैं। तो सफाई मित्र, सीवर सेप्टिक वाहन स्वामी वाहन/व्यावसायिक आवास स्वामी के विरूद्ध नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत द्वारा SWM Rule 2016 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।
6. किसी भी दशा में अवैध, अपंजीकृत तथा सीधे श्रमिकों से सेप्टिक टैंकों को खाली व साफ न कराया जाए, कराए जाने पर उस पर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।
7. सेप्टिक टैंक खाली कराते समय निकलने वाली फीकल स्लज को खुले में ना बहाए।
8. उपभोक्ताओं/टैंकर संचालकों द्वारा यदि एकत्रित फीकल स्लज/अनुपचारित फीकल स्लज को खुले/नाले में बहाया जाता है तो उस सिति में मा. राष्ट्रीय हरित अभिकरण के नियमों को उल्लंघन मानते हुए प्रथम बार में 5000 रू. (पांच हजार रूपये) एवं पुनरावृत्ति होने पर 50000 रू. (पचास हजार रूपये) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।
9. नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा जनपद पीलीभत सीमान्तर्गत सभी सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS: 2470 Part 1 एवं IS:2470, Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित न कराये जाने पर 1000 रू. (एक हजार रूपये) अर्थदण्ड किया जा सकता है।
10. नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत के द्वारा अपनी सीवर सक्शन मशीन से नगर पंचायत सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु शुल्क 2000 रू. (दो हजार रूपये) प्रति ट्रिप देय होगा।
11. नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत के सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबर 14420/1533 तथा मो. 9837993914 पर संपर्क किया जा सकता है।
12. साफ-सफाई सम्बन्धित कोई भी सुझाव एवं शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1533 तथा मो. नं. 9837993914 पर संपर्क किया जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा पीलीभीत

अध्यक्ष नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा पीलीभीत

### भारत सेवक समाज इंटर कॉलेज रजपुरी नवादा जिला बरेली

(द्वारा संचालित-भारत सेवक समाज हायर सेकेन्ड्री स्कूल रजपुरी नवादा जिला बरेली पंजीकरण संख्या 189/1956-57 दिनांक 31.07.1956)

**सूचना**

सोसायटी साधारण सभा के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सोसायटी साधारण सभा के सदस्यों द्वारा विद्यालय भारत सेवक समाज इंटर कॉलेज रजपुरी नवादा जिला बरेली प्रबन्ध समिति के निर्वाचन कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित किया गया है:-

1. सोसायटी साधारण सभा के सदस्यों की अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 04.04.2026।
2. आपत्तियां कोई हो, को प्राप्त करना व अध्यक्ष द्वारा उनका निस्तारण करना दिनांक 06.04.2026 (11:00 AM)।
3. आपत्तियां निराकरण के उपरान्त अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 06.04.2026 (02:00 PM)
4. प्रबन्ध समिति सदस्यता हेतु नामांकन पत्रों की प्राप्ति व प्राप्त नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन दिनांक 07.04.2026 समय: 11:00 AM/02:00 PM
5. आपत्तियां यदि कोई हो, की प्राप्ति व आपत्ति निराकरण के उपरान्त नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन दिनांक 08.04.2026।

06. नामांकन पत्रों की वापसी यदि कोई हो- दिनांक 09.04.2026, 10:00 AM

07. प्रबन्ध समिति के सदस्यों का निर्वाचन- दिनांक 09.04.2026, 11:30 AM

08. प्रबन्ध समिति का निर्वाचन (विभागीय पर्यवेक्षक) की उपस्थिति में दिनांक 09.04.2026 मध्याहन-02:00 बजे।

**नोट:**- प्रबन्ध समिति के निर्वाचन सम्बन्धी सभी कार्य विद्यालय भवन में सम्पन्न होंगे। सभी सदस्यगणों से अनुरोध है कि वह कृपया करके उपस्थित होकर प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

सोसायटी अध्यक्ष

### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यॉंत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है :- **निविदा सं. एवं कार्य का विवरण : EL-MWS-GKP-2025-26-32,** प्रोविजन ऑफ इंडिकेशन्स ऑन-बोर्ड ऑफ यू.आर.ई. बी.सी. इन द स्विच बोर्ड कैबिनेट ऑफ एल. एच.बी. नान-ए.सी. कोचेज इन मैकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर, **अनुमानित लागत :** रु. 43,20,000/-, **बयाने की राशि :** रु. 86,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** 0.00, **कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से :** 12 महीना। • ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 24.04.2026 समय 11:00 बजे तक। • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार.)/

मुजाधि/विद्युत-01 पू.उ.रे./गोरखपुर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

### सूचना

सूचित किया जाता है कि फर्म-मै. ग्रीन वैली ओवरसीज़, विलेज चकदह, भगौतिपुर नियर धौरा टांडा, बरेली उत्तर प्रदेश पिनकोड-243202 (पंजीकरण संख्या-BAR/0016984) फर्म में 9 साझेदार है। जमील अहमद, मो. साहिद, मो. तारिक, वसीम अहमद, मो. इरफान, सगीर अहमद, जहीर अहमद, रईस अहमद, श्रीमती राफिया हसीब थे, दिनांक 04.04.2024 को साझेदार की रजमामंदी से एक साझेदार लईक अहमद को शामिल किया तथा एक साझेदार मो. इरफान दिनांक 04.04.2024 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गये। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है। साझेदार या फर्म का कोई लेन-देन बकाया नहीं है। अब फर्म में कुल 9 साझेदार जमील अहमद, मो. साहिद, मो. तारिक, वसीम अहमद, सगीर अहमद, जहीर अहमद, रईस अहमद, लईक अहमद, श्रीमती राफिया हसीब है। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है। एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बंध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी है।

जमील अहमद-साझेदार

मै. ग्रीन वैली ओवरसीज, बरेली, उ.प्र.

### कार्यालय नगर पंचायत मीरगंज जनपद-बरेली

पत्रांक : 794/न.पं.मीर./2025-26 दिनांक : 02.04.2026

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ''स्वच्छ भारत मिशन'' (नगरीय) के अन्तर्गत नगर के समस्त नागरिकों, दुकानदारों, व्यवसायियों, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों को शासन के आदेशासनुसार नगर में घर, दुकान, प्रतिष्ठान, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों में निर्मित सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS:2470 Part 1 एवं IS:2470, Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित कराया जाना आवश्यक है, एवं सैप्टेज प्रबंधन के अंतर्गत नगर पंचायत मीरगंज के समस्त भवन स्वामियों/नगरिकों को सूचित किया जाता है कि समस्त शौचालय सेप्टिक टैंक से संयोजित है, उक्त सेप्टिक टैंक को खाली कराने हेतु, समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत कार्यवाही अनिवार्य रूप से नियमानुसार सुनिश्चित करेंगे

1. सेप्टिक टैंक को उपभोक्ता द्वारा 3 वर्ष में एक बार खाली कराया जाना अनिवार्य है, न कराये जाने पर 500रू (पांच सौ रूपये) जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।
2. सेप्टिक टैंक भरे होने पर तत्काल ही खाली कराया जाना सुनिश्चित करेंगे जिससे किसी भी स्थिति में मल/फीकल स्लज नालियों में प्रवाहित ना हो।
3. सभी प्राइवेट डीस्लजिंग ऑपरेटर से अनुरोध है कि वह नगर पंचायत मीरगंज़, कार्यालय में अपना पंजीकरण आवश्य करा लें अन्यथा की स्थिति में उन पर SWM Rule 2016 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
4. मैनुअल स्कैवेंजिंग पूर्णतय: प्रतिबंधित है तथा कोई भी कबर्मचारी या व्यक्ति मैनुअली सीवर या सेप्टिक टैंक को खाली करते हुए/कराते हुए पाया जाता है तो उस पर रू. 2500 (दो हजार पांच सौ रूपये) का अर्थदण्ड एवं नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।
5. सेप्टिक टैंक के मलवा/स्लज के निस्तारण में लगे समस्त सफाई मित्र व पंजीकृत स्लज ऑपरेटर बिना किसी सेप्टिक गियर अथवा इक्विपमेंट के सेप्टिक टैंक/सीवर में कार्य करते हुए पाए जाते हैं। तो सफाई मित्र, सीवर सेप्टिक वाहन स्वामी वाहन/व्यावसायिक आवास स्वामी के विरूद्ध नगर पंचायत मीरगंज द्वारा SWM Rule 2016 के विहित प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।
6. किसी भी दशा में अवैध, अपंजीकृत तथा सीधे श्रमिकों से सेप्टिक टैंको को खाली व साफ न कराया जाए, कराए जाने पर उस पर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।
7. सेप्टिक टैंक खाली कराते समय निकलने वाली फीकल स्लज को खुले में ना बहाए।
8. उपभोक्ताओं/टैंकर संचालको द्वारा यदि एकत्रित फीकल स्लज/अनुपचारित फीकल स्लज को खुले/नाले में बहाया जाता है तो उस स्थिति में मा. राष्ट्रीय हरित अभिकरण के नियमों को उल्लंघन मानते हुए प्रथम बार में 5000 रू (पांच हजार रूपये) एवं पुनरावृत्ति होने पर 50000 रू (पचास हजार रूपये) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।
9. नगर पंचायत मीरगंज जनपद-बरेली सीमांतर्गत सभी सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS:2470 Part 1 एवं IS:2470, Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित न कराये जाने पर 1000 रू (एक हजार रूपये) अर्थदण्ड किया जा सकता है।
10. नगर पंचायत मीरगंज बरेली के द्वारा अपनी सीवर सक्शन मशीन से नगर पंचायत सीमांतर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु शुल्क 2500 रू. (दो हजार पांच सौ रूपये) प्रति ट्रिप देय होगा।
11. नगर पंचायत मीरगंज बरेली के सीमांतर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबर 14420/1533 तथा मो. नं. 8189078028 पर संपर्क किया जा सकता है।
12. साफ-सफाई सम्बन्धित कोई भी सुझाव एवं शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1533 तथा मो. नं. 8189078028 पर संपर्क किया जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, मीरगंज, बरेली

अध्यक्ष नगर पंचायत, मीरगंज, बरेली

### कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

पत्रांक : 45/न.पा.प.ब./2025-26 दिनांक : 02.04.2026

**विज्ञप्ति**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ''स्वच्छ भारत मिशन'' (नगरीय) के अन्तर्गत नगर के समस्त नागरिकों, दुकानदारों/व्यावसायियों, शासकीय/अर्द्शासकीय कार्यालयों को शासन के आदेशानुसार नगर में घर, दुकान के समस्त भवन स्वामियों/नागरिकों को सूचित किया जाता है कि समस्त शौचालय सेप्टिक टैंक से संयोजित है, उक्त सेप्टिक टैंक को खाली कराने हेतु समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत कार्यवाही अनिवार्य रूप से निम्नानुसार सुनिश्चित करेंगे।

1. सेप्टिक टैंक को भवन स्वामियों द्वारा 3 वर्ष में एक बार खाली कराया जाना अनिवार्य है, न कराये जाने पर 500 रू. (पांच सौ रूपये) जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।
2. सेप्टिक टैंक भरे होने पर तत्काल ही खाला कराया जाना सुनिश्चित करेंगे जिससे किसी भी स्थिति में मल/फीकल स्लज नालियों में प्रवाहित ना हो।
3. सभी प्राइवेट डीस्लजिंग ऑपरेटर से अनुरोध है कि वह नगर पालिका परिषद बहेड़ी, कार्यालय में अपना पंजीकरण आवश्य करा लें अन्यथा की स्थिति में उन पर SWM Rule 2016 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
4. मैनुअल स्कैवेजिंग पूर्णतय प्रतिबंधित है तथा कोई भी कर्मचारी या व्यक्ति मैनुअली सीवर या सेप्टिक टैंक को खाली करते हुए या कराते हुए पाया जाता है तो उस पर रू. 2000 (दो हजार रूपये) का अर्थदण्ड एवं नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
5. सेप्टिक टैंक के मलवा/स्लज के निस्तारण में लगे समस्त सफाई मित्र व पंजीकृत स्लज ऑपरेटर बिना किसी सेप्टिक गियर अथवा इक्विपमेंट के सेप्टिक टैंक सीवर में कार्य करते हुए पाए जाते हैं तो सफाई मित्र, सीवर सेप्टिक वाहन स्वामी/ व्यावसायिक आवास स्वामी के विरूद्ध नगर पालिका परिषद बहेड़ी द्वारा SWM Rule 2016 के विहित प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।
6. किसी भी दशा में अवैध, अपंजीकृत तथा सीधे श्रमिकों से सेप्टिक टैंकों को खाली व साफ न कराया जाए, कराए जाने पर उस पर नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।
7. सेप्टिक टैंक खालनी कराते समय निकलने वाली फीकल स्लज को खुले में ना बहाएं।
8. भवन स्वामियों, टैंक संचालकों द्वारा यदि एकत्रित फीकल स्लज अनुपचारित फीकल स्लज को खुले नाले में बहाया जाता है तो उस स्थिति में मा. राष्ट्रीय हरित अभिकरण के नियमों का उल्लंघन मानते हुए प्रथम बार में 5000 रू. (पांच हजार रूपये) एवं पुनरावृत्ति होने पर 50000 रू. (पचास हजार रूपये) तक जुर्माना लगाया जा सकता है।
9. नगर पालिका परिषद बहेड़ी जनपद बरेली सीमांतर्गत सभी सेप्टिक टैंक को IS:240, IS:2470 Part 1 एवं IS:2470 Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित न कराये जाने पर 1000 रू. (एक हजार रूपये) अर्थदण्ड किया जा सकता है।
10. नगर पालिका परिषद बहेड़ी, बरेली के द्वारा अपनी सीवर सक्शन मशीन के द्वारा नगर पालिका परिषद बहेड़ी सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु शुल्क 2000 रू. (दो हजार रूपये) प्रति ट्रिप देय होगा।
11. नगर पालिका परिषद बहेड़ी, बरेली के सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबर 14420/1533 तथा मो. नं. 9358521698 पर संपर्क किया जा सकता है।
12. साफ-सफाई से सम्बन्धित कोई भी सुझाव एवं शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1533 तथा मो.नं. 9358521698 पर संपर्क किया जा सकता है।

(अहमद हसन) सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

(शशि प्रभा चौधरी) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

(रश्मि जायसवाल) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)


## कबाड़ प्रतिष्ठान में लाखों की कर चोरी पकड़ी

**खुटार, अमृत विचार:** नगर के पुवायां रोड स्थित अंबे ट्रेडर्स कबाड़ प्रतिष्ठान पर गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे जीएसटी विभाग की एसआईबी टीम ने छापेमारी करते हुए लाखों की जीएसटी चोरी पकड़ी है। डिप्टी कमिश्नर अनुज सिंह के नेतृत्व में स्टेट टैक्स अधिकारी तारा चंद्र और असिस्टेंट कमिश्नर वेदप्रकाश के साथ लखनऊ, बरेली और शाहजहांपुर की 12 सदस्यीय संयुक्त टीम पहुंची और कार्यालय में रखे दस्तावेजों के साथ वहां मौजूद पुराने वाहन, ट्रैक्टर, कंबाइन और पाट्र्स को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

## मुख्य आरोपी के पिता समेत छह के खिलाफ वाद

**दातागंज, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट पर दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह के पिता, पूर्व प्रधान ताऊ समेत छह लोगों पर जमीन पर कब्जा करने के मामले में गुरुवार को मामला दिया गया है। साथ ही, 45.99 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया गया। सभी को बेदखली का नोटिस भी जारी किया गया है। प्लांट के उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की प्लांट के भीतर दिन-दहाडे. तीन गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह समेत तीन आरोपियों को जेल भेजा चुका है।

## मुठभेड़ के बाद लूट का आरोपी दबोचा

**बिसौली, अमृत विचार :** बिसौली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद लूट के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। मुठभेड़ में गोली लगने से एक सिपाही भी घायल हो गया है। बदमाश के पास से लूटा हुआ मोबाइल फोन, एक बाइक, तमंचा, दो जिंदा व दो खोखा कारतूस बरामद हुए। कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव शेखूपुरा के पास 5 मार्च को बाइक सवार दो युवकों ने फिरोजपुर निवासी बॉबी पाठक पुत्र नरेंद्र पाठक को लिफ्ट देने के बहाने 5250 रुपये और मोबाइल फोन लूट लिया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी।


### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-टेन्डर निविदा सूचना**

मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण/पूवोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति के ओर से ई-टेन्डर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेंडर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदायं आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना सं0 एवं कार्य का विवरण** : एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/04/2026 **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे, के अंतर्गत प्लान हेड 16 के तहत देवकली, झरेखापुर एवं गोमतीनगर तथा मंधना – कानपुर अनवरगंज एलिवेटेड ट्रैक कार्य तथा बाराबंकी-बुढ़वल तीसरी लाइन कार्य के सम्बन्ध में यार्ड रिमॉडलिंग के प्रावधान, स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग का संवर्धन कार्य हेतु नवीनतम ऐसआईपी/ईऐसपी के अनुसार RDSO स्पेसिफिकेशन संख्या RDSO/SPN/192/2019 या इसके नवीनतम संस्करण (नवीनतम संशोधनों के साथ) के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के डिज़ाइन, प्रोग्रामिंग, इंस्टालेशन, सप्लाई, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग तथा आंशिक सामान की आपूर्ति के साथ इंडोर और आउटडोर कार्य एवं अन्य टेलीकॉम तथा अन्य शिफ्टिंग कार्य। **बयाना राशि (रु.):** ₹ 85,12,100.00/- **अनुमानित ठेका लागत (रु.) :** ₹ 42,56,02,626.74/- **स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि :** दिनांक-22.04.2026 को 15:00 बजे। **नोट :** • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नही है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिये।

उप मुसिदूइं/निर्माण/गोरखपुर

मुजाधि/सिगनल-01

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

### पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मुवक्किल श्रीमती निधि मोदी पत्नी विकास मोदी निवासी म.सं. 55 कालीबाड़ी, श्यामगंज, तहसील व जिला बरेली पीरामल फाईनेंस लि. शाखा बरेली से एक किता मकान नम्बर 125 आराजी तादादी 259.20 वर्गमीटर वाकै मोहल्ला जुल्फिकारगंज पर. तह. व जिला बरेली जिसकी चौहद्दी पूरब में रास्ता व मकान बादहू नाली व मन्दिर व पश्चिम में बकिया मकान नम्बर 125 का पार्ट शरद खण्डेलवाल व कैलाश खण्डेलवाल, उत्तर में दुकान नेकराम, ज्वाला प्रसाद व दुकान अग्रवाल ट्रेडिंग कम्पनी व दक्षिण में सड़क सरकारी है, उक्त सम्पत्ति धीरज खण्डेलवाल 2. नीरज खण्डेलवाल पुत्रगण स्व. हरगोविन्द प्रसाद खण्डेलवाल स्वयं व मुख्त्यारेआम श्रीमती मुक्ता खण्डेलवाल पत्नी श्री गौरव खण्डेलवाल पुत्री हरगोविन्द प्रसाद खण्डेलवाल निवासीगण एकता नगर बरेली (दिनांक 07.05.2023) 3. जगदीश चन्द्र खण्डेलवाल पुत्र श्री रामेश्वर दास निवासी राधेश्याम इन्कलेव बरेली स्वयं व मुख्त्यारेआम कैलाश नाथ खण्डेलवाल पुत्र स्व. रामेश्वर दास निवासी कालीबाड़ी बरेली (दिनांक 03.08.2023)4. दीपक पुत्र स्व. चन्द्र प्रकाश निवासी जुल्फिकारगंज होली चौराहा स्वयं व मुख्त्यारेआम संजय खण्डेलवाल पुत्र स्व. सुरेश चन्द्र खण्डेलवाल (दिनांक 30.03.2025) 5. वैभव खण्डेलवाल पुत्र स्व. विजय खण्डेलवाल निवासी जुल्फिकारगंज होली चौराहा बरेली 6. श्रीमती बिमला रानी पत्नी स्व. बनवारी लाल 7. श्रीमती बीना खण्डेलवाल पत्नी स्व. प्रकाश खण्डेलवाल 8. अंकित खण्डेलवाल पुत्र स्व. प्रकाश खण्डेलवाल स्वयं व मुख्त्यारेआम 9. नित्या खण्डेलवाल पुत्र स्व. प्रकाश खण्डेलवाल शोज वाटिका हरूनगला बीसलपुर रोड बरेली 10. पंकज खण्डेलवाल पुत्र स्व. हरीओम 11. श्रीमती गुंजन खण्डेलवाल पत्नी अनुभव खण्डेलवाल निवासीगण एकता नगर बरेली 12. उर्मिला खण्डेलवाल पत्नी स्व. हरगोविन्द खण्डेलवाल निवासीगण 21 बी एकता नगर बरेली 13. शैलेश कुमार खण्डेलवाल पुत्र स्व. सतीशचन्द्र निवासी गुलमोहर पार्क राजेन्द्र नगर बरेली स्वयं व मुख्त्यारेआम श्रीमती श्रद्धा गुप्ता पुत्री स्व. सतीशचन्द्र निवासी गुलमोहर पार्क राजेन्द्र नगर, बरेली 14. श्रीमती लता खण्डेलवाल पत्नी स्व. सतीश चन्द्र निवासी 48 गुलमोहर पार्क राजेन्द्र नगर बरेली 15. श्रीमती आरती पत्नी स्व. संदीप कुमार निवासी टियूलिप ग्रान्ड आईबीआरआई रोड इज्जतनगर बरेली 16. उज्जवल पुत्र संदीप कुमार निवासी सैकेण्ड फ्लोर ट्यिूलिप ग्रान्ड आईबीआरआई रोड इज्जतनगर बरेली 17. श्रीमती लता खण्डेलवाल पत्नी स्व. चन्द्र प्रकाश निवासी जुल्फिकार होली चौराहा बरेली को निर्णय न्यायालय अपर सिविल जज (सी.डि.) बरेली वाद सं-05 बरेली मूलवाद हुई। उक्त सम्पत्ति पाक व साफ है तथा उपरोक्त सम्पत्ति के स्वामित्व के सम्बन्ध में कोई वाद विवाद नहीं है।

अत: इस बाबत यदि किसी व्यक्ति/संस्था/ बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो उक्त आपत्ति इस प्रकाशन के 07 दिन के भीतर समस्त दस्तावेजों, साक्ष्यों सहित सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्यावधि में व्यक्तिगत रूप से मेरे मुवक्किल की उपरोक्त शाखा अथवा मेरे कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुए कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

अमिताभ भंज एडवोकेट

कार्यालय-चैम्बर नम्बर 11

बड़ा वकालतखाना, सिविल कोर्ट, बरेली

सूचीबद्ध अधिवक्ता

पीरामल फाईनेंस लि., बरेली

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नगालैंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष थेरी ने आरोप लगाकर पार्टी छोड़ी

**कोहिमा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के थेरी ने बृहस्पतिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) पर विश्वासघात और पार्टी की नगालैंड इकाई के मामलों में असंवैधानिक हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया। नगालैंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एनपीसीसी) के पूर्व अध्यक्ष और राज्य सरकार में मंत्री रहे थेरी ने प्रदेश प्रभारी और सांसद सप्तगिरि शंकर उलका के माध्यम से एआईसीसी अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया। थेरी ने कहा कि उन्होंने यह कदम एआईसीसी के कांग्रेस और एनपीसीसी के बीच हुए 10 सूत्री कार्यप्रणाली समझौते से पीछे हटने के कारण उठाया है।

### छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में ईडी कोर्ट में 82 आरोपियों की पेशी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में गुरुवार को ईडी की विशेष अदालत में अहम सुनवाई हुई। इस दौरान पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल सहित कुल 82 आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। इनमें 59 नए आरोपी शामिल हैं, जिनमें 28 आबकारी विभाग के अधिकारी भी बताए जा रहे हैं। कोर्ट ने सभी आरोपियों के बयान दर्ज किए। अधिवक्ता फैजल रिजवी के अनुसार, इस प्रकरण में ईडी पहले ही आरोप पत्र प्रस्तुत कर चुकी थी।

# संयुक्त राष्ट्र ने जताई आशंका, भारत में हाशिये पर चले जाएंगे ट्रांसजेंडर लोग

## ट्रांसजेंडर विधेयक पर कहा- लंबे संघर्ष के बाद हासिल अधिकारों को पहुंचेगा नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक 2026 के पारित होने पर बृहस्पतिवार को चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इससे ट्रांसजेंडर समुदाय को लंबे संघर्ष के बाद हासिल अधिकारों के कमजोर होने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार ने इस मामले में हितधारकों के साथ पर्याप्त परामर्श किए बिना विधेयक को जल्दबाजी में पारित किए जाने पर निराशा भी जताई है।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, संशोधनों से ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को कड़े संघर्ष के बाद हासिल अधिकारों को नुकसान पहुंचने का खतरा है, क्योंकि ये स्व परिकल्पित लैंगिक पहचान को अनिवार्य चिकित्सा सत्यापन प्रक्रियाओं से बदल देंगे। संगठन ने कहा, भारत ट्रांसजेंडर और विभिन्न यौन अभिविन्यास वाले लोगों के अधिकारों को मान्यता देने के मामले में अग्रणी रहा है। इस विधेयक का निजता के अधिकार पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा और इससे ट्रांसजेंडर लोगों के हाशिये पर चले जाने का खतरा है। देश में विपक्षी सांसदों ने भी इस विधेयक की आलोचना की है। उनका कहना था कि इसमें समलैंगिक पुरुषों और समलैंगिक महिलाओं को इसके दायरे से बाहर रखा गया है। हालांकि, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को शारीरिक क्षति पहुंचाने पर क्रमिक दंड का प्रावधान करने वाले ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2026 को 30 मार्च को मंजूरी दे दी थी।

विधेयक में यह निर्धारित करने के लिए एक प्राधिकरण के गठन का प्रावधान किया गया है कि कोई व्यक्ति ट्रांसजेंडर है या नहीं। इस प्रावधान को लेकर भी विपक्ष ने आपत्ति जताई है। कानून मंत्रालय की 30 मार्च की अधिसूचना के मुताबिक, संशोधित कानून केंद्र सरकार की ओर से राजपत्र में अधिसूचना जारी कर निर्धारित की गई तिथि से लागू होगा। संसद के दोनों सदनों में हुई बहस के दौरान सरकार ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की सुरक्षा करना है, जबकि विपक्ष ने आरोप लगाया कि यह प्रस्तावित कानून आत्म-पहचान के अधिकार को सीमित करता है।



### स्व परिकल्पित लैंगिक पहचान विधेयक के दायरे से बाहर

विधेयक में ट्रांसजेंडर शब्द की स्पष्ट परिभाषा देने और विभिन्न यौन अभिविन्यास तथा स्वपरिकल्पित लैंगिक पहचान को इसके दायरे से बाहर रखने का प्रस्ताव है। विधेयक में कहा गया है कि ट्रांसजेंडर व्यक्ति में विभिन्न यौन अभिविन्यास और स्व परिकल्पित लैंगिक पहचान वाले व्यक्तियों को न तो शामिल किया जाएगा और न ही कभी शामिल किया गया है। कहा गया है कि अधिनियम का उद्देश्य ट्रांसजेंडर के रूप में पहचाने जाने वाले एक विशेष वर्ग के लोगों की सुरक्षा करना है, जो गंभीर सामाजिक भेदभाव का सामना करते हैं।

### सीएपीएफ विधेयक को मिली संसद की मंजूरी, विपक्ष के संशोधन खारिज

- केंद्रीय गृहराज्य मंत्री ने कहा- यह बिल अस्पष्टता को दूर करेगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) सामान्य प्रशासन विधेयक 2026 को बृहस्पतिवार को लोकसभा में भी पारित कर दिया गया और विपक्षी सदस्यों के संशोधनों को खारिज कर दिया गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक के संबंध में विपक्ष की आशंकाओं को खारिज करते हुए लोकसभा में कहा कि यह सीएपीएफ के किसी भी वर्ग के अहित में नहीं है और यह बलों को अधिक सशक्त बनाने में सहायक होगा।

राज्यसभा ने बुधवार को विधेयक को मंजूरी प्रदान की थी। इसके साथ ही विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गई। मंत्री ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक सीएपीएफ के अधिकारियों की सेवा शर्तों में उत्पन्न प्रशासनिक अस्पष्टता तथा कैडर प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिससे इन बलों की कार्यकुशलता और मनोबल दोनों को सुदृढ़ किया जाएगा। विपक्ष ने इसमें राजनीतिक रोटी सेंकने का प्रयास किया है।

इससे पहले विपक्षी सदस्यों ने बिना गृह मंत्री के चर्चा शुरू होने पर आपत्ति जताई लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उसे खारिज कर दिया। तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा ने एक संशोधन प्रस्तुत करते हुए कहा कि विधेयक को 15 सदस्यीय प्रवर समिति को भेजा जाए। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के कुछ सदस्यों ने इसे गहन विचार-विमर्श के लिए जेपीसी या प्रवर समिति के पास भेजने की मांग की थी।

# खरात ने अलग-अलग नामों से खुलवाए थे 130 बैंक खाते

मुंबई, एजेंसी

- इन खातों में हुआ था 62.74 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन, रूपाली चाकणकर की बहन के नाम भी था एक खाता

बलात्कार के कई मामलों में आरोपी स्वयंभू बाबा अशोक खरात ने महाराष्ट्र में अलग-अलग नामों से दो सहकारी क्रेडिट सोसाइटी में 130 से अधिक खाते खुलवाए और पिछले कुछ साल में 62.74 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन किए। एक खाता महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रुपाली चाकणकर की बहन के नाम पर भी खोला गया था।



चाकणकर ने खरात से संबंधों की बात सामने आने के बाद पिछले महीने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था। खरात को नासिक में बलात्कार के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, खरात के लेनदेन से संबंधित जानकारी अहिल्यानगर जिले में खरात, उसकी पत्नी कल्पना और तीन अन्य के खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी मामले की जांच के दौरान सामने आई। मामला खरात दंपती की ओर से शिरडी में चार एकड़ जमीन हड़पने की कोशिश से जुड़ा है, जिसके मालिक को उन्होंने 5.52 करोड़ रुपये का कर्ज दिया था।

अहिल्यानगर के पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घोष ने बताया कि शिरडी पुलिस ने मामले में दो दलालों को गिरफ्तार किया है और कल्पना व एक अन्य व्यक्ति की तलाश कर रही है। कल्पना को विदेश जाने से रोकने के लिए पुलिस ने उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि खरात ने अहिल्यानगर जिले में दो सहकारी क्रेडिट सोसाइटी में अलग-अलग लोगों के नाम पर 130 से अधिक खाते खुलवाए थे।

पुलिस के अनुसार इन खातों से पिछले कुछ वर्षों में भारी लेन-देन हुआ और एक सोसाइटी में 60 करोड़ रुपये से अधिक और दूसरी में 2.74 करोड़ रुपये से अधिक के लेन-देन की जानकारी मिली।

### संसद में अभी जारी रहेगा बजट सत्र, 16 को होगी बैठक, महिला आरक्षण विधेयक लागू करने का संकल्प ला सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने की बजाय 16 अप्रैल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की गई। सरकार की ओर से मिले संकेतों के अनुसार बजट सत्र में दूसरे लंबे अवकाश के बाद महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने का संकल्प लाया जा सकता है। सदन में की गई घोषणा के हिसाब से 16 अप्रैल को होने वाली बैठक बजट सत्र का ही हिस्सा मानी जाएगी। इस तरह इस बार बजट सत्र में दो लंबे अवकाश हो गए हैं। पहले घोषित कार्यक्रम के अनुसार बजट सत्र का गुरुवार को अखिरी दिन माना जा रहा था।

# तेजस दो महीने के ठहराव के बाद उड़ने के लिए फिर तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय वायु सेना के तेजस हल्के लड़ाकू विमान अगले सप्ताह से उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। दो महीने पहले हवाई अड्डे पर एक विमान से जुड़ी दुर्घटना के बाद पूरे बेड़े को उड़ान से रोक दिया गया था।

लड़ाकू विमानों के निर्माता हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अध्यक्ष डीके सुनील ने बताया कि 34 तेजस विमानों का पूरा बेड़ा आठ अप्रैल से उड़ान भरने के लिए तैयार है, क्योंकि विमान के सॉफ्टवेयर में पाई गई खामी को दूर कर लिया गया है। उन्होंने बताया, सभी तेजस लड़ाकू विमान अगले बुधवार से फिर उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। फरवरी के पहले सप्ताह में एक तेजस विमान के रनवे से आगे निकल जाने के बाद इसके बेड़े को उड़ान से रोक दिया गया था। यह दुर्घटना एयरबेस पर हुई थी और संभवतः ब्रेक फेल होने के कारण हुई थी। इस घटना के बाद भारतीय वायु सेना ने विमानों की व्यापक जांच के आदेश भी दिए थे।

वायु सेना द्वारा लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन से संबंधित कुछ मुद्दों को उठाए जाने के बारे में पूछे जाने पर, एचएएल के सीएमडी ने कहा कि मई में एक परियोजना समीक्षा समिति द्वारा लड़ाकू विमानों की आपूर्ति के लिए मंजूरी दिए जाने की संभावना है रक्षा क्षेत्र की प्रमुख अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस ने एचएएल को लड़ाकू विमानों के पांच इंजन सौंपे हैं और छठा इंजन अगले कुछ दिनों में आपूर्ति किए जाने की उम्मीद है।



- रनवे पर उतरते वक्त दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद रोक दिया था पूरे बेड़े का संचालन
- एचएएल ने विमान के सॉफ्टवेयर की खामी को दूर करने का किया दावा

### जल्द मिलेंगे छह और तेजस

भारतीय वायु सेना को तेजस मार्क 1ए संस्करण की आपूर्ति में देरी के बारे में सुनील ने कहा कि एचएएल दिसंबर तक 20 से अधिक लड़ाकू विमान तैयार कर लेगी और उनमें से छह की आपूर्ति जल्द ही की जा सकती है क्योंकि रडार, एवियोनिक्स और मिसाइल-फायरिंग सिस्टम के अंतिम परीक्षण वर्तमान में जारी हैं। लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में देरी मुख्य रूप से जीई एयरोस्पेस द्वारा एफ-404 एयरो इंजनों की आपूर्ति के लिए कई समय सीमाओं को पूरा न कर पाने के कारण हो रही है।

# पीएनजी नेटवर्क के विस्तार के लिए जल्द मंजूरी दें राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र ने समयसीमा के साथ तीन सप्ताह की कार्ययोजना बनाने का दिया निर्देश

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को राज्यों और शहरी स्थानीय निकायों से कहा है कि वे शहरों में पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) के विस्तार को जल्द से जल्द मंजूरी दें और इसे समय पर पूरा करें।

सभी जिलों और स्थानीय निकायों को निर्देश दिया गया है कि वे वार्ड-वार लक्ष्यों और स्पष्ट समयसीमा के साथ तीन सप्ताह की एक कार्य योजना तैयार करें। यह निर्देश केंद्रीय आवास और शहरी मामलों (एचयूए) के सचिव श्रीनिवास कतिकीथला और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सचिव नीरज मित्तल की अध्यक्षता में हुई एक संयुक्त समीक्षा बैठक के दौरान जारी किए गए। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, राज्यों और स्थानीय निकायों से पाइपलाइन बिछाने के काम के लिए जल्द से जल्द मंजूरी देने को कहा गया है।

अधिकारियों ने उन क्षेत्रों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया जहां पाइपलाइन का ढांचा पहले से उपलब्ध है और जहां बहुमंजिला आवासीय सोसायटी हैं, ताकि लगभग 30 लाख लंबित घरेलू कनेक्शन को जल्द से जल्द चालू किया जा सके। प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राज्यों से जिला और शहर स्तर पर विशेष निगरानी टीम बनाने को भी कहा गया है।

### जग्गी हत्याकांड: अमित जोगी को तीन सप्ताह में आत्मसमर्पण का आदेश

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे और पूर्व विधायक अमित जोगी को 2003 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता रामावतार जग्गी की हत्या के मामले में दोषी ठहराया और उन्हें तीन सप्ताह के भीतर अदालत के सामने आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद हाईकोर्ट ने पिछले महीने इस मामले में फिर सुनवाई शुरू की थी। सीबीआई के अधिवक्ता वैभव ए गोवर्धन ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा की खंडपीठ ने बृहस्पतिवार को अमित जोगी को बरी किए जाने के फैसले को रद्द करते हुए उन्हें दोषी ठहराया और अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश जारी किया।

### मुख्यमंत्री उमर ने गांदरबल मुठभेड़ पर सवाल उठाए

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के गांदरबल में सेना के साथ मुठभेड़ में 29 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत ने कई हलकों में चिंता पैदा कर दी है। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी पारदर्शी और समयबद्ध जांच की मांग की है। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भी इसका समर्थन किया है।

श्रीनगर के अरहामा गांव में रात भर चले अभियान के दौरान सेना ने एक आतंकवादी को मार गिराने का दावा किया था। अब्दुल्ला ने एक्स पर कहा, मेरा मानना है कि परिवार के दावे को सिरे से खारिज नहीं किया जाना चाहिए। इस घटना की पारदर्शी जांच होनी चाहिए। लोकसभा सदस्य आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी ने कहा, मुठभेड़ में मारे गए राशिद अहमद मुगल के परिवार का कहना है कि वह निर्दोष था और उसका आतंकवाद से कोई संबंध नहीं था। उसके कपड़े भी बदले गए थे। सेना उसकी पहचान उजागर करने से इन्कार कर रही है।

# एससी-एसटी युवाओं पर 2018 में दर्ज केस वापस ले सरकार: राहुल

- लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, सहानुभूति दिखाने को कहा


**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वर्ष 2018 में अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के मुद्दे पर हुए विरोध प्रदर्शनों को लेकर युवाओं के खिलाफ दर्ज मामले वापस लिए जाएं या रद्द किए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार को सहानुभूति दिखाते हुए दलित युवाओं को कानूनी कार्यवाही के बोझ से मुक्त करना चाहिए।

राहुल गांधी ने पत्र में कहा, मैं एससी और एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम को कमजोर करने के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के दौरान दो अप्रैल 2018 को दलित और आदिवासी युवाओं के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने का अनुरोध करने के लिए लिख रहा हूं। उस दिन प्रदर्शन के दौरान 14 दलित युवकों की दुखद मृत्यु हो गई। राहुल ने कहा, विरोध प्रदर्शन उस न्यायिक फैसले के कारण शुरू हुए, जिसने एससी-एसटी अधिनियम को कमजोर कर दिया था। यह एक ऐसा कानून है जिसने लाखों दलितों और आदिवासियों को व्यवस्थागत भेदभाव और हिंसा के खिलाफ न्याय और सुरक्षा पाने का अधिकार दिया है।

### अमेरिकी संस्थानों में भारतीय छात्रों की संख्या 6.9% घटी

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा को बताया कि अमेरिका में प्राथमिक शिक्षा से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में 35 लाख से अधिक भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं और उनकी संख्या में पिछले एक साल की तुलना में करीब 6.9 प्रतिशत की गिरावट आई है।

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग के छात्र और विनिमय आगंतुक सूचना प्रणाली मैपिंग टूल की ओर से जारी कुछ आंकड़े साझा किए। उन्होंने बताया कि फरवरी 2025 में अमेरिका में विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों में अध्ययनरत भारतीय छात्रों की कुल संख्या 3,78,787 छात्र थी जो फरवरी 2026 में घटकर 3,52,644 छात्र हो गई।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# केरल में यूडीएफ-एलडीएफ से तंग आ चुके हैं लोग : मोदी

## प्रधानमंत्री ने बूथ स्तर कार्यकर्ताओं से ऑनलाइन किया संवाद

नयी दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को केरल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से कहा कि तिरुवनंतपुरम में स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी को मिली सफलता नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा के लिए बढ़ते समर्थन की लहर को दर्शाती है। मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुए संवाद में कहा कि यह स्पष्ट है कि इस बार केरल न केवल एक नयी सरकार, बल्कि एक नयी व्यवस्था भी चुनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लहर है।

तिरुवनंतपुरम ने एक नयी मिसाल कायम की है। अब तक वाम दलों और कांग्रेस दोनों का मानना था कि कुशासन या कुप्रबंधन की परवाह किए बिना वे बारी-बारी से सत्ता में आ सकते हैं। हालांकि, तिरुवनंतपुरम ने इस धारणा को चकनाचूर कर दिया है। मोदी ने कहा कि नतीजतन, संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) अब एक-दूसरे पर हमले करने के बजाय भाजपा को निशाना बना रहे हैं... लोग यूडीएफ और एलडीएफ द्वारा की जा रही लूट से तंग आ चुके हैं। संवाद में प्रधानमंत्री ने मौके पर खरा उतरने के महत्व को रेखांकित किया और इस बाबत केरल के क्रिकेट खिलाड़ी संजू सैमसन का उदाहरण दिया। मोदी ने कहा कि हम अक्सर संजू सैमसन के

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने यूडीएफ के उम्मीदवार का चुनाव प्रचार रोका

- यौन उत्पीड़न के मामले में की गई टिप्पणी का विरोध

**पलक्कड़, एजेंसी।** भाजपा कार्यकर्ताओं के एक समूह ने बुधवार रात पलक्कड़ चुनाव क्षेत्र में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के उम्मीदवार रमेश पिशारडी के चुनाव प्रचार को रोक दिया, जिससे चुनाव के इस अहम समय में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की प्रदेश महासचिव और राजग उम्मीदवार शोभा सुरेंद्रन ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन पिशारडी की उन टिप्पणियों के खिलाफ था, जो उन्होंने हाल ही में यौन उत्पीड़न के एक मामले में फिल्म निर्देशक रंजीत की गिरफ्तारी को लेकर की थीं। उन्होंने पिशारडी पर इस गंभीर मुद्दे को हल्का बनाने का आरोप लगाया। पिशारडी ने घेराव की निंदा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में उम्मीदवारों को सभी क्षेत्रों में वोट मांगने का अधिकार है। तनाव को देखते हुए बाद में यूडीएफ की टीम वहां से हट गयी। केरल में नौ अप्रैल को होने वाले चुनावों के लिए राजग, यूडीएफ और एलडीएफ के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।

### पोल ट्रैकर के सर्वेक्षण में द्रमुक गठबंधन को 172-178 सीटें मिलने की संभावना

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन को भारी बहुमत के साथ सत्ता बरकरार रखने की प्रबल संभावना जताई गई है। पोल ट्रैकर की ओर से बृहस्पतिवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह दावा किया गया। सर्वेक्षण में इस गठबंधन को स्पष्ट बढ़त मिलने की भविष्यवाणी की गई है, जिसमें अनुमान लगाया गया है कि यह 234 सदस्यीय सदन में 172 से 178 सीटें हासिल कर सकता है। अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले प्रमुख विपक्षी गठबंधन को 46 से 52 सीटों पर सिमटने का अनुमान जताया गया है। सर्वेक्षण के मुताबिक, द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन को कुल वोटों का 42.7 प्रतिशत मिलने की उम्मीद है। वहीं, अभिनेता से राजनेता बने विजय के नेतृत्व वाली नवगठित तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) को 19.2 प्रतिशत वोट शेयर के साथ उल्लेखनीय शुरुआत करने का अनुमान है, जिससे उसे छह से 12 सीटें मिल सकती हैं।

### आयोग ने तमिलनाडु में नए डीजीपी की नियुक्ति की

**चेन्नई।** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी संदीप राय राठौर को तमिलनाडु का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया। वह प्रभारी डीजीपी और पुलिस बल प्रमुख जी वेंकटरमन का स्थान लेंगे। शंकर जीवाल की सेवानिवृत्ति के बाद से वेंकटरमन सितंबर 2025 से तमिलनाडु के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक और पुलिस प्रमुख के रूप में कार्यरत थे।

### न्यायिक अधिकारियों पर हमला निंदनीय, भाजपा रच रही साजिश : ममता

**सुति/सागरदिघी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव मामले में गुरुवार को भाजपा और निर्वाचन आयोग को निशाना बनाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बंगाल में अशांति फैलाने और अंततः विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया। मुर्शिदाबाद जिले के सागरदिघी और सुति में रैलियों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने सधे हुए शब्दों में भाजपा पर तीखा हमला किया और लोगों से भाजपा के दंगों के जाल में नहीं फंसने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि निर्वाचन आयोग के हस्तक्षेप के बाद प्रशासनिक शक्तियां छीन लिए जाने के बावजूद वह राजनीतिक रूप से लड़ाई लड़ रही हैं।

### सीईसी ज्ञानेश कुमार को हटाने के नोटिस पर चुप्पी क्यों: टीएमसी

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ''ब्रायन ने संसद में विपक्षी नेताओं की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने के प्रस्ताव की मांग वाले नोटिस पर चुप्पी पर बृहस्पतिवार को सवाल उठाया और भाजपा पर निर्वाचन आयोग के साथ सांठगांठ का आरोप लगाते हुए इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया।



इस नोटिस में लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 विपक्षी सांसदों ने ज्ञानेश कुमार पर कार्यपालिका के इशारे पर काम करने और एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से बड़े पैमाने पर लोगों को मताधिकार से वंचित करने का आरोप लगाया है। नोटिस में ज्ञानेश कुमार की सीईसी के रूप में नियुक्ति पर भी सवाल उठाए गए हैं। नोटिस 12 मार्च को संसद के दोनों सदनों में सौंपा गया था, लेकिन उस पर सचिवालयों से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ओ''ब्रायन ने ''एक्स'' पर पोस्ट किया, मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के लिए 193 सांसदों द्वारा दिए गए नोटिस को नजरअंदाज किया गया। अब ये चुनावी हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।

# हिमंत सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री, मोदी-शाह के साथ चला रहे लैंड एटीएम : राहुल

**बोकाजान/टीटाबार।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को भारत का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताते हुए आरोप लगाया कि शर्मा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मिलकर राज्य में लैंड एटीएम चला रहे हैं और आम लोगों से जमीन छीनकर बड़े उद्योगपतियों को दे रहे हैं।

कार्बी आंगलोंग और जोरहाट जिलों में लगातार चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मोदी, शाह और शर्मा ने असम को एक लैंड एटीएम बना दिया है। वे लोगों से जमीन छीनते हैं और बड़े उद्योगपतियों को दे देते हैं। गायक जुबिन गर्ग का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वे असम की भावना का प्रतिनिधित्व करते थे। उन्होंने सरकार बनने पर 100 दिन के अंदर उनकी मौत के संबंध में न्याय का आश्वासन दिया। राहुल ने कहा, हिमंत विश्व शर्मा का परिवार भी भ्रष्टाचार के मामले में पहले नंबर पर है। कांग्रेस सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। अभी वह चाहे जितनी डींगें मार लें, उसके बाद वह पूरी तरह चुप हो जाएंगे।



- कहा- आम लोगों से छीनकर बड़े उद्योगपतियों को दी जा रही जमीन

### घोषणापत्र... छह समुदायों को एसटी दर्जे का वादा

**बोकाजन।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें छह मूल निवासी समुदायों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जा देने का वादा किया गया है। साथ ही शासन और स्वास्थ्य सेवा जैसे 11 क्षेत्रों को प्राथमिकता में रखा है। यहां एक चुनावी रैली में राहुल गांधी, कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें भ्रष्टाचाररोधी आयोग बनाने, कॉरपोरेट घरानों को आवंटित बड़े भूखडों की जांच के लिए एसआईटी गठित करने और सभी पुलिसकर्मियों को अनिवार्य साप्ताहिक अवकाश देने का भी वादा किया गया है। घोषणापत्र के 11 संकल्पों में शासन, पहचान, स्वास्थ्य सेवा, अवसंरचना विकास, औद्योगीकरण, कृषि, ग्रामीण और शहरी विकास, जलवायु परिवर्तन और सुरक्षित असम जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है।



कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। – **ओशो**, दार्शनिक

## ट्रंप के दावों का अर्थ

डोनाल्ड ट्रंप का यह दावा कि तीन सप्ताह के भीतर युद्ध खत्म हो सकता है, जितना आकर्षक लगता है, उतना ही जटिल और संदिग्ध भी है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में युद्ध केवल एक देश की इच्छा से समाप्त नहीं होते, बल्कि अनेक पक्षों, हितों और वास्तविकताओं के संतुलन से नियंत्रित होते हैं। ट्रंप अमेरिका के लिए युद्ध समाप्ति की घोषणा कर सकते हैं, लेकिन वे न तो इजराइल और न ही ईरान को युद्ध विराम के लिए बाध्य कर सकते हैं। इजराइल और ईरान दोनों अपने-अपने रणनीतिक हितों के अनुसार निर्णय लेते हैं। ऐसे में तीन सप्ताह में संपूर्ण युद्ध समाप्त होने का दावा व्यावहारिक नहीं, बल्कि राजनीतिक शिगूफा है। ट्रंप का यह कहना कि अमेरिका अपने "लक्ष्य हासिल कर चुका है", कई सवाल खड़े करता है। यदि लक्ष्य केवल ईरान की सैन्य क्षमताओं को सीमित करना था, तो सीमित अर्थों में यह दावा स्वीकार्य हो सकता है, लेकिन यदि लक्ष्य ईरान में सत्ता परिवर्तन था, तो यह दावा वास्तविकता से दूर है। ईरान की राजनीतिक व्यवस्था अभी भी कायम है और वहां किसी स्पष्ट सत्ता परिवर्तन के संकेत नहीं हैं। इसी प्रकार, ट्रंप का यह दावा कि ईरान युद्ध विराम चाहता है, तब और कमजोर पड़ जाता है, जब स्वयं ईरान इस बात से इनकार करता है।

अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में इस तरह के विरोधाभासी बयान अक्सर "नेरेटिव निर्माण" का हिस्सा होते हैं, जिनका उद्देश्य घरेलू और वैश्विक जनमत को प्रभावित करना होता है। ट्रंप के युद्ध समाप्ति के प्रति उत्साह के पीछे घरेलू राजनीतिक दबावों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अमेरिका में बढ़ती महंगाई, रक्षा खर्च का बोझ और आगामी चुनावी चुनौतियां, उन्हें एक "निर्णायक नेता" की छवि प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करती हैं। इतिहास गवाह है कि ट्रंप कई बार बड़े दावे करते रहे हैं और बाद में उनसे पीछे भी हटते रहे हैं। यह उनकी राजनीतिक शैली का हिस्सा भी है और कभी-कभी परिस्थितिजन्य मजबूरी भी। ट्रंप का यह कहना कि "होर्मुज जलडमरूमध्य से मेरा लेना-देना नहीं" वस्तुतः आंशिक सत्य है। अमेरिका पर इसका प्रत्यक्ष आर्थिक प्रभाव सीमित हो सकता है, लेकिन वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने पर पूरी दुनिया प्रभावित होती है। चूंकि यह संकट उसी संघर्ष से जुड़ा है, जिसमें अमेरिका की भूमिका रही है, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का यह अपेक्षा करना स्वाभाविक है कि अमेरिका समाधान में सक्रिय भूमिका निभाए।

ट्रंप का तीन सप्ताह में युद्ध समाप्त करने का दावा सुनिश्चित कूटनीतिक वास्तविकता नहीं होने से ऐसा संभव नहीं दिखता, पर मान लिया जाए कि तीन सप्ताह में युद्ध समाप्त हो जाता है, तो इसका भारत और विश्व पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। तेल की कीमतों में स्थिरता आएगी, आपूर्ति श्रृंखला सुधरेगी और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता कम होगी। भारत जैसे ऊर्जा आयातक देश के लिए यह राहत अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। परंतु भारत को ट्रंप के बयानों को सतर्कता और यथार्थवाद के साथ लेना चाहिए। कूटनीति में घोषणाओं से अधिक महत्व परिस्थितियों और ठोस कदमों का होता है। भारत की नीति स्पष्ट होनी चाहिए- भावनाएं पीछे, पहले रणनीतिक स्वायत्तता, ऊर्जा सुरक्षा और अपने नागरिकों के दीर्घकालिक हितों की रक्षा के विवेक सम्मत निर्णय।

### प्रसंगवश

## दहेज नहीं लिया या बस नाम बदल दिया

भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि दो परिवारों का संबंध माना जाता है। यह संबंध परंपराओं, रीति-रिवाजों और सामाजिक मान्यताओं से जुड़ा होता है, लेकिन जब इन परंपराओं के पीछे छिपी मानसिकता पर सवाल उठता है, तो एक कड़वा सच सामने आता है। हमने बुराइयों को छोड़ा नहीं है, बस उनका स्वरूप बदल दिया है। आजकल शादियों में एक नया चलन तेजी से उभर रहा है। बड़े गर्व के साथ यह घोषणा की जाती है-"हमने दहेज नहीं लिया।" यह सुनते ही एक सकारात्मक छवि बनती है कि समाज बदल रहा है, लोग जागरूक हो रहे हैं, लेकिन जैसे ही शादी की रस्में आगे बढ़ती हैं, यह आदर्शवाद धीरे-धीरे दिखावे में बदलता नजर आता है।



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

थाली में सजी नगदी, सोना-चांदी और महंगे उपहार-सब कुछ सलीके से प्रस्तुत किया जाता है। फिर एक प्रतीकात्मक अभिनय होता है-लड़का या उसका परिवार उस ढेर में से मात्र एक रुपया उठाता है, मानो यह सिद्ध कर रहा हो कि उन्होंने दहेज नहीं लिया। शेष सब कुछ "रिवाज", "भात", "शगुन" या "उपहार" के नाम पर स्वीकार कर लिया जाता है। यह दृश्य केवल एक रस्म नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक मानसिकता का आईना है। सवाल यह नहीं कि एक रुपया लिया गया या नहीं, असली प्रश्न यह है कि क्या लड़की के परिवार पर आर्थिक या सामाजिक दबाव पड़ा या नहीं। दहेज प्रथा सदियों से भारतीय समाज की एक गंभीर समस्या रही है। पहले इसे खुले तौर पर मांगा जाता था- नकदी, गाड़ियाँ, गहने। समय बदला, कानून सख्त हुए, जागरूकता बढ़ी, और इस प्रथा के खिलाफ आवाजें उठीं, लेकिन क्या दहेज वास्तव में समाप्त हुआ? शायद नहीं। आज इसने अपना रूप बदल लिया है। अब इसे सीधे मांगना अनुचित माना जाता है, इसलिए इसे परंपरा और सम्मान की आड़ में छिपा दिया गया है। "भात", "तिलक", "सगाई के उपहार" और "विदाई के तोहफे" नाम भले बदल गए हों, पर लेन-देन की प्रवृत्ति वही है। "भात" जैसी परंपराएं, जो कभी स्नेह और आत्मीयता का प्रतीक थीं, आज कई जगह सामाजिक प्रतिस्पर्धा और दिखावे का माध्यम बन चुकी हैं। कितना सोना दिया गया, कितनी नगदी रखी गई, कितने महंगे वस्त्र और उपहार दिए गए, इन्हीं पैमानों पर अब "इज्जत" का आकलन होने लगा है। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर बोझ डालती है, बल्कि मध्यम वर्ग को भी अपनी क्षमता से अधिक खर्च करने के लिए विवश करती है। दिखावे की यह संस्कृति आज के समाज की एक बड़ी विडंबना बन चुकी है।

वास्तविक बदलाव के लिए हमें अपने दृष्टिकोण और व्यवहार दोनों को बदलना होगा। परंपराओं का पुनर्मूल्यांकन करना होगा और यह तय करना होगा कि कौन-सी परंपराएं सार्थक हैं और कौन-सी केवल दिखावे और दबाव का माध्यम बन चुकी हैं। विवाह को सादगी और गरिमा के साथ स्वीकार करना होगा। यह समझना होगा कि यह कोई प्रदर्शन नहीं, बल्कि विश्वास और सम्मान का संबंध है। इसमें सबसे बड़ी जिम्मेदारी लड़के और उसके परिवार की है। उन्हें स्पष्ट रूप से यह तय करना होगा कि वे किसी भी रूप में, किसी भी नाम से लेन-देन स्वीकार नहीं करेंगे। अंततः यह स्वीकार करना होगा कि सम्मान धन से नहीं, मूल्यों से आता है। जब तक समाज खर्च को प्रतिष्ठा से जोड़कर देखता रहेगा, तब तक यह समस्या बनी रहेगी। अब समय आ गया है कि हम केवल यह कहने का दिखावा न करें कि "हमने दहेज नहीं लिया", बल्कि वास्तव में ऐसी स्थिति पैदा करें, जहां किसी को कुछ देने या लेने की आवश्यकता ही न पड़े।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## वैश्विक खाद्य संकट की ओर बढ़ता खाड़ी युद्ध





अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

कोई भी युद्ध हमेशा विनाशक ही होता है। इंसान हमेशा से अपने वर्चस्व, सत्ता की ताकत और अहंकार के लिए खुद को युद्ध में झोंकता रहता है, लेकिन इसका परिणाम सिर्फ युद्ध में लड़ रहे दोनों पक्षों पर ही नहीं, बल्कि पूरे समाज, देश और विश्व पर पड़ता है। एक माह से अधिक समय से चल रहे ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध की दशा और दिशा तय नहीं हो पा रही है और उसके परिणामों की आग में न सिर्फ ईरान और इजरायल, बल्कि लगभग आधी दुनिया जलने के कगार पर है और यदि ऐसा ही चलता रहा, तो पूरा विश्व एक ऐसे संकट में फंसने जा रहा है, जिस ओर अभी किसी का संभवतः ध्यान नहीं जा रहा है। तेल, गैस, उर्जा संकट से गुजर रहे विश्व पर निकट भविष्य में खाद्य संकट का पहाड़ टूटने वाला है।

मैरीटाइम इंटेलिजेंस कंपनी 'सिग्नल ग्रुप' के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में व्यापार होने वाली प्रमुख उर्वरको-अमोनिया, फॉस्फेट और सल्फर का 20 प्रतिशत हिस्सा अकेले खाड़ी देशों से आता है। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के अनुसार यूरिया, जो सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली नाइट्रोजन खाद है, का लगभग आधा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आता है। जब से ईरान युद्ध शुरू हुआ है, उर्वरकों की कीमतें 10 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार हर महीने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते लगभग 13.3 लाख टन उर्वरक का निर्यात किया जाता है।

यहां हम जानते हैं कि उर्वरकों का सीधा संबंध खाद्यान उत्पादन से है। उर्वरकों की कमी से मक्का, गेहूं और चावल जैसी फसलों का उत्पादन गिरने की संभावना है। भारत के दृष्टिकोण से देखें, तो हम लगभग दो-तिहाई नाइट्रोजन यानी यूरिया के लिए खाड़ी देशों पर निर्भर है। भारतीय यूरिया उत्पादकों को अपनी प्राकृतिक गैस की आवश्यकता का 60-70 प्रतिशत ही प्राप्त हो रहा है। भारत ओमान, सऊदी अरब और कतर से यूरिया का भी आयात करता है, जो वर्तमान युद्ध से प्रभावित हैं। उर्वरक की कमी आने वाले मानसून में खरीफ की बुवाई पर असर डाल सकती है, जिससे चावल, गेहूं और अन्य मुख्य अनाजों की खेती की लागत बहुत बढ़ जाएगी तथा उत्पादन भी कम हो जाएगा।

वित्त वर्ष 2025 में भारत ने 22 लाख टन सल्फर का आयात किया, जिसमें से 80 प्रतिशत से अधिक पश्चिम एशिया या खाड़ी देशों से आया है। सल्फर, कच्चे तेल के शोधन का एक मूल्यवान उत्पाद है, जिसका उपयोग डायमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) बनाने में किया जाता है, जो एक अन्य महत्वपूर्ण उर्वरक है। वित्त वर्ष 2025 में डीएपी आयात का 42 प्रतिशत से सऊदी अरब से आया था। 10 मार्च 2026 को भारत का यूरिया भंडार 62 लाख टन था। खरीफ फसल सीजन (जून-सितंबर) के लिए इसकी आवश्यकता लगभग 18-19 लाख टन है। गैस की कमी और आयात को लेकर अनिश्चितता के कारण घरेलू उत्पादन में गिरावट आई है, ऐसे में आपूर्ति की स्थिति स्पष्ट नहीं है। हम सब जानते हैं कि भारतीय किसान यूरिया का अत्यधिक उपयोग करते हैं, क्योंकि अन्य उर्वरकों की तुलना में इस पर भारी सब्सिडी दी जाती है। युद्ध की प्रारंभ से ही, वैश्विक यूरिया की कीमतें लगभग 48 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं।

> भारत मध्य-पूर्व और पश्चिम एशिया के लिए प्रमुख खाद्यान्न आपूर्तिकर्ता है, परंतु भारतीय खाद्य निर्यातकों का अधिकांश स्टॉक बंदरगाहों पर फंसा हुआ है। भारत के लिए खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें चिंताजनक हैं।

भारत मध्य-पूर्व और पश्चिम एशिया के लिए प्रमुख खाद्यान्न आपूर्तिकर्ता है, परंतु भारतीय खाद्य निर्यातकों का अधिकांश स्टॉक बंदरगाहों पर फंसा हुआ है। भारत के लिए खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें चिंताजनक हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में सोयाबीन तेल की कीमत 1100 डॉलर प्रति टन को पार कर गई है। कच्चे पाम तेल में भी लगभग 1.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है, जो जून 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। काला सागर बंदरगाहों से आने वाला सूरजमुखी का तेल भी तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है और इसका मूल्य 1,355 डॉलर प्रति टन है। वस्तुतः भारत पाम तेल और सोयाबीन तेल जैसे आयातित खाद्य तेलों पर अत्यधिक निर्भर है और यह उन्हीं जहाजों से आता हैं, जिनमें जीवाश्म ईंधन आता है।

भारत ही नहीं, बल्कि ब्राजील जो प्रमुख कृषि उत्पाद निर्यातक है, अपनी आवश्यकता का लगभग 40 प्रतिशत नाइट्रोजन (यूरिया) खाड़ी देशों से मंगाया है। युद्ध से उपजे संकट का असर वहां सोयाबीन और मक्के के उत्पादन पर पड़ेगा। अफ्रीकी देशों के लिए तो यह ज्यादा चिंताजनक है, क्योंकि उर्वरक की कीमतों में थोड़ी सी भी वृद्धि छोटे किसानों पर गहरा असर डालेगी, जिससे फसलों का उत्पादन गिर जाएगा और वहां पहले से विद्यमान भुखमरी की समस्या और भी गहरी हो जाएगी। स्वयं खाड़ी देश भी अपनी आवश्यकता का 80 से 90 प्रतिशत खाद्य पदार्थ आयात करते हैं, जिनमें अनाज और मांस से लेकर डेयरी उत्पाद और खाद्य तेल तक शामिल हैं। वे सभी आवागमन के लिए पूरी तरह होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भर हैं। अगर यह स्ट्रेट लंबे समय तक बंद रहता है, तो उनके सुरक्षित भंडार भी जल्द ही खत्म हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें राशनिंग लागू करने या लाल सागर और ओमान की खाड़ी के जरिए बहुत महंगे वैकल्पिक रास्तों का चुनाव करना होगा।

लंबे युद्ध का असर यूरोप और उत्तरी अमेरिका में बोआई के मौसम पर बहुत बुरा पड़ सकता है, जिसका मतलब है कि इस साल के अंत में खाद्य संकट पैदा हो जाएगा। संभवतः इसीलिए राष्ट्रपति ट्रंप इस युद्ध का जल्द अंत चाहते हैं। कम उपलब्धता और बढ़ती कीमतों के संयोजन से किसानों को कम उर्वरक उपयोग करने हेतु मजबूर होना पड़ेगा और इसका असर फसलों के उत्पादन पर पड़ेगा। बहस का मुद्दा यह नहीं है कि मध्य-पूर्व सहित पूरे पश्चिम एशिया को युद्ध की आग में किसने और क्यों झोंका? मुद्दा यह है कि इस युद्ध से उपजे उर्जा और खाद्य संकट ने पूरे वैश्विक मानव को अपनी चपेट में ले लिया है और यदि यह इसी तरह चलता रहा तो तेल, गैस खाद्यान्न एवं पानी के लिए इंसान को तरसा देगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



बिहार देश का सबसे गरीब राज्य है, जबकि इसकी तुलना में केरल एक विकसित राज्य है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में बिहार को केरल से सीखने की आवश्यकता है। एलडीएफ एक बार फिर केरल की सत्ता में वापसी करेगी।

**–तेजस्वी यादव**
कार्यकारी अध्यक्ष, आरजेडी

केरल की धरती पर खड़े होकर बिहार का अपमान करना शर्मनाक है। बिहार को गरीब बताने से पहले, तेजस्वी को अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए। तेजस्वी यादव यह बताएं कि उनके माता-पिता लालू यादव और राबड़ी देवी ने अपने शासनकाल के दौरान बिहार के खजाने को लूटकर अपनी तिजोरियां कैसे भरी थीं।

**–उमेश कुशवाहा**
प्रदेश अध्यक्ष, जेडीयू



## पश्चिम एशिया में तनाव और भारतीय शेयर बाजार



धनीश शर्मा
लेखक

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर अब वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ-साथ भारतीय शेयर बाजार पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। फरवरी के बाद से क्षेत्र में पैदा हुई अस्थिरता ने निवेशकों के भरोसे को कमजोर किया है, जिसका सीधा असर बाजार की दिशा पर पड़ा है। इस दौरान प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स में गिरावट देखने को मिली और यह अपने उच्चतम स्तर से फिसलकर नीचे आ गया, जिससे निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा।

दरअसल पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव खासतौर पर इजरायल, ईरान और अमेरिका के बीच टकराव ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता पैदा कर दी है। भले ही इसे पूर्ण युद्ध नहीं कहा जा सकता, लेकिन हालात इतने संवेदनशील हैं कि निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। यही वजह है कि बाजार में उतार-चढ़ाव और गिरावट का माहौल बना हुआ है। इस स्थिति को और गंभीर बनाने में कच्चे तेल की कीमतों की बड़ी भूमिका रही है। पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का प्रमुख केंद्र है और वहां किसी भी तरह का संघर्ष आपूर्ति को प्रभावित करता है। नतीजतन, तेल की कीमतों में वृद्धि होती है, जिसका असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ता है। इससे महंगाई का दबाव बढ़ता है और कंपनियों की लागत में इजाफा होता है, जो अंततः शेयर बाजार को प्रभावित करता है।

> इस स्थिति को और गंभीर बनाने में कच्चे तेल की कीमतों की बड़ी भूमिका रही है। पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का प्रमुख केंद्र है, और वहां किसी भी तरह का संघर्ष आपूर्ति को प्रभावित करता है।

इसके साथ ही, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी ने बाजार की गिरावट को और तेज कर दिया है। हाल ही में जारी केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा कंपनी के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च महीने में विदेशी निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजार से भारी धनराशि निकाली। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार यह निकासी करीब 1.26 लाख करोड़ रुपये रही, जिसे असाधारण और रिकॉर्ड स्तर की बिकवाली माना जा रहा है। यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि कोविड-19 महामारी के दौरान वर्ष 2020 के बाद यह पहला अवसर माना जा रहा है, जब विदेशी निवेशकों ने इतनी बड़ी मात्रा में शुद्ध निकासी की है। इस बड़े पैमाने पर हुए पूंजी बहिर्वाह ने बाजार में गिरावट के दबाव को और बढ़ा दिया तथा निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

विदेशी निवेशकों की यह रणनीति वैश्विक अस्थिरता के बीच सामान्य मानी जाती है। जब भी दुनिया में किसी बड़े भू-राजनीतिक संकट का सामना होता है, निवेशक उभरते बाजारों से पैसा निकालकर सुरक्षित निवेश विकल्पों जैसे सोना या अमेरिकी बॉन्ड की ओर रुख करते हैं। भारत भी इस वैश्विक प्रवृत्ति से अछूता नहीं रह पाया है।

वहीं दूसरी ओर, रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से चल रहा युद्ध भी वैश्विक आर्थिक माहौल पर दबाव डाल रहा है। हालांकि इसका भारतीय शेयर बाजार पर असर अब तक अपेक्षाकृत कम देखने को मिला है, लेकिन यह वैश्विक अनिश्चितता और निवेशकों के जोखिम के आकलन में एक कारक के रूप में बना हुआ है। तेल, गैस और अन्य कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक पूंजी प्रवाह पर इसका अप्रत्यक्ष प्रभाव निवेशकों की रणनीतियों में बदलाव ला रहा है। इस वजह से, भारतीय बाजार भले ही फिलहाल स्थिर दिखाई दे रहा हो, लेकिन लंबे समय में इस संघर्ष के संभावित प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अब पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का असर शेयर बाजार पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है, लेकिन इस चुनौतीपूर्ण समय में केंद्र सरकार की भूमिका सराहनीय रही है। सरकार ने हालात को देखते हुए आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। महंगाई को नियंत्रित करना, आपूर्ति श्रृंखला को सुचारु रखना और निवेशकों का भरोसा बनाए रखना इसके मुख्य प्रयास रहे हैं। वैश्विक दबाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था को संतुलित बनाए रखना सरकार की प्रभावी रणनीति को दर्शाता है। इसके चलते बाजार में भरोसा बना हुआ है और दीर्घकाल में सुधार की उम्मीद कायम है। हालांकि इस चुनौतीपूर्ण माहौल में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने कुछ हद तक बाजार को सहारा दिया है। उनकी खरीदारी ने गिरावट को पूरी तरह बेकाबू होने से रोका है। इसके अलावा, भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी मजबूती जैसे मजबूत मांग, सरकारी निवेश और सुधारों की प्रक्रिया लंबी अवधि में बाजार के लिए सकारात्मक संकेत देती है।

अंततः कहा जा सकता है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव, रूस-यूक्रेन युद्ध का अप्रत्यक्ष असर, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी निवेशकों की भारी निकासी ने मिलकर भारतीय शेयर बाजार को दबाव में ला दिया है। अल्पकाल में यह स्थिति निवेशकों के लिए चुनौतीपूर्ण बनी रह सकती है, लेकिन दीर्घकाल में बाजार की रिकवरी की उम्मीद बनी हुई है, क्योंकि मजबूत आर्थिक आधार अंततः निवेशकों का भरोसा वापस ला सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## विलुप्त होती किराना दुकानें

30 वर्षों में मेरे देखते-देखते अमेरिका में मॉम और पॉप स्टोर अर्थात् गली के नुक्कड़ वाली किराना वाली दुकानें विलुप्त हो गईं। वैसे 1996 तक ही अमेरिका में काफी हद तक कॉर्पोरेट कल्चर आ चुका था, लेकिन फिर भी पचास पर्सेंट किराना मार्केट छोटी-छोटी दुकानें होती थीं और शेष पचास पर्सेंट बड़े सुपर स्टोर्स। उस समय चार बड़ी सुपर स्टोर चेन का प्रतिशत कुल बाजार का 40 प्रतिशत था। वर्तमान में चार बड़ी चेन का बाजार में हिस्सा लगभग 70 प्रतिशत है। आरंभ सभी देशों का गली के नुक्कड़ वाली किराना दुकानों से हुआ, पर जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी आई, मॉनिटरिंग आसान होने लगी, सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल आसानी से होने लगा और एक दो दुकान वाले मालिक हजार स्टोर वाली चेन के मुकाबले टक्कर न ले पाए और फिर अंत में अमेजन आ गया, जहां घर बैठे सब कुछ मिल जाता है, तो इसने तो ताबूत में अंतिम कील ठोक दी। रही-सही कसर एआई ने पूरी कर दी। पिछले कुछ वर्षों में स्मॉल बिजनेसेज का कॉर्पोराइजेशन और तेजी से होने लगा। एआई ने ऐसे रिसोर्सेज जो कभी बिलियन डॉलर कंपनीज के पास ही होते थे आम जनता को पहुंचा दिए। अब ऐप बनाने के लिए प्रोग्रामर को दस हजार डॉलर देने की जरूरत न रही, क्लॉड में कोई भी स्वयं बना सकता है, तो ऐसे में हर क्षेत्र में नए दिमागी एंटरप्रेन्योर्स आए, सामान्य जनता इनके मुकाबले टिक न पाई और कॉर्पोरेटाइजेशन बहुत तेजी से हुआ।



नितिन त्रिपाठी
लेखक

वैसे यह बुरा किसी के लिए न हुआ। एक ग्रोसरी स्टोर मालिक का औसत फायदा आज की मुद्रा में 50,000 डॉलर होता, जिसके लिए उसे रोजाना पंद्रह घंटे खपाने पड़ते, सरदर्द अलग रहती। अब यह ऑनर नौकरी करते हैं मोस्टली स्टोर/ शिफ्ट मैनेजर जैसी पोस्ट पर हैं। दिन के आठ घंटे काम कर 70,000 डॉलर प्लस सैलरी बनाते हैं बगैर किसी रिस्क के। हां! वो आजादी चली गई, बॉस को रिपोर्ट करना पड़ता है। टेक के क्षेत्र में पिछले सौ सालों से टेक्नोलॉजी पहले अमेरिका में आती है, फिर शेष विश्व में यहीं के इन्वेस्टर फैलाते हैं। भारत में भी बहुत तेजी से सभी क्षेत्रों में कॉर्पोरेटाइजेशन हो रहा है। अब आप टैक्सी स्टैंड कोई न देखेंगे। ज्यादातर इंडिपेंडेंट टैक्सी ड्राइवर अब ओला/उबर में चलने लगे हैं। किराना के क्षेत्र में भी यह अंतिम पीढ़ी है, जो गली के कोने पर गुप्ता जी की दुकान देख रही है। गुप्ता जी का बेटा दुकान बेचकर या तो रियल एस्टेट में जाएगा या नौकरी करेगा। काफी हद तक छोटी दुकानों की मार्केट आलरेडी मॉल/ स्टोर/अमेजन/ब्लिंकिट चौपट कर चुके हैं। बस यह समय की बात है, दस से बीस वर्षों में यहां भी कॉर्पोरेट ही दुकानें भी चलाएंगे और देश भी।

**– फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## अपसंस्कृति के खिलाफ एक मुहिम

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के गांव जोगिया जगुनी पट्टी में पिछले 19 साल से चल रहा लोकरंग किसी साहित्य, संस्कृति, कला प्रेमी के लिए अब नया नहीं रह गया है। हाशिए के समाज के इतिहासकार और इतिहासकार सुभाषचंद्र कुशवाहा जिस लगन और प्रतिबद्धता के साथ इसे आयोजित करने का सिलसिला जारी रखे हुए हैं, उसने जन संस्कृति के संवर्धन को एक नया व्यावहारिक रंग-रूप दिया है। अंधाधुंध बाजारीकरण से उपजी लिप्सा की संस्कृति और बेरोजगारी के दंश ने गांवों की तस्वीर कुछ मायनों में शहरों से भी ज्यादा खराब कर दी है।

वैसे तो वर्णाश्रमी व्यवस्था की जटिल सामाजिक संरचना वाले भारतीय गांव श्यामाचरण दुबे की भद्र लोक वाली नजर से देखे गए और छायावादी कवियों की कल्पनाओं और कविताओं में अभिव्यक्त 'अहा ग्राम्य जीवन' वाले गांव कभी नहीं थे। आज बेरोजगारी के दंश के बीच शराब की दुकानों ने जिस तरह बहुतेरे गांवों की कुछ बची खुची पारंपरिक लोक संस्कृति पर हमला बोला है, उससे वहां की तस्वीर और बदरंग हो चुकी है। ऐसे में शहर से कम जरूरी नहीं है कि गांवों के इस बदरंग होते स्वरूप को किसी न किसी तरह बचाया जाए।



दया शंकर राय
लेखक

सुभाष कुशवाहा ने 19 साल पहले जो पहल की थी, उसने अब एक दिशा पकड़ ली है और फूहड़ता और अपसंस्कृति के खिलाफ कारगर हस्तक्षेप की एक ठोस राह भी दिखाई है। उनकी यह पहल उल्लेखनीय इसलिए कही जाएगी कि शराब की खुलती दुकानों ने गांवों के बेरोजगारों को नशे की ओर धकेल दिया है, लेकिन पिछले 19 साल से लोकरंग से जुड़ी इस जोगिया गांव की टीम के युवा न सिर्फ नशे से दूर हैं, बल्कि वे लोक संस्कृति और फूहड़ संस्कृति का फर्क भी बखूबी समझने लगे हैं।

बेरोजगारी बेशक उनके सामने भी वैसे ही है, पर जिस समझदारी भरी लगन से यह टीम लोकरंग को जमीन पर उतारती है, वह एक मिसाल है। जाहिर है इसमें सुभाष कुशवाहा का मार्गदर्शन अहम रहा है, लेकिन पहल तो किसी न किसी को लेनी पड़ती ही है। आज शहरों से भी ज्यादा जरूरी है कि ऐसे आयोजन गांवों, कस्बों और छोटे जिलों में हों। लखनऊ, इलाहाबाद, भोपाल जैसे शहरों में तो फिर भी कुछ साहित्यिक सांस्कृतिक और वैचारिक आयोजन होते रहते हैं, जिससे एक वैचारिक हलचल और बहस मुबाहिसे के मंच उपलब्ध होते हैं। ज्यादातर गांव तो इससे अछूते ही हैं, जबकि जरूरत इस बात की है कि हर किस्म के पिछड़ेपन और वैचारिक कूपमंडूकता और जड़ता के खिलाफ आधुनिकता पर आधारित मूल्यों और विचारों के उन्नयन और विचार-विमर्श के लिए गांवों में संस्कृति, कला और विचार के ज्यादा से ज्यादा मंच बनें।

लोकरंग का यह सफर इस दिशा में एक रास्ता दिखाता है। इसलिए अगर लोकरंग में शामिल टीमें और साथी इस दिशा में पहल करते हैं, तो यह बेहद मानीखेज होगा और लोकरंग का यह विस्तार एक नया रंग लाएगा। इससे बहुत कुछ न सही कुछ कुछ तो समृद्ध होगा ही, जो आगे चलकर बहुत कुछ की जमीन तैयार करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



# ऐसे हुआ माचिस का आविष्कार

माचिस की खोज मानव इतिहास में एक महत्वपूर्ण कदम थी, क्योंकि इससे आग जलाना बेहद आसान हो गया। पहले के समय में लोग आग जलाने के लिए पत्थरों को आपस में रगड़ते थे या लकड़ी से घर्षण पैदा करते थे, जो काफी कठिन और समय लेने वाला काम था। आधुनिक माचिस का विकास 19 वीं सदी में हुआ। वर्ष 1826 में इंग्लैंड के रसायनज्ञ जॉन वॉकर ने पहली बार ऐसी माचिस बनाई, जिसे रगड़कर जलाया जा सकता था। उन्होंने लकड़ी की छोटी तीली के सिरे पर रसायनों का मिश्रण लगाया, जिसमें एंटिमनी सल्फाइड, पोटैशियम क्लोरेट और गोंद शामिल थे। जब इस तीली को खुरदुरी सतह पर रगड़ा जाता था, तो घर्षण से यह जल उठती थी।

हालांकि वॉकर की माचिस में एक समस्या थी। यह जलते समय तेज गंध और चिंगारियां पैदा करती थी। इसके बाद फ्रांस के रसायनज्ञ चार्ल्स सौरिया ने इसमें सफेद फॉस्फोरस का उपयोग किया, जिससे माचिस आसानी से जलने लगी, लेकिन यह फॉस्फोरस जहरीला था और इससे काम करने वाले मजदूरों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता था। इस समस्या को दूर करने के लिए स्वीडन के वैज्ञानिक गुस्ताफ पास्च और बाद में जोहान लुंडस्ट्रॉम ने "सेफ्टी माचिस" विकसित की। इसमें लाल फॉस्फोरस को तीली पर नहीं, बल्कि माचिस की डिब्बी की साइड पर लगाया गया। इससे माचिस ज्यादा सुरक्षित हो गई और आज भी हम इसी प्रकार की माचिस का उपयोग करते हैं। इस तरह माचिस की खोज कई वैज्ञानिकों के प्रयासों का परिणाम है, जिसने मानव जीवन को सरल और सुविधाजनक बना दिया। आज माचिस हमारे दैनिक जीवन का एक सामान्य और बेहद उपयोगी साधन बन चुकी है।

## वैज्ञानिक के बारे में



जॉन वॉकर का व्यक्तिगत जीवन अत्यंत सरल और सादगीपूर्ण था, लेकिन उनकी खोज ने उन्हें इतिहास में विशेष स्थान दिलाया। उनका जन्म 29 मई 1781 को इंग्लैंड के स्टॉकटन-ऑन-टीज में हुआ था। वे पेशे से एक केमिस्ट और दवा विक्रेता थे तथा अपनी दुकान पर दवाइयां बनाते हुए खाली समय में रसायनों के साथ प्रयोग किया करते थे। स्वभाव से वे शांत, जिज्ञासु और मेहनती थे। उन्हें न तो अधिक प्रसिद्धि की चाह थी और न ही धन कमाने की लालसा, यही कारण रहा कि उन्होंने माचिस की खोज का पेटेंट भी नहीं कराया। उनके इस निर्णय का लाभ बाद में अन्य लोगों ने उठाया। जॉन वॉकर ने विवाह नहीं किया और अपना पूरा जीवन अपने काम व प्रयोगों को समर्पित कर दिया। 1 मई 1859 को उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी खोज आज भी दुनियाभर में उपयोगी बनी हुई है।



डॉ. कैलाश चन्द सैनी
वन्यजीव लेखक, जयपुर

प्रकृति की हर रचना के पीछे एक सुस्पष्ट उद्देश्य और जीवन का गहरा विज्ञान छिपा होता है। पक्षियों के लिए घोंसला महज तिनकों का संकलन नहीं, बल्कि उनके वंश की सुरक्षा का एक अभेद्य दुर्ग है। ये नीड़ न केवल उन्हें प्रकृति के थपेड़ों- सर्दी, गर्मी और बरसात से बचाते हैं, बल्कि शत्रुओं से सुरक्षा का एक मनोवैज्ञानिक और भौतिक कवच भी प्रदान करते हैं। वर्षावनों की सघनता हो या ग्रामीण अंचलों की शांति, परिंदों ने अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए ऐसे समाधान खोजे हैं, जो आधुनिक इंजीनियरिंग को भी विस्मय में डाल देते हैं।



# सृष्टि के स्मार्ट सर्जक



## बया: वास्तुकला की बेजोड़ किलेबंदी

भारतीय परिवेश में यदि पक्षियों के कलात्मक कौशल की बात हो, तो नन्हें 'बया' का नाम सर्वोपरि है। बया का घोंसला किसी कलात्मक उल्टे लटके थैले जैसा दिखता है, जिसे वह टहनियों के सबसे लचीले और संकरे सिरों पर बड़ी कुशलता से बुनती है। बया के घोंसले का असली रहस्य इसकी लंबी और संकरी प्रवेश सुरंग में छिपा है। जब कोई सांप या शिकारी पक्षी अंदर पहुंचने का प्रयास करता है, तो उसे इस झूलती हुई संकरी नली से गुजरना पड़ता है। चूंकि घोंसला अत्यंत लचीली टहनी पर होता है, शिकारी का भारी वजन उसे हिला देता है और वह अपना संतुलन खोकर नीचे गिर जाता है। जहां मैनाकिन शिकारी को मनोवैज्ञानिक भ्रम में छकाती है, वहीं बया अपनी संरचनात्मक बुनावट से शिकारी के लिए रास्ता ही दुर्गम और असंभव बना देती है।

## ब्लू मैनाकिन: लहराती पूंछ और दृश्य-भ्रम का विज्ञान

ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी जंगलों में जब हवा का झोंका आता है, तो पेड़ों की डालियों से काई और घास की लंबी-लंबी लटें झूलती दिखाई देती हैं। पहली नजर में ऐसा भ्रम होता है मानो किसी ने मोटे हरे रेशमी धागों की कोई झालर टांक दी हो, लेकिन यह कोई साधारण सजावट नहीं, बल्कि अस्तित्व की रक्षा का एक चतुर और सूझबूझ भरा सुरक्षा उपाय है। यह 'ब्लू मैनाकिन' पक्षी का घोंसला है, जिसने हाल ही में जीव विज्ञानियों को चकित किया है।

ब्लू मैनाकिन का घोंसला ऊपर से छोटा और प्यालेनुमा होता है, लेकिन इसके नीचे लटकती काई और रेशों की लंबी 'पूंछ' इसे अद्वितीय बनाती है। हवा में लहराती ये लटें दरअसल एक सुरक्षा कवच का काम करती हैं। इस पूंछ की लंबाई कभी-कभी दो मीटर तक पहुंच जाती है। हाल ही में विज्ञान पत्रिका 'बायलॉजी लैटर्स' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, बड़े शिकारी पक्षी इन लटों को देख तो लेते हैं, पर यह नहीं समझ पाते कि इनके शीर्ष पर घोंसला भी हो सकता है। दरअसल, घोंसले का जाना-पहचाना गोल आकार इन बिखरी हुई रेखाओं के बीच पूरी तरह लुप्त-सा जाता है। विज्ञान की भाषा में इसे 'डिस्रप्टिव कैमुफ्लाज' (विघटनकारी छलावरण) कहते हैं - एक ऐसा दृश्य-भ्रम जहां असली आकृति अपनी पहचान खोकर प्राकृतिक परिवेश में विलीन हो जाती है। एक प्रयोग में शोधकर्ताओं ने कुछ घोंसलों की ये लटकती पूंछें हटा दीं और कुछ को यथावत रहने दिया। परिणाम चौंकाने वाले थे जिन घोंसलों की पूंछ नहीं थी, उन पर शिकारियों के लगभग दस गुना अधिक हमले हुए। प्रयोग से यह प्रमाणित हुआ है कि प्रकृति में कभी-कभी 'दिखना' ही 'छिपने' का सबसे सुरक्षित तरीका होता है।

## रक्षा के दो बेजोड़ दर्शन: एक नजर में

प्रकृति ने इन नन्हें पक्षियों को जो 'सर्वाइवल स्किल्स' दी हैं, वे उनकी बुद्धिमत्ता का जीवंत प्रमाण हैं। जहां ब्राजील की ब्लू मैनाकिन दृश्य-भ्रम पर भरोसा करती है, वहीं भारतीय बया अपनी सुरक्षा के लिए जटिल वास्तुकला का सहारा लेती है। मैनाकिन की लंबी पूंछ घोंसले के वजूद को शिकारी की नजरों से ओझल करने वाला पर्दा है, तो बया का शिल्प कौशल एक ऐसा फिल्टर है, जहां से यह पक्षी खुद तो अंदर आ-जा सकता है, लेकिन बड़े सांप या शिकारी पक्षी संतुलन खोकर नीचे गिर जाते हैं।



## गंध और दृष्टि का संतुलन

दिलचस्प तथ्य यह है कि मैनाकिन की यह तकनीक केवल उन शिकारियों पर प्रभावी है, जो दृष्टि का इस्तेमाल करते हैं। सांप या छोटे स्तनधारी शिकारी जो गंध से शिकार तलाशते हैं, उनके लिए यह पक्षी एक और युक्ति अपनाता है। ये अपने घोंसले जलस्रोतों के ठीक ऊपर लटकी पतली टहनियों पर बनाते हैं, जहां गंध का पीछा करने वाले जीवों के लिए पहुंचना लगभग नामुमकिन होता है।

## कल्पनाशीलता ही सबसे बड़ी शक्ति

घोंसला पक्षियों के शिशुओं के लिए केवल आश्रय नहीं, बल्कि एक विकसित और सूझबूझ भरा अनुकूलन है। इन नन्हें परिंदों की दुनिया हमें सिखाती है कि सुरक्षा के लिए हमेशा शारीरिक शक्ति की आवश्यकता नहीं होती। कभी सूझबूझ भरी बुद्धिमानी, तो कभी समझदारी से बुना गया शिल्प ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच बन जाता है। मैनाकिन की लहराती पूंछें हों या बया की सूक्ष्म कलाकारी, जिसमें हर तिनका जीवन की रक्षा के विज्ञान से जुड़ा है। ये जीव अपने सीमित संसाधनों से ऐसी रणनीतियां विकसित करते हैं, जो आधुनिक सुरक्षा-डिजाइन की अवधारणाओं को भी प्रेरित कर सकती हैं। अंततः यह संघर्ष केवल परिंदों का नहीं, बल्कि इस सार्वभौमिक सत्य का है कि अस्तित्व की लड़ाई में कल्पनाशीलता ही सबसे बड़ी शक्ति है।

## वैज्ञानिक फैक्ट



# आखिर क्यों उदय और अस्त के समय लाल दिखाई पड़ता है सूर्य

सुबह उगते और शाम को ढलते समय सूरज का लालिमा लिए दिखाई देना एक सामान्य, लेकिन बेहद आकर्षक प्राकृतिक दृश्य है। दिन के समय वही सूरज सुनहरा या पीला नजर आता है, जबकि क्षितिज के पास पहुंचते ही उसका रंग लाल या नारंगी हो जाता है। साथ ही आसमान भी कई रंगों- लाल, पीला, नीला, बैंगनी और नारंगी की छटा बिखेरता नजर आता है। यह परिवर्तन किसी जादू का नहीं, बल्कि विज्ञान का परिणाम है। इस घटना के पीछे 'रेली स्कैटरिंग' यानी प्रकाश का प्रकीर्णन जिम्मेदार होता है। जब सूर्य का सफेद प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करता है, तो वह हवा में मौजूद गैसों, धूल और अन्य सूक्ष्म कणों से टकराकर अलग-अलग दिशाओं में फैल जाता है। सूर्य के प्रकाश में सात रंग होते हैं- लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, जामुनी और बैंगनी। इन सभी रंगों की तरंगदैर्ध्य (वेवलेंथ) अलग-अलग होती है।

बैंगनी और नीले रंग की तरंगदैर्ध्य सबसे छोटी होती है, इसलिए ये रंग वायुमंडल में अधिक बिखर जाते हैं। इसी कारण दिन के समय आसमान हमें नीला दिखाई देता है। वहीं लाल और नारंगी रंग की तरंगदैर्ध्य लंबी होती है, जिससे ये रंग ज्यादा दूरी तय कर पाते हैं और कम बिखरते हैं। सुबह और शाम के समय सूर्य की किरणें पृथ्वी के वायुमंडल से तिरछे कोण पर गुजरती हैं। इस दौरान उन्हें अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। परिणामस्वरूप छोटी तरंगदैर्ध्य वाले रंग (नीला और बैंगनी) रास्ते में ही बिखर जाते हैं, जबकि लंबी तरंगदैर्ध्य वाले रंग (लाल और नारंगी) हमारी आंखों तक पहुंचते हैं। यही कारण है कि सूरज उस समय लाल या नारंगी दिखाई देता है और आसमान रंग-बिरंगा हो जाता है। इस समय सूरज जरूर पीले से लाल रंग का लगने लगता हो, लेकिन इसका मतलब ये नहीं होता कि उसका रंग बदल गया है। धूल के बादल, धुंआ और इसी तरह के अन्य तत्व आसमान के रंग पर असर डालते हैं। अगर आप भारत, कैलिफॉर्निया, चिली, ऑस्ट्रेलिया या अफ्रीका के कुछ हिस्सों या लाल रेत वाले इलाकों के नजदीक रहते हैं, तो आपका वातावरण मौसम की स्थिति के आधार पर प्रकाश को प्रतिबिंबित करने वाले कणों से भरा हो सकता है।

# अप्रैल में आकाश दर्शन

अप्रैल 2026 आकाश को देखने वालों के लिए काफी रोमांचक महीना है। इसमें कोई सूर्य या चंद्र ग्रहण नहीं है, लेकिन पूर्णिमा, उल्का वर्षा, ग्रहों के सुंदर संयोग और गहरी आकाशीय वस्तुएं अच्छा-खासा नजारा दिखाएंगी। हमें सबकुछ आसानी से दिखेगा, बस शहर की रोशनी से दूर जाएं, बाइनोकुलर या छोटा टेलीस्कोप हो, तो बेहतर है। सभी समय यूटीसी में दिए गए हैं (भारतीय समय आईएसटी- यूटीसी+ 5 :30 घंटे)।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

- **चंद्र पूर्णिमा** - 2 अप्रैल को पूर्णिमा थी। चंद्रमा सूर्य से पृथ्वी के विपरीत स्थित और उसका चेहरा पूरी तरह से रोशन था। यह चरण 2:13 यूटीसी (कोऑर्डिनेटेड यूनिवर्सल टाइम) पर था। इस पूर्णिमा को प्रारंभिक मूल अमेरिकी जनजातियों द्वारा पूर्ण कृमि चंद्रमा (पिंग मून) के रूप में जाना जाता था, क्योंकि इसने मॉस पिंक या जंगली ग्राउंड फ्लॉक्स की उपस्थिति को चिह्नित किया, जो पहले वसंत फूलों में से एक है। इस चंद्रमा को स्प्राउटिंग ग्रास मून, ग्रोइंग मून और एग मून के नाम से भी जाना जाता है। कई तटीय जनजातियों ने इसे फिश मून भी कहा जाता है।
- **उच्चतम बिंदु पर बुध**- 3 अप्रैल को बुध ग्रह सूरज से 27.8 डिग्री की सबसे ज्यादा पश्चिमी ऊंचाई पर पहुंचेगा। बुद्ध ग्रह को देखने का यह सबसे अच्छा समय है, क्योंकि यह सुबह आसमान में क्षितिज के ऊपर अपने सबसे ऊंचे बिंदु पर होगा। सूरज उगने से ठीक पहले ग्रह को पूर्वी आसमान में नीचे देखें। बुध ग्रह को देखने का आनंद वाकई अनोखा और रोमांचक होता है। सौरमंडल का सबसे छोटा और सूर्य के सबसे नजदीक ग्रह होने के कारण बुध को 'भूतिया ग्रह' भी कहते हैं। यह ज्यादातर समय सूर्य की चमक में छिपा रहता है, इसलिए इसे देखना चुनौतीपूर्ण, लेकिन बेहद संतोषजनक होता है। बुध सूर्य से कभी ज्यादा दूर नहीं जाता। इसे देखने का सबसे अच्छा समय सूर्योदय से ठीक पहले (सुबह) या सूर्यास्त के तुरंत बाद (शाम) होता है, जब यह क्षितिज के पास चमकदार बिंदु की तरह दिखता है। सूर्यास्त के 30-40 मिनट बाद पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में देखा जाकता है। इसे देखने के लिए साफ क्षितिज चाहिए, शहर की लाइट्स से दूर बेहतर रहेगा। बुध को देखने का आनंद सिर्फ दृश्य नहीं, बल्कि यह एहसास भी है कि आप सूर्य के इतने करीब घूमते एक चट्टानी दुनिया को देख रहे हैं, जहां दिन में 400 सेल्सियस से अधिक तापमान और जहां रात में बेहद ठंड होती है।
- **आकाश में अंधकार**- 17 अप्रैल को अमावस्या (न्यू मून) होगी। इस दिन चंद्रमा सूर्य की तरह पृथ्वी के एक ही तरफ स्थित रहेगा और रात्रि आकाश में दिखाई नहीं देगा। यह खगोलीय घटना 20:30 यूटीसी पर घटित होगी। यह आकाशगंगा और तारा समूहों जैसी धुंधली वस्तुओं का निरीक्षण करने के लिए इस माह का सबसे अच्छा समय है, क्योंकि इन्हें देखने के लिए चांदनी बाधा नहीं बनेगी। ऐसे में रात के आकाश में आकाशगंगा या मंदाकिनी के दर्शन किए जा सकते हैं। नासा की शक्तिशाली हब्बल टेलिस्कोप ने अंतरिक्ष की कई आकाशगंगाओं की तस्वीरें लेने का अद्भुत काम किया है। कई आकाशगंगाएं इतनी दूर हैं कि उनका प्रकाश हम तक पहुंचने में लाखों साल का समय लग जाता है।



### अर्थ शाइन

19-20 अप्रैल को अर्थ शाइन होगी, जिसे हिंदी में पृथ्वी चमक या चंद्र चमक भी कहा जाता है, एक खगोलीय घटना है, जिसमें चंद्रमा के उस भाग पर पृथ्वी से परावर्तित सूर्य की रोशनी पड़ती है, जो हमारी दृष्टि से अंधेरा (अनिलुमिनेटेड) दिखाई देता है। सरल शब्दों में, जब चंद्रमा पतला (क्रिसेंट) आकार का होता है, तो उसके उज्ज्वल किनारे पर सूर्य की सीधी रोशनी पड़ती है, लेकिन अंधेरे भाग पर पृथ्वी की चमक (जो सूर्य से प्राप्त रोशनी को परावर्तित करती है) दिखाई देती है। यह चंद्रमा को दोहरी चमक वाला बनाती है, एक पतली रोशनी की पट्टी और उसके पीछे हल्की, नीली-ग्रे चमक। यह घटना अल्बर्टो डेमोंड (15वीं शताब्दी) द्वारा वर्णित की गई थी और इसे 'पुराना चंद्रमा नई चंद्रमा की गोद में' (ओल्ड मून इन द न्यू मून्स आर्म्स) भी कहा जाता है। अर्थ शाइन पृथ्वी के वायुमंडल और महासागरों के कारण चमकीला होता है, जो सूर्य की रोशनी को फैलाते हैं। इसे देखने का सबसे अच्छा दृश्य नव चंद्रमा (न्यू मून) के 2-3 दिन बाद या पहले, जब चंद्रमा 5-10 प्रतिशत रोशन (इल्यूमिनेटेड) होता है। इस समय चंद्रमा सूर्योदय या सूर्यास्त के करीब होता है और अंधेरा आकाश चमक को उभारता है।

### उल्का वर्षा का आनंद

अप्रैल माह में रात के आकाश में उल्का वर्षा का आनंद लिया जा सकता है। 22 व 23 अप्रैल रात के आकाश में लिरिड्स नामक उल्का वर्षा दिखाई देगी। आकाश में कभी-कभी एक ओर से दूसरी ओर अत्यंत वेग से जाते हुए अथवा पृथ्वी पर गिरते हुए, जो पिंड दिखाई देते हैं, उन्हें उल्का (मेट्योर) और साधारण बोलचाल में टूटते हुए तारे अथवा लूका कहते हैं। उल्काओं का जो अंश वायुमंडल में जलने से बचकर पृथ्वी तक पहुंचता है, उसे उल्कापिंड (मेट्योराइट) कहते हैं। प्राय: प्रत्येक रात्रि को उल्काएं अनगिनत संख्या में देखी जा सकती हैं, किंतु इनमें से पृथ्वी पर गिरने वाले पिंडों की संख्या अत्यंत अल्प होती है। एक विशेष समय में रात के आकाश में इनके गिरने की संख्या बढ़ जाती है, तब इसे उल्का वर्षा (मेट्योर शॉवर) कहते हैं। यह एक औसत प्रकार की उल्का वर्षा है, जिसमें आमतौर पर प्रति घंटे लगभग 20 उल्काओं का पात होगा। यह धूमकेतु सी/1861 जी 1 थैचर द्वारा छोड़े गए धूल कणों द्वारा निर्मित उल्का वर्षा है, जिसे वर्ष 1861 में खोजा गया था। उल्का वर्षा 16-25 अप्रैल तक सालाना चलती है। यह इस साल 22 की रात और 23 की सुबह अपने चरम पर होगी। ये उल्कापिंड कभी-कभी चमकीले धूलकणों का उत्पादन कर सकते हैं, जो कई सेकंड तक चलते हैं और टूटते तारों के रूप में दृष्टिगोचर होंगे। सर्वश्रेष्ठ दृश्य आधी रात के बाद किसी अंधेरे स्थान से दिखाई दे सकता है। उल्का नक्षत्र लियरा से आते दिखाई देंगे, लेकिन आकाश में कहीं भी दिखाई दे सकते हैं।

# हम चले चांद की ओर

नासा ने बीते कल आर्टेमिस 2 मिशन की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग कर दी। फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से भारतीय समयानुसार सुबह 3 :54 बजे विशाल एसएलएस रॉकेट ने आसमान में उड़ान भरी। यह 54 साल बाद इंसानों को चांद की ओर ले जाने वाला पहला मानव मिशन है। लॉन्च पूरी तरह सफल रहा और चारों अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित रूप से पृथ्वी की कक्षा में पहुंच गए हैं।



इस मिशन में चार सदस्यीय क्रू शामिल है- रीड वाइसमैन (मिशन कमांडर)
विक्टर ग्लोवर (पायलट) - चांद के पास जाने वाले पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री।

क्रिस्टीना कोच (मिशन स्पेशलिस्ट) - चांद मिशन पर जाने वाली पहली महिला।

जेरेमी हैनसेन (मिशन स्पेशलिस्ट)- चांद के पास जाने वाले पहले कनाडाई अंतरिक्ष यात्री ये चारों अब ओरियन कैप्सूल में बैठकर चांद की ओर बढ़ रहे हैं। आर्टेमिस 2 लैंडिंग मिशन नहीं है। यह 10 दिन का परीक्षण मिशन है। क्रू चांद के बहुत करीब- लगभग 9600 किलोमीटर तक जाएगा। वे चांद के चारों ओर घूमेंगे और फिर पृथ्वी पर वापस आएंगे। इस दौरान ओरियॉन कैप्सूल की गहरे अंतरिक्ष में काम करने की क्षमता, जीवन रक्षा प्रणाली, नेविगेशन, कम्युनिकेशन और हीट शील्ड की पूरी जांच की जाएगी। वापसी के समय ओरियॉन 40 हजार किलोमीटर प्रति घंटा की तेज गति से पृथ्वी के वायुमंडल में दाखिल होगा।

यह लॉन्च इसलिए ऐतिहासिक है, क्योंकि अपोलो 17 के बाद पहली बार इंसान चांद के इतने करीब जा रहे हैं। यह मिशन आर्टेमिस कार्यक्रम की असली शुरुआत है। इसकी सफलता के बाद नासा आर्टेमिस 3 में चांद पर इंसानों को उतारेगा और आगे चलकर चांद पर स्थायी बेस बनाने की तैयारी करेगा। यह मिशन भविष्य में मंगल ग्रह पर जाने वाले मिशनों की भी नींव रखेगा, साथ ही यह युवा पीढ़ी को अंतरिक्ष विज्ञान की ओर आकर्षित करेगा।



डॉ. राजीव अग्रवाल
लेखक

16 नवंबर सन् 2022 को आर्टेमिस-1 के प्रक्षेपण के साथ इस मिशन की शुरुआत हुई थी। अब क्रू कई दिनों तक चांद की ओर बढ़ता रहेगा। वे चांद के पीछे वाले हिस्से से भी गुजरेंगे, जहां पृथ्वी से रेडियो संपर्क कुछ समय के लिए टूट जाएगा। इस दौरान कई वैज्ञानिक प्रयोग किए जाएंगे। लगभग 10 दिन बाद ओरियॉन कैप्सूल प्रशांत महासागर में पैराशूट की मदद से उतरेगा। नासा की आर्टेमिस 2 मिशन की सफल लॉन्चिंग अंतरिक्ष इतिहास का एक बड़ा पल है। 54 साल बाद इंसान फिर चांद की यात्रा पर निकले हैं। यह मिशन न सिर्फ अमेरिका, बल्कि पूरी मानवता के लिए नई उम्मीद और नई संभावनाएं लेकर आया है।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2685, राज श्री 2050, फॉर्चून कि. 2780, रविन्द्रा 2670, फॉर्चुन 13kg 2440, जय जवान 2215, सचिन 2350, सूरज 2215, अवसर 2145, उजाला 2200, गृहणी 13 kg 2175, क्लासिक (kg) 2560, मोर 2420, चक्र टिन 2655, ब्लू 2425, आशीर्वाद मस्टर्ड 2530, स्वास्तिक 2640
**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150
**चावल**-(प्रति कु0)–डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 9000, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 9000, गौरी प्रीमियम 10800, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4350, लाडली 4200
**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर कोरी छोटी 12800
**चीनी**– पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4260, रोज़ा 4260

## बिजनेस ब्रीफ

### ओला ने रोडस्टर 9.1 की कीमत 60,000 घटाई

**नयी दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने अपनी प्रमुख इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल रोडस्टर एक्स 9.1 केडब्ल्यूएच की कीमत में 60,000 रुपये की कटौती की बृहस्पतिवार को घोषणा की। यह मोटरसाइकिल कंपनी के 4680 भारत सेल से लैस है। कंपनी बयान के अनुसार, यह कदम उसकी गिगाफैक्ट्री में बड़े पैमाने पर उत्पादन बढ़ने और स्वदेशी रूप से विकसित 4680 भारत सेल के एकीकरण के कारण संभव हुआ है।

### बढ़ेंगे महिंद्रा एसयूवी और वाणिज्यिक वाहनों के दाम

**मुंबई।** वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शुक्रवार को कहा कि वह आगामी छह अप्रैल से अपने गैर-इलेक्ट्रिक एसयूवी और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 2.5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने इस मूल्य वृद्धि का कारण लागत में बढ़ोतरी को बताया है। कंपनी ने बयान में कहा कि महिंद्रा एंड महिंद्रा अपने एसयूवी और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 2.5 प्रतिशत तक की वृद्धि की घोषणा करती है। सभी मॉडल पर यह औसत बढ़ोतरी 1.6 प्रतिशत होगी।

### 65 करोड़ हुई एयरटेल के ग्राहकों की संख्या

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने 65 करोड़ ग्राहकों का आंकड़ा छू लिया है। एयरटेल ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में जीएसएमए के आंकड़ों के हवाले से बताया कि मोबाइल सब्सक्राइबरों के मामले में वह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी है जो भारत के अलावा अफ्रीकी देशों में भी सेवा प्रदान करती है।

# पेट्रो रसायन उत्पादों पर आयात शुल्क में छूट, 1800 करोड़ का पड़ेगा बोझ

## 30 जून तक प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, दवा, रसायन, मोटर वाहन घटकों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने गुरुवार को महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात पर तीन महीने यानी 30 जून तक सीमा शुल्क से छूट देने की घोषणा की।

पश्चिम एशिया में संकट के बीच आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित करने एवं उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए यह कदम उठाया गया है। इससे प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, दवा, रसायन, मोटर वाहन घटक तथा अन्य विनिर्माण क्षेत्रों जैसे पेट्रोरसायन कच्चा माल और मध्यवर्ती वस्तुओं पर निर्भर उद्योगों को लाभ मिलेगा। इस कदम से सरकारी खजाने पर लगभग 1,800 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।




● मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टॉलुइन, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमिथेन विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन को सीमा शुल्क छूट दी गई है।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधान को देखते हुए सरकार ने 30 जून तक महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट देने का फैसला किया है।

मंत्रालय ने कहा कि यह कदम एक अस्थायी एवं लक्षित राहत उपाय के रूप में उठाया गया है, ताकि घरेलू उद्योग के लिए आवश्यक पेट्रोरसायन कच्चे माल की उपलब्धता बनी रहे और प्रसंस्करण क्षेत्रों पर लागत का दबाव कम हो तथा देश में आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। इससे अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी।

मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टॉलुइन, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमिथेन (मेथिलीन क्लोराइड), विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन को सीमा शुल्क छूट दी गई है।

पश्चिम एशिया युद्ध के कारण शिपिंग मार्गों में व्यवधान से उर्वरक, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के आयात को लेकर चिंता बढ़ गई है।

भारत उर्वरक एवं पेट्रोलियम का बड़ा आयातक है। अमेरिका और इजराइल के 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले शुरू करने और तेहरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार ने पिछले सप्ताह वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के असर से उपभोक्ताओं को बचाने के लिए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपये प्रति लीटर घटा दिया था।

साथ ही डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन (एटीएफ) पर 29.50 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया है। फिलहाल पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क तीन रुपये प्रति लीटर और डीजल पर शून्य है।

## भारत-ब्रिटेन एफटीए 30 से 45 दिन में लागू हो सकता है: गोयल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले साल जुलाई में हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अगले 30 से 45 दिन में लागू हो सकता है। गोयल ने पिछले महीने कैमरून में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के मौके पर ब्रिटेन के व्यापार और व्यवसाय मंत्री पीटर काइल के साथ एक द्विपक्षीय बैठक की थी।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि ब्रिटेन भी इस बात से बहुत खुश है कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता संसद के दोनों सदनों में कितनी तेजी से पारित हुआ... और हम अगले 30 से 45 दिन में समझौते के लागू होने की संभावना देख रहे हैं।

भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात 'शून्य' शुल्क पर ब्रिटिश बाजार में प्रवेश करेंगे, जबकि भारत में कारों और व्हिस्की जैसे ब्रिटिश उत्पादों पर शुल्क कम किया जाएगा।

## पूर्वोत्तर में आईआईए की पहल

# एमएसएमई क्षमता और प्रत्यक्ष निवेश को मिलेगा बढ़ावा

**नमसाई, अरुणाचल प्रदेश**

● राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल के नेतृत्व में अरुणाचल पहुंचा उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल

पूर्वोत्तर भारत के औद्योगिक परिदृश्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने इस क्षेत्र में अपनी रणनीतिक एंट्री की घोषणा की है। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल आज नमसाई पहुंचे, उनके साथ औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व वाला उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहा।

इसके तहत स्थानीय उद्यमियों को शुरूआत से लेकर राष्ट्रीय बाजारों में विस्तार और वैश्विक स्तर तक पहुंचने के लिए संपूर्ण मार्गदर्शन (एंड-टू-एंड हैंडहोल्डिंग) प्रदान किया जाएगा।

उच्चस्तरीय सरकारी वार्ता प्रतिनिधिमंडल की उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के साथ महत्वपूर्ण बैठकें प्रस्तावित हैं। इन बैठकों में एमएसएमई विकास को छात्रों के करियर प्रोफाइल से जोड़ने और औद्योगिक सहयोग को राज्य की आर्थिक नीति का मुख्य हिस्सा बनाने पर चर्चा होगी।

आईआईए अध्यक्ष दिनेश गोयल ने बताया कि हमारा लक्ष्य पूर्वोत्तर को एमएसएमई का सशक्त केंद्र बनाना है। अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज जैसे संस्थानों के साथ साझेदारी, राज्य नेतृत्व के साथ संवाद और प्रत्यक्ष निवेश के माध्यम से हम केवल उद्योग नहीं बना रहे, बल्कि अरुणाचल प्रदेश के लिए एक स्थायी आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार कर रहे हैं। आईआईए की इस पहल से क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं को नई दिशा मिलने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय व्यवसायों को देश के अग्रणी औद्योगिक संगठनों में से एक का समर्थन और नेटवर्किंग का लाभ मिलेगा।

### इन बातों पर रहेगा ध्यान

- **आपसी राज्य निवेश:** स्थानीय उत्पादों के विकास को बढ़ावा देने और औद्योगिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूंजी आकर्षित करना।
- **पारंपरिक क्षेत्र का आदान-प्रदान:** क्षेत्र के विशिष्ट पारंपरिक उद्योगों–व्यवसायों के आधुनिकीकरण एवं आपसी समझ को बढ़ावा देना
- इसके अलावा IIA अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रहा है। इस साझेदारी का उद्देश्य होगा–इंडस्ट्री–अकादमिक कनेक्ट। जिसके तहत शैक्षणिक पाठ्यक्रमों को वास्तविक औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप बनाने की दिशा में काम किया जाएगा।

# सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा, निफ्टी 22700 के पार

**मुंबई, एजेंसी**



● रुपये में उछाल से शेयर मार्केट ने पकड़ी तेजी

स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 22,700 अंक के ऊपर पार निकल गया। शेयरों की निचले स्तर पर लिवाली और रुपये में तेज बढ़त से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के निचले स्तर से 2,000 से अधिक अंक की वापसी करते हुए अंत में 185.23 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,319.55 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक गिरावट के साथ खुला और कारोबार के पहले भाग में 1,588 अंक टूटकर दिन के निचले स्तर 71,545.81 अंक पर आ गया।

एचसीएल टेक और टीसीएस जैसी आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों और एचडीएफसी बैंक तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख बैंकों में मजबूत लिवाली से सूचकांक को भारी नुकसान से उबरने में मदद मिली और कारोबार समाप्त होने से पहले यह 73,568.54 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी भी 33.70 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के 22,713.10 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में निफ्टी 496.85 अंक यानी 2.19 प्रतिशत लुढ़क गया था लेकिन बाद में इसमें सुधार हुआ और यह 22,782.30 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। आईटी शेयरों में लिवाली के कारण तेजी को समर्थन मिला।

## अप्रत्यक्ष कर संग्रह 15.52 लाख करोड़ रुपये के पार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार का अप्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में संशोधित अनुमान से मामूली रूप से अधिक रहा है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संशोधित अनुमान के अनुसार, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सहित कुल अप्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में 15.52 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहने का अनुमान है। इसमें सीमा शुल्क 2.58 लाख करोड़ रुपये, उत्पाद शुल्क 3.38 लाख करोड़ रुपये और केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) 9.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। बताया कि सीमा शुल्क राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 के लिए संशोधित अनुमान का 102 प्रतिशत रहा।

# लंदन में 'झुमका बासमती' का वैश्विक आगाज

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

● बरेली की प्रसिद्ध लाल मिर्च, येलो चिली तथा मसालों पर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया
● यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, पोलैंड, चीन व संयुक्त राज्य अमेरिका ने दिखाई रुचि

**अमृत विचार:** अंतराष्ट्रीय मंच पर बरेली के गॉडसन ऑर्गेनिक फार्म का झुमका बासमती, हंसराज बासमती व तिलक चंदन जैसा पारंपरिक सुगंधित धान कई देशों को पसंद आया है। कंपनी को यह उपलब्धि लंदन में 30 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम (आईएफई) में उत्तर प्रदेश ने कृषि उत्पादों का वैश्विक प्रदर्शन के दौरान हासिल हुई है।

इसके अलावा बरेली की प्रसिद्ध लाल मिर्च, येलो चिली तथा अन्य उच्च गुणवत्ता वाले मसालों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, पोलैंड, चीन और अमेरिका के संस्थागत खरीदारों के साथ-साथ विश्वभर के प्रख्यात शेफ एवं पाक-कला विशेषज्ञों ने पारंपरिक जैविक किस्मों में गहरी रुचि दिखाई। इससे निर्यात की संभावना बढ़ गई। प्रदेश के पांच प्रमुख कृषि उत्पादकों ने चावल, शहद, मसाला, फल समेत अन्य उत्पादों का प्रदर्शन करके राज्य की समृद्ध कृषि परंपरा और गुणवत्ता का परिचय दिया।

अतिथियों को बरेली का उपहार सौंपते प्रगतिशील किसान अनिल साहनी।




## निर्यात के लिए खुले नए द्वार : अनिल साहनी

**बरेली।** बरेली के प्रगतिशील उद्यमी अनिल कुमार साहनी (गॉडसन ऑर्गेनिक फार्म) ने इवेंट में वैश्विक स्तर पर जनपद का मान बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश से चयनित मात्र 5 प्रतिभागियों में शामिल अनिल साहनी की संस्था द्वारा विकसित पेटेंटेड धान किस्म 'झुमका बासमती' और लुप्तप्राय सुगंधित किस्म 'तिलक चंदन' अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। अनिल कुमार साहनी ने बताया कि इस वैश्विक मंच ने उत्तर प्रदेश के किसानों की पहुंच सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक सुनिश्चित की है। इससे न केवल पारंपरिक कृषि पद्धतियों और विरासत उत्पादों के संरक्षण को मजबूती मिलेगी, बल्कि किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य भी प्राप्त होगा। इवेंट के सकारात्मक परिणाम स्वरूप बरेली की इन प्रीमियम धान किस्मों के निर्यात हेतु कई महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौते शुरू हुए हैं। ये समझौते वैश्विक 'स्पेशलिटी राइस मार्केट' में भारत और उत्तर प्रदेश की उपस्थिति को और अधिक सशक्त करेंगे।

# श्वेतक्रांति: 51 हजार महिलाएं बनीं उद्यमी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

● 1500 गांवों में फैला व्यवसाय, 250 करोड़ से ज्यादा कारोबार
● छह जिलों में महिलाओं ने बदली ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर

**अमृत विचार:** प्रदेश के तराई क्षेत्र में आई श्वेतक्रांति ने महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। बरेली, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सीतापुर और रामपुर समेत छह जिलों के 1500 गांवों में 51 हजार महिलाएं दुग्ध व्यवसाय के जरिए उद्यमी बन चुकी हैं।

इन महिलाओं के खातों में हर महीने 3, 13 और 23 तारीख को नियमित भुगतान पहुंच रहा है, जिससे उनकी आय स्थिर और भरोसेमंद बनी है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं उत्पादन से लेकर संग्रहण और विपणन तक की पूरी जिम्मेदारी संभाल रही हैं। सृजनी एमपीसीएल के नेतृत्व में तराई क्षेत्र में प्रतिदिन एक लाख लीटर से अधिक दूध का संग्रहण और बिक्री हो रही है। अब तक महिलाएं सवा दो सौ करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी हैं। जो क्षेत्र पहले पिछड़े माने जाते थे, वे अब महिला उद्यमिता के नए केंद्र बन गए हैं।

तराई की यह श्वेतक्रांति केवल आर्थिक उन्नति नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का भी उदाहरण बन रही है, जहां महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति दे रही हैं।

# सीएम युवा उद्यमी योजना में आजमगढ़ दूसरे और हरदोई तीसरे स्थान पर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

● 2025-26 में योजना के तहत लक्ष्य से अधिक आये आवेदन
● अब तक 1,38,304 युवाओं को वितरित किया गया लोन

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में अहम साबित हो रहा है। जिलावार प्रदर्शन में जौनपुर ने 151.56 प्रतिशत उपलब्धि के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि आजमगढ़ 149.96 प्रतिशत के साथ दूसरे और हरदोई तीसरे स्थान पर रहा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना के तहत लक्ष्य से अधिक आवेदन आए और बड़े पैमाने पर युवाओं को लोन वितरित किया गया।

प्रदेश में 1.5 लाख लोन वितरण के लक्ष्य के सापेक्ष 3,86,092 युवाओं ने आवेदन किया। इनमें से 3,30,441 आवेदन बैंकों को भेजे गए, जबकि 1,45,454 को स्वीकृति मिली। अब तक 1,38,304 युवाओं को लोन वितरित किया जा चुका है। जौनपुर ने लक्ष्य से 151.56 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। जिले में 2,700 के लक्ष्य के मुकाबले 4,092 युवाओं को लोन मिला। प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर युवाओं को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ने का असर साफ दिखा।

आजमगढ़ ने 149.96 प्रतिशत उपलब्धि के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जहां ब्लॉक स्तर पर वर्कशॉप और काउंसिलिंग से युवाओं को जोड़ा गया। हरदोई ने 3,226 युवाओं को लोन देकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। झांसी ने चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि लखीमपुर खीरी पांचवें स्थान पर रहा।

## रिलायंस रिफाइनरी से निर्यात पर नहीं लगेगा अप्रत्याशित लाभ कर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** डीजल और विमानन ईंधन (एटीएफ) पर दोबारा लगाए गए अप्रत्याशित लाभ निर्यात कर न्यायिक फैसलों की वजह से रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एसईजेड रिफाइनरी पर लागू नहीं होंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार बताया कि न्यायिक फैसलों के चलते विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में स्थित रिफाइनरी को इन करों से छूट मिली हुई है। सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में आए व्यवधानों के बीच अप्रत्याशित लाभ निर्यात कर को फिर से लागू करने का फैसला किया है।

# 38 हजार करोड़ रुपये हुआ भारत का रक्षा निर्यात

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत का वार्षिक रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में सालाना आधार पर 62 प्रतिशत से अधिक बढ़कर रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच पर जानकारी देते हुए कहा कि रक्षा निर्यात में यह ''बड़ी छलांग'' भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं पर बढ़ते वैश्विक भरोसे को दर्शाती है। देश रक्षा निर्यात में सफलता की शानदार कहानी लिख रहा है।

उन्होंने कहा कि 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह गत वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में 62.66 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि है। रक्षा मंत्री ने कहा कि 14,802 करोड़ रुपये की इस बड़ी वृद्धि से भारत की स्वदेशी क्षमताओं और उन्नत विनिर्माण क्षमता पर वैश्विक विश्वास झलकता है। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि में रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) का योगदान 54.84 प्रतिशत और निजी उद्योग का योगदान 45.16 प्रतिशत रहा जो सहयोगात्मक एवं आत्मनिर्भर रक्षा परिवेश की ताकत को दर्शाता है।

## सेल के सीएमडी अमरेंदु प्रकाश ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, इस्पात मंत्रालय की मंजूरी के बाद उनका इस्तीफा दो अप्रैल से प्रभावी हो गया है। मंत्रालय के आदेश के अनुसार, कंपनी के निदेशक (कार्मिक) कृष्ण कुमार सिंह को तीन महीने के लिए सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# सोलर इंस्टॉलेशन में यूपी की बड़ी छलांग

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

● मार्च में रिकॉर्ड 52,729 इंस्टॉलेशन, क्षमता 1161 मेगावाट के पार
● अंतिम तिमाही में तेज रफ्तार 3.47 लाख रूफटॉप संयंत्र स्थापित

**अमृत विचार:** प्रदेश ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 3,47,729 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए हैं। इस दौरान कुल स्थापित क्षमता 1161.756 मेगावाट तक पहुंच गई, जो प्रदेश की ग्रीन एनर्जी की दिशा में तेज प्रगति को दर्शाता है।

माहवार आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 में 15,836 इंस्टॉलेशन से शुरुआत हुई, जो मई में 18,509 और जून में 18,494 तक पहुंच गई। जुलाई में 29,850 इंस्टॉलेशन के साथ बड़ी छलांग दर्ज हुई और इसके बाद अगस्त-सितंबर में भी रफ्तार बनी रही।



अक्टूबर में हल्की गिरावट के बाद नवंबर (30,894) और दिसंबर (31,164) में फिर तेजी देखने को मिली।

**अंतिम तिमाही में रिकॉर्ड उछाल:** जनवरी 2026 में 33,314, फरवरी में 35,804 और मार्च में रिकॉर्ड 52,729 संयंत्र स्थापित किए गए। केवल मार्च में ही 173.84 मेगावाट क्षमता जुड़ी, जो किसी एक माह में अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि है। यूपीनेडा के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि अंतिम तिमाही में आई यह तेजी सरकार की नीतियों, सब्सिडी और प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। इससे उपभोक्ताओं को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध हो रही है।

**पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में यूपी अव्वल :** प्रदेश अब पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में देश का अग्रणी राज्य बन गया है। कुल मिलाकर प्रदेश में अब तक 4,48,233 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं, जिनसे प्रतिदिन 1524 मेगावाट से अधिक बिजली उत्पादन हो रहा है।

## रिपोर्ट

### वैश्विक अनिश्चितता के बीच क्रेडिट रेशियो ने बताया–घट रहा है कर्ज का अनुपात

# मजबूत बनी हुई है भारतीय कंपनियों की बैलेंसशीट

**मुंबई, एजेंसी**



● दूसरी छमाही में क्रेडिट रेशियो 1.93 रहा जबकि पहली छमाही में यह 2.56 था
● बाहरी कारकों के बावजूद अपनी स्थिति मजबूत बनाये हुए हैं ज्यादातर कंपनियां
● इसका प्रमुख कारण है कंपनियों द्वारा लगातार अपना कर्ज कम करने का रुझान

पहले अमेरिकी आयात शुल्क और अब पश्चिम एशिया संकट के बीच भारतीय कंपनियों की बैलेंसशीट मजबूत बनी हुई है और उनका कर्ज का अनुपात घट रहा है। साख निर्धारक एजेंसी केयरएज रेटिंग्स की साख गुणवत्ता रिपोर्ट 'क्रेडिट रेशियो' के अनुसार, साख बढ़ने और घटने का अनुपात यानी क्रेडिट रेशियो वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही की तुलना में दूसरी छमाही में कम होने के बावजूद 10 साल के औसत से ऊपर बना हुआ है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरी छमाही में क्रेडिट रेशियो 1.93 रहा जबकि पहली छमाही में यह 2.56 था। इस दौरान 363 कंपनियों की रेटिंग बढ़ायी गयी जबकि 188 कंपनियों की रेटिंग घटायी गयी। इस मामले में 10 साल का औसत 1.55 है। साख घटने की दर सात प्रतिशत रही जो दस साल के औसत 10 प्रतिशत से कम है। हालांकि साख बढ़ने की दर में कमी आयी है और यह लंबी अवधि के औसत 15 प्रतिशत से घटकर फिलहाल 13 प्रतिशत रह गयी है। केयरएज रेटिंग्स ने का कहना है कि इससे पता चलता है कि क्रेडिट प्रोफाइल में सुधार अब कुछ चुनिंदा क्षेत्रों तक ही सीमित हो गया है। फिर भी, रेटिंग बरकरार रखने की दर 80 प्रतिशत के उच्च स्तर पर बनी हुई है। इसका मतलब है कि बाहरी कारकों के बावजूद ज्यादातर कंपनियां अपनी स्थिति मजबूत बनाये हुए हैं।

इसका प्रमुख कारण कंपनियों द्वारा लगातार अपना कर्ज कम करने के रुझान को बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च 2025 तक कुल गियरिंग (कर्ज का अनुपात) घटकर महज़ 0.50 रह गया है, जो 31 मार्च 2016 को 1.04 था। यह अनिश्चितता के इस दौर में भारतीय कंपनियों की बैलेंस शीट की मजबूती को दर्शाता है।

केयरएज रेटिंग्स के कार्यकारी निदेशक और मुख्य साख अधिकारी सचिन गुप्ता ने कहा कि पश्चिम एशिया के बढ़ते संघर्ष ने अनिश्चितता बढ़ा दी है। चूंकि भारत ऊर्जा के लिए आयात पर बहुत निर्भर है, इसलिए लंबे समय तक चलने वाला युद्ध महंगाई बढ़ा सकता है, चालू खाता घाटा बढ़ सकता है, सरकारी बजट पर दबाव पड़ सकता है और विकास की रफ्तार सुस्त हो सकती है। केयरएज रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक रंजन शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि ईरान युद्ध लंबा चला तो कई उद्योगों की कमाई पर बुरा असर पड़ सकता है।

# यशोदा और कृष्ण... राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 167.20 करोड़ रुपये में बिकी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रख्यात भारतीय चित्रकार राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 'यशोदा और कृष्ण' बुधवार को मुंबई में सैफ्रोनआर्ट की स्प्रिंग लाइव नीलामी में रिकॉर्ड 167.20 करोड़ रुपये यानी 17,978,495 अमेरिकी डॉलर में बिकी। इसके साथ ही यह नीलामी में बिकने वाली आधुनिक भारतीय कला की अब तक की सबसे अधिक मूल्य वाली कृति बन गई है।

इस पेंटिंग ने पिछले साल एक नीलामी में 118 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत में बिकने वाली एमएफ हुसैन की अनाम (ग्राम यात्रा) पेंटिंग के बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। राजा रवि वर्मा की इस कृति का अनुमानित मूल्य 80-120 करोड़ रुपये था और इसे सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक डॉ. साइरस एस पूनावाला ने खरीद लिया।

## एमएफ हुसैन का रिकॉर्ड तोड़ा



### 1890 के दशक में बनी

1890 के दशक में बनाई गई यह कृति भगवान कृष्ण की बाल्यावस्था और माता यशोदा के मातृ प्रेम की एक सूक्ष्म व्याख्या प्रस्तुत करती है। इसे रवि वर्मा की सबसे महत्वपूर्ण और भावपूर्ण रचनाओं में से एक माना जाता है।

> प्रतिष्ठित पेंटिंग 'यशोदा और कृष्ण' को प्राप्त करने, संरक्षित करने और उसकी देखभाल करने का अवसर पाकर गर्व महसूस हो रहा है। यह राष्ट्रीय धरोहर समय-समय पर जनता के दर्शन के लिए उपलब्ध होने योग्य है। – साइरस एस पूनावाला

## केंद्रीय बलों में नेतृत्व का सवाल

# सीएपीएफ विधेयक

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) संशोधन विधेयक, 2026 हाल के दिनों में काफी विवाद का विषय रहा है। सरकार इसे केंद्रीय सशस्त्र बलों के बेहतर समन्वय और सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बता रही है, जबकि खुद सीएपीएफ के कई अधिकारी इसे अपने अधिकारों का हनन मान रहे हैं। विपक्षी दल भी उनका समर्थन कर रहे हैं। सीएपीएफ के अधिकारियों की सबसे बड़ी आपत्ति विधेयक के उस प्रावधान को लेकर है जिसमें भारतीय पुलिस सेवा के अफसरों को इन बलों का नेतृत्व देने का रास्ता साफ किया गया है। हाल ही में सीएपीएफ अधिकारियों की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को दिए गए एक ज्ञापन में कहा गया था कि इस प्रावधान से वे अपनी ही सेवा में दोयम दर्जे के नागरिक बन जाएंगे। हालांकि, इसके बावजूद यह विधेयक राज्यसभा में पारित किया जा चुका है और उसे लोकसभा में रखा जाना है।



### सरकार की ओर से तर्क

- बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी जैसे बलों के लिए एक समान कानूनी ढांचा तैयार करना।
- नियमों में स्पष्टता लाने के लिए सशस्त्र बलों में भर्ती, पदोन्नति, वरिष्ठता और सेवा की अन्य शर्तों से जुड़ी विसंगतियों को दूर करना।
- आईपीएस अधिकारियों के पास राज्यों और केंद्र के बीच समन्वय का अनुभव होता है, जो आंतरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।
- सरकार का मानना है कि इससे कानूनी सुदृढ़ीकरण में मदद मिलेगी, सेवा संबंधी मामलों में होने वाली मुकदमेबाजी भी घटेगी।

### सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसले

- सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में सीएपीएफ अधिकारियों को ऑर्गनाइज्ड ग्रुप ए सर्विस का दर्जा देते हुए उन्हें नॉन-फंक्शनल फाइनेंशियल अपग्रेडेशन का लाभ देने का निर्देश दिया था ताकि उन्हें अन्य सिविल सेवाओं के समान वित्तीय लाभ मिलें।
- अदालत ने 2025 में निर्देश दिया था कि शीर्ष पदों पर आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को धीरे-धीरे कम किया जाए ताकि सीएपीएफ के अपने कैडर अधिकारियों को नेतृत्व करने और शीर्ष पदों तक पहुंचने के पर्याप्त अवसर मिले।

### विधेयक के मुख्य प्रावधान

- इसके तहत महानिदेशक और विशेष महानिदेशक जैसे 100% शीर्ष पद आईपीएस अधिकारियों के लिए आरक्षित किए गए हैं।
- अतिरिक्त महानिदेशक यानी एडीजी के कम से कम 67%, आईजी के 50% पद भी आईपीएस अफसरों के लिए सुरक्षित रहेंगे।
- केंद्र सरकार को इस विधेयक की धारा 3 के तहत सेवा शर्तों और भर्ती के नियम बनाने के लिए व्यापक अधिकार दिए गए हैं।
- विपक्ष ने कहा है कि न्यायपालिका के फैसलों को पलटा जा रहा है, वास्तविक मुद्दे सुलझाने के बजाय नौकरशाही नियंत्रण बढ़ाया है।

### विरोध के प्रमुख कारण

- आरोप है कि विधेयक लाकर कोर्ट का वह फैसला पलटा जा रहा है जिसमें आईपीएस कोटा कम करने को कहा गया था।
- सीएपीएफ अधिकारियों का कहना है कि वे कभी अपने बल के प्रमुख नहीं बन पाएंगे। इससे उनमें निराशा पैदा हो रही है।
- यह भी तर्क है कि जो अधिकारी दशकों से लड़ रहे हैं, वे बाहरी आईपीएस अधिकारियों की तुलना में बल को बेहतर समझते हैं।
- विपक्ष इसे संस्थागत अन्याय करार दे रहा है, जहां लड़ाई कैडर अधिकारी लड़ते हैं लेकिन कमान बाहर से थोपी जाती है।

**10 लाख** के लगभग कर्मचारी हैं भारत के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में, यह दुनिया के सबसे बड़े अर्द्धसैनिक बलों में से एक माना जाता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### उत्तरी इंडोनेशिया के जलक्षेत्र में भूकंप से उठीं सुनामी की लहरें

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के जलक्षेत्र में बृहस्पतिवार को आए भूकंप से सुनामी की छोटी लहरें उठीं, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और इमारतों को नुकसान पहुंचा। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप की तीव्रता 7.4 थी और इसका केंद्र मोलूका सागर में 35 किलोमीटर की गहराई पर था। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी के अनुसार, भूकंप के आधे घंटे से भी कम समय में कई निगरानी केंद्रों में सुनामी की लहरें दर्ज की गईं, जिनमें बिटुंग में आंठ इंच और पश्चिम हलमाहेरा में एक फुट ऊंची लहरें शामिल हैं।

### गायक जुबिन गर्ग की मौत मामले की जांच पूरी : सिंगापुर पुलिस

**सिंगापुर।** सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) ने पुष्टि की है कि 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में हुई गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में जांच पूरी हो गई है और इसमें किसी भी तरह की साजिश या आपराधिक कृत्य के सबूत नहीं मिले हैं। बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया कि सिंगापुर के 'कोरोनर्स एक्ट, 2010' के तहत एसपीएफ ने मामले की गहन जांच की, उपलब्ध सबूतों की पड़ताल की और सभी संबंधित गवाहों के बयान दर्ज किए। एसपीएफ ने कहा कि यह बयान मीडिया के सवालों के जवाब में जारी किया गया है और आमजन को ऐसी टिप्पणियां करने से बचने की सलाह दी गई है जो अदालत के फैसले या न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाती हों।

# ट्रंप ने ईरान के खतरे को खत्म बताया तो तेहरान ने मिसाइलें दागकर दिया जवाब

## इजराइल और खाड़ी देशों को निशाना बनाया, कहा- अभी हथियारों का पर्याप्त भंडार

**दुबई, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान का खतरा लगभग खत्म हो चुका है और युद्ध जल्द ही खत्म हो जाएगा लेकिन इसके बाद ईरान ने बृहस्पतिवार को इजराइल और खाड़ी के अरब देशों पर और मिसाइलें दागकर साफ किया कि वह फिलहाल अपने हमले रोकने नहीं जा रहा है।

ईरानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जुल्फिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि तेहरान के पास अभी काफी छिपे हुए हथियार, गोला-बारूद और उत्पादन सुविधाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा, जिन केंद्रों को आप निशाना बनाने का दावा करते हैं, वे महत्वहीन हैं और हमारा रणनीतिक सैन्य उत्पादन ऐसे स्थानों पर होता है जिनकी आपको कोई जानकारी नहीं है और आप वहां कभी नहीं पहुंच सकते। इससे पहले, ट्रंप ने जोर देकर कहा था कि इस जलडमरूमध्य को बलपूर्वक खोला जा सकता है लेकिन यह काम अमेरिका का नहीं है। अमेरिकी जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने होर्मुज से गुजरने वाले तेल पर निर्भर देशों से देर से सही, हिम्मत दिखाने और इसे अपने कब्जे में लेने की अपील की। ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई इतनी निर्णायक रही है कि सबसे शक्तिशाली देशों में से एक माने जाने वाले ईरान से अब वास्तव में कोई खतरा नहीं रहा। ईरान ने बृहस्पतिवार को ही ट्रंप के भाषण का दृढ़ता से जवाब दिया और इजराइल के साथ खाड़ी देशों पर कई मिसाइल हमले किए।

पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों और होर्मुज जलडमरुमध्य पर उसके नियंत्रण से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई है, जिसका असर पश्चिम एशिया के साथ दुनियाभर में लगातार बढ़ता जा रहा है। युद्ध में



इजराइल के तेल अवीव में ईरान की मिसाइल गिरने के बाद उठता धुआं।

### अमेरिका से लड़ने के लिए 70 लाख ईरानी तैयार

**तेहरान।** ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर कालीबाफ ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि 70 लाख ईरानी किसी भी अमेरिकी जमीनी आक्रमण के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार हैं। कालीबाफ ने युद्ध की शुरुआत से ही अमेरिका को चुनौती देने वाली कई पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा की हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, एक हफ्ते से भी कम समय में पूरे देश में एक बड़ा अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 70 लाख ईरानी सामने आए और कहा कि वे हथियार उठाकर अपने देश की रक्षा के लिए तैयार हैं। सोशल मीडिया पर कई दिन से इस दावे के संबंध में पोस्ट की जा रही हैं। इस दावे का उल्लेख करने वाले कालीबाफ पहले उच्चस्तरीय अधिकारी हैं।

## जल्द से जल्द इराक छोड़ें सभी अमेरिकी नागरिक

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को इराक में मौजूद अपने नागरिकों से तुरंत देश छोड़ने की अपील की है।

दूतावास के बयान के अनुसार, ईरान समर्थक समूहों द्वारा मध्य बगदाद में स्थित विदेशी राजनयिक मिशनों पर हमले की धमकियों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। दूतावास ने कहा, ईरान से जुड़े इराकी आतंकवादी समूह अगले 24-48 घंटों के भीतर मध्य बगदाद में हमले कर सकते हैं। ईरान और उससे जुड़े आतंकवादी गुटों ने पूरे इराक में अमेरिकी नागरिकों और अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर व्यापक हमले किए हैं, जिनमें इराकी कुर्दिस्तान क्षेत्र भी शामिल है। बयान में चेतावनी दी गई है कि ईरान समर्थित ये आतंकवादी समूह इराक में अमेरिकी नागरिकों, व्यवसायों, विश्वविद्यालयों, राजनयिक मिशनों, ऊर्जा केंद्रों, होटलों और हवाई अड्डों को निशाना बना सकते हैं।

- **अमेरिकी दूतावास ने अपील की, अगले 24 घंटों में बगदाद में हमलों की आशंका जताई**

राजनयिक मिशन ने एक्स पर लिखा, इराकी सरकार अपने क्षेत्र में या वहां से होने वाले आतंकवादी हमलों को रोकने में विफल रही है। ईरान समर्थित आतंकवादी समूह इराकी सरकार से जुड़े होने का दावा कर सकते हैं। आतंकवादी ऐसे पहचान पत्र भी दिखा सकते हैं जिनसे वे इराकी सरकार के कर्मचारी प्रतीत होते हों।

# इजराइल के मृत्युदंड कानून के खिलाफ मुस्लिम देश एकजुट

**अबू धाबी, एजेंसी**



- **क्षेत्रीय स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय कानून पर दूरगामी परिणाम की चेतावनी दी**
- **इजराइल ने हाल ही में फिलिस्तीनियों को मृत्युदंड देने का बनाया है कानून**

अरब और मुस्लिम देशों के एक शक्तिशाली गुट ने एकजुट होकर इजराइल के नवीनतम कानूनी कदम की तीखी निंदा की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अधिकृत पश्चिम तट में मृत्युदंड की शुरुआत बेहद गंभीर और खतरनाक है, जिसके क्षेत्रीय स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय कानून पर दूरगामी परिणाम होंगे।

संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन, तुर्की, मिस्र, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब और कतर के विदेश मंत्रियों ने एक कड़े शब्दों वाले संयुक्त बयान में इजराइली संसद नेसेट के पारित कानून की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह प्रभावी रूप से फिलिस्तीनियों के खिलाफ मृत्युदंड का मार्ग प्रशस्त करता है और अधिकृत फिलिस्तीनी क्षेत्र में भेदभाव को और गहरा करता है। मंत्रियों ने आगाह किया कि इस कदम से क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है, शांति स्थापित करने के लिए किं जा रहे कमजोर प्रयासों को और नुकसान पहुंचा सकता है और पहले से ही बदहाल हालात और ज्यादा खराब हो सकते हैं। उन्होंने इजराइल से संकट को बढ़ाने वाले उपायों को रोकने का आह्वान किया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से जवाबदेही सुनिश्चित करने और शांति बनाए रखने के प्रयासों को तेज करने का आग्रह किया।

उल्लेखनीय है कि इजराइल की संसद नेसेट ने 31 मार्च को एक विवादास्पद विधेयक पारित किया है, जो आतंकी कृत्यों में इजराइलियों की हत्या के दोषी पश्चिम तट के फिलिस्तीनियों के लिए मृत्युदंड को अनिवार्य बनाता है। इस कानून के तहत सैन्य अदालतों में घातक आतंकवादी कृत्यों के दोषी पाए गए पश्चिम तट के निवासियों के लिए फांसी की सजा एक सामान्य सजा होगी। न्यायाधीश केवल अस्पष्ट रूप से परिभाषित विशेष परिस्थितियों में ही आजीवन कारावास की सजा दे सकते हैं। कानून के अनुसार, सजा सुनाए जाने के 90 दिनों के भीतर मृत्युदंड दिया जाना है।

### यूरोपीय देश और मानवाधिकार समूह पहले ही कर चुके हैं आलोचना

यूरोपीय देशों के साथ कई मानवाधिकार समूह और फिलिस्तीनी प्राधिकरण पहले ही दो अलग-अलग कानूनी व्यवस्था बनाने के लिए इस कानून की आलोचना कर चुके हैं। दरअसल पश्चिम तट के फिलिस्तीनियों पर सैन्य अदालतों में अनिवार्य मृत्युदंड के तहत मुकदमा चलाया जाएगा जबकि पूर्वी यरुशलम के फिलिस्तीनी निवासियों सहित इजराइली नागरिकों पर नागरिक अदालतों में उन कानूनों के तहत मुकदमा चलाया जाएगा है जो काफी हद तक यहूदी अपराधियों को ऐसी सजाओं से बाहर रखते हैं। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस कानून से लोकतांत्रिक सिद्धांतों को नुकसान पहुंचने का जोखिम है।

## जापान-फ्रांस ने परमाणु ऊर्जा सहयोग पर घोषणा पत्र पर किए हस्ताक्षर

**टोक्यो।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की जापान की दो दिवसीय यात्रा के दौरान दोनों देशों ने परमाणु ऊर्जा के विकास पर एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के साथ बुधवार को एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में मैक्रों ने कहा, हमने नागरिक परमाणु ऊर्जा पर एक घोषणापत्र अपनाया है। परमाणु ऊर्जा कार्बन उत्सर्जन कम करने और संप्रभुता की रणनीति के केंद्र में है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि दोनों देश संयुक्त परियोजनाओं के माध्यम से दोनों देश साझेदारी को विकसित करना जारी रखेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों को 2050 तक अगली पीढ़ी के परमाणु रिएक्टर मिलने की उम्मीद है। मैक्रों ने कहा, हमारी साझेदारी अंतरिक्ष क्षेत्र में भी जारी है।

- **मैक्रों ने अंतरिक्ष क्षेत्र में जापान के साथ साझेदारी की घोषणा की**

फ्रांसीसी अंतरिक्ष कमान में एक जापानी अधिकारी भेजने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर के साथ यह एक नए स्तर पर पहुंच गई है। मैक्रों ने कहा कि दोनों देशों के पास इस क्षेत्र में सहयोग विकसित करने की महत्वपूर्ण संभावनाएं हैं, विशेष रूप से रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल और छोटे रॉकेट के क्षेत्र में।

## आर्टेमिस-II चंद्र मिशन



### 32 मंजिला रॉकेट हुआ रवाना

नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से 32 मंजिला रॉकेट रवाना हुआ जहां इस नए युग की शुरुआत देखने के लिए हजारों लोग इकट्ठे हुए थे। आसपास की सड़कें और समुद्र तट भी लोगों से खचाखच भर गए जिससे अपोलो चंद्र अभियानों की याद ताजा हो गई।

### सबसे वैविध्यपूर्ण दल...

तीन अमेरिकी और कनाडा के एक यात्री के साथ यह ऐसा पहला दल है जिसमें पहली बार कोई महिला, गैरश्वेत कोई व्यक्ति और कोई गैर अमेरिकी नागरिक नासा के नए ओरियन कैप्सूल में सवार हुए।

## चलो चांद पर चलें.... 50 साल बाद चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना हुआ नासा का मिशन

**केप कैनवेरल।** अमेरिका से बुधवार को चार अंतरिक्ष यात्री चांद की ओर रवाना हुए। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के इस मिशन के तहत करीब 50 बाद चांद पर इंसान अपने कदम रखने जा रहे हैं। नासा दो साल से इस मिशन की तैयारी कर रहा था। आर्टेमिस 2 के कमांडर रीड वाइजमैन ने 'चलो चांद पर चलते हैं!' के घोष के साथ अंतरिक्ष की ओर इस अभियान की अगुवाई की। उनके साथ पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन थे। यह चांद पर स्थायी मौजूदगी स्थापित करने की दिशा में नासा का अब तक का सबसे बड़ा कदम है।



### चांद से 6,400 किलोमीटर आगे... सबसे दूर तक जाने का रिकॉर्ड बनाएगा यह मिशन

अंतरिक्ष यात्री अपनी 10 दिवसीय परीक्षण उड़ान के पहले 25 घंटे पृथ्वी के करीब ही रहेंगे, पृथ्वी के चारों ओर कक्षा में कैप्सूल की जांच करेंगे और फिर मुख्य इंजन को चालू करेंगे जो उन्हें चंद्रमा तक ले जाएगा। वे न तो चंद्रमा पर रुकेंगे और न ही उसकी परिक्रमा करेंगे, जैसा कि अपोलो 8 के पहले चंद्रयात्रियों ने 1968 की क्रिसमस की पूर्व संध्या पर किया था। उनका कैप्सूल चंद्रमा के पास से गुजरेगा और उससे 6,400 किलोमीटर आगे बढ़ने के बाद यू-टर्न लेकर सीधे प्रशांत महासागर में उतरेगा। इसी के साथ वे सबसे दूर तक जाने वाले इंसान बन जाएंगे।

## बैंक घोटाला मामले में विधायक को तीन साल की सजा

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली की विशेष एमपीएमएलए अदालत ने लगभग 25 वर्ष पुराने बैंक घोटाले एवं भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में मध्यप्रदेश के दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

अदालत ने सजा सुनाने के साथ राजेंद्र भारती और एक अन्य आरोपी को 4.50 लाख रुपये के निजी मुचलके पर 60 दिन की अपील अवधि तक अंतरिम जमानत भी दी है। आरोपियों पर बैंक से जुड़े लेनदेन में अनियमितता, फर्जी दस्तावेज तैयार कर आर्थिक लाभ लेने और आपराधिक साजिश रचने के आरोप थे। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोप सिद्ध मानते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471, 409 एवं 120-बी के तहत दोषसिद्धि दर्ज की।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। धन लाभ संभव। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी। चित्रा नक्षत्र सृजनात्मकता बढ़ाएगा।

**तुला** – आज संचार माध्यमों से लाभ होगा। व्याघात योग सावधानी बरतें। अपने लक्ष्यों को लेकर अत्यधिक भावुक हो सकते हैं।

**वृष** – आज उधार दिया धन वापस मिलने का संभावना है। पारिवारिक सुख मिलेगा। मंगल गोचर से यात्रा लाभदायक है। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**वृश्चिक** – आज कर्मफल सिद्धि। शनि दृष्टि से पुराने विवाद समाप्त होंगे। बच्चों की समस्याओं पर आपको ध्यान देना चाहिए।

**मिथुन** – आज बौद्धिक कार्य सफल। गुरु की दृष्टि से शिक्षा-प्रतियोगिता में विजय मिलेगी। व्यापार में नई योजनाएं लागू करेंगे।

**धनु** – आज आप धार्मिक यात्रा करेंगे। गुरु स्वगृही ज्ञानार्जन शुभ होगा। आपके ऊपर नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं।

**कर्क** – आज रिश्तों में भावनात्मक स्थिरता रहेगी। चंद्र कन्या से वित्तीय योजना शुभ होगी। कार्यक्षेत्र पर अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** – आज स्थिरता रहेगी। मीन भाव ग्रहों से भावनात्मक संतुलन आवश्यक। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध मधुर रखें।

**सिंह** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शुक्र प्रभाव से सौंदर्य-वस्त्र खरीदना उत्तम रहेगा। बेरोजगारों को जॉब मिल सकती है।


**कुंभ** – आज मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापारिक निर्णय सफल होंगे। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या** – आज व्यापार विस्तार का योग है। चंद्र स्वराशि सर्वत्र विजय। सरकारी कार्यों में धीमापन रहेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**मीन** – आज मंगल-शनि-सूर्य स्वराशि चरम ऊर्जा रहेगी। नवीन उद्यम प्रारंभ करना शुभ रहेगा। व्यर्थ की बातों में समय बर्बाद न करें।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 3 अप्रैल, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा 08.42 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-चित्रा 19.25 तक तत्पश्चात स्वाती।

### सुडोकू - 107 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 | 8 |

### सुडोकू -108

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 7 | | | | 1 | |
| 8 | | | | 4 | | | 2 | |
| 9 | | 5 | | | | 3 | | 6 |
| | 3 | | | 9 | 5 | | 8 | |
| 6 | | | 3 | | | | | 7 |
| | 4 | | 8 | 1 | | | 5 | |
| 3 | | 2 | | | | 5 | | 1 |
| | 8 | | | 3 | | | | 4 |
| | 1 | | | | 6 | 9 | | |

## अमेरिका के नेब्रास्का राज्य ने दी दीपावली उत्सव को मान्यता

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के नेब्रास्का राज्य की विधायिका ने दीपावली उत्सव को मान्यता देने का प्रस्ताव पारित किया है, जिसे सिएटल स्थित भारतीय मिशन ने राज्य के हिंदू समुदाय के लिए एक 'ऐतिहासिक' कदम बताया है। यह प्रस्ताव राज्य सीनेटर जॉन फ्रेडरिकसन ने प्रायोजित किया था और 31 मार्च को स्पीकर जॉन आर्च ने इस पर हस्ताक्षर किए। सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि इस प्रस्ताव को अपनाना अमेरिका के भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक घटना है।

**नाता प्रथा** | राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने आरटीआई आवेदन पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को दिए निर्देश

# स्टांप पेपर पर लड़कियों को बेचने की रिपोर्ट सार्वजनिक करें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लड़कियों को शादी के नाम पर स्टांप पेपर या अनौपचारिक समझौतों के माध्यम से बेचे जाने वाली नाता प्रथा एक बार फिर जांच के दायरे में है। केंद्रीय सूचना आयोग ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को सौंपी गई कार्रवाई रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है।

सूचना आयुक्त पीआर रमेश ने हाल ही में जारी एक आदेश में कहा कि मंत्रालय को सूचना के अधिकार (आरटीआई) अनुरोध पर पुनर्विचार करना चाहिए और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के साथ साझा की गई कार्रवाई रिपोर्ट को उपलब्ध कराना चाहिए, हालांकि छूट प्राप्त हिस्सों को हटा दिया जाए। इसके साथ केंद्रीय सूचना आयोग ने अपीलकर्ता की ओर से मांगी गई अन्य जानकारी को अस्वीकार करने के फैसले को बरकरार रखा। आरटीआई आवेदन में मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना आयोग और राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश व गुजरात राज्यों के बीच हुए पत्राचार की प्रतियां तथा कार्रवाई रिपोर्ट जारी करने का अनुरोध किया गया था।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने छह जून, 2024 को जारी एक बयान में इस प्रथा को गंभीर बताते हुए इसे सामाजिक बुराई करार दिया था। आयोग ने कहा था, वह नाता प्रथा को गंभीर मानता है, जिसके तहत कुछ समुदायों में लड़कियों को शादी के नाम पर स्टांप पेपर पर या किसी अन्य तरीके से बेचा जाता है। राजस्थान के कुछ हिस्सों और मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश व गुजरात के आसपास के इलाकों में इस प्रथा की कोई कानूनी मान्यता नहीं है। आयोग ने इस प्रथा को अनैतिक व दुराचारी बताते हुए इसके उन्मूलन की मांग की थी।



### पिता ने ढाई लाख में बेचा, पूरे पैसे नहीं मिले तो वापस लाकर कर दी दूसरी शादी, लड़की ने कर ली आत्महत्या

मानवाधिकार आयोग ने राजस्थान में एक नाबालिग लड़की के पिता की ओर से नाता प्रथा के तहत ग्रामीणों की उपस्थिति में परिवारों के बीच हुए समझौते के माध्यम से 2.5 लाख रुपये में उसकी शादी कराने के मामले का हवाला दिया। शुरू में 60,000 रुपये का भुगतान किया गया था लेकिन शेष राशि नहीं चुकाई गई, जिसके बाद पिता लड़की को वापस ले आया और 32,000 रुपये में उसका नाता दूसरे आदमी से कर दिया। लड़की ने इस व्यवस्था का विरोध किया और पहले वाले आदमी के साथ रहने के लिए लौट गई। बाद में उसने अपने पिता की ओर से उत्पीड़न का आरोप लगाया और जून 2020 में आत्महत्या कर ली।



> आईपीएल का यह सत्र मोहम्मद शमी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और जिस तरह से उन्होंने दिल्ली के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की उससे पता चलता है कि वह पूरी तरह से तैयार हैं।
> –चेतेश्वर पुजारा

# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026

**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
पंजाब किंग्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# हैदराबाद की जीत का सूरज चमका कोलकाता फिर हो गया परास्त

## आईपीएल-2026 : सनराइजर्स ने सत्र का सर्वोच्च स्कोर ठोक 65 रनों से विजय हासिल की



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते अभिषेक शर्मा। एजेंसी

**कोलकाता, एजेंसी**

हेनरिच क्लासेन (52) के जुझारू अर्धशतक और नीतिश कुमार रेड्डी (दो विकेट और 39 रन) के हरफनमौला खेल के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल टी20 मैच में बृहस्पतिवार को यहाँ कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 65 रन से हराकर मौजूदा सत्र में जीत का खाता खोला।

सनराइजर्स ने आठ विकेट पर 226 रन बनाने के बाद जयदेव उनादकट (21 रन पर तीन विकेट), इशान मलिंगा (14 रन पर दो विकेट) और 'प्लेयर ऑफ द मैच' रेड्डी (17 रन पर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से केकेआर की पारी को 16 ओवर में 161 रन पर समेट दिया। केकेआर की यह दो मैचों में दूसरी हार है। केकेआर के लिए अंगकृष रघुवंशी ने 29 गेंदों में 52 रन बनाए, जबकि रिंकू सिंह ने 25 गेंदों में 35 रन का योगदान दिया। फिन ऐलन ने सात गेंदों में 28 रन बनाए, लेकिन उनकी तेज पारी का फायदा उठाने में टीम नाकाम रही। क्लासेन ने 35 गेंदों में 52 रन बनाने के अलावा रेड्डी (24 गेंदों में 39 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 53 गेंदों में 82 रन की साझेदारी कर पारी को संवारा।

इससे पहले ट्रैविस हेड ने 21 गेंदों पर 46 रन की विस्फोटक पारी खेलकर लय में वापसी की, जबकि अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में 48 रन ठोके। दोनों ने पहले विकेट के लिए 34 गेंदों में 82 रन की शानदार साझेदारी कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। केकेआर के लिए ब्लेसिंग मुजरबानी ने चार, वैभव अरोड़ा ने दो विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऐलन ने शुरुआती ओवर में डेविड पेन के खिलाफ तीन चौकों और दो छक्कों के साथ शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए हर्ष दुबे ने अपनी ही गेंद पर कैच लपककर ऐलन की सात गेंदों में 28 रन की पारी का अंत किया। क्रीज पर आए अंगकृष रघुवंशी ने अभिषेक शर्मा के खिलाफ दो छक्के और जयदेव उनादकट के खिलाफ दो चौके जड़कर आक्रामक तेवर दिखाए, लेकिन दूसरे छोर पर कप्तान अजिंक्य रहाणे संघर्ष करते नजर आए। वह उनादकट की गेंद पर इशान मलिंगा को कैच दे बैठे। कैमरन ग्रीन (दो) भी रघुवंशी के साथ तालमेल की कमी के कारण रन आउट हो गए, जिससे पावरप्ले में टीम का स्कोर तीन विकेट पर 74 रन हो गया। रघुवंशी ने 10वें ओवर में एक रन लेकर 27 गेंदों में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। रिंकू सिंह ने इसके बाद आक्रामक रुख अपनाते हुए चौके जड़े, लेकिन रघुवंशी अपनी पारी को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके और रन आउट हो गए।



जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी। एजेंसी

### ऑरेंज कैप



अंगकृष रघुवंशी
केकेआर 103

ईशान किशन
हैदराबाद 94 रन


हेनरिच क्लासेन
हैदराबाद 83 रन

### पर्पल कैप

जयदेव उनादकट
हैदराबाद 4 विकेट

ब्लेसिंग मुजरबानी
केकेआर 4 विकेट

जैकब डफी
आरसीबी 3 विकेट



**200** वां आईपीएल मैच कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने खेला, यह उपलब्धि को हासिल करने वाले वो 11वें खिलाड़ी बन गए

**82** रनों की पहले विकेट के लिए शानदार साझेदारी महज 34 गेंदों में ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा ने की

### सनराइजर्स हैदराबाद

**226/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ट्रैविस हेड का ग्रीन बो त्यागी | 46 |
| अभिषेक का चक्रवर्ती बो मुजरबानी | 48 |
| ईशान किशन का रिंकू बो मुजरबानी | 14 |
| क्लासेन का रमनदीप बो मुजरबानी | 52 |
| अनिकेत वर्मा का रिंकू बो अनुकूल | 01 |
| नीतिश कुमार का चक्रवर्ती बो वैभव | 39 |
| सलील अरोड़ा बो वैभव | 00 |
| हर्ष दुबे नाबाद | 09 |
| शिवांग कुमार का रहाणे बो मुजरबानी | 04 |

**गेंदबाजी** : वैभव 4-0-47-2, मुजरबानी 4-0-41-4, नारायण 4-0-39-0, चक्रवर्ती 2-0-31-0, त्यागी 4-0-48-1, अनुकूल 2-0-16-1

### कोलकाता नाइट राइडर्स

**161/10** (16 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिन ऐलन का एवं बो हर्ष | 28 |
| रहाणे का मलिंगा बो उनादकट | 08 |
| अंगकृष रघुवंशी रन आउट | 52 |
| कैमरुन ग्रीन रन आउट | 02 |
| रिंकू सिंह का उनादकट बो रेड्डी | 35 |
| अनुकूल रॉय का एवं बो रेड्डी | 00 |
| रमनदीप सिंह का उनादकट बो मलिंगा | 10 |
| सुनील नारायण का अनिकेत बो मलिंगा | 12 |
| कार्तिक का किशन बो उनादकट | 01 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 00 |
| वरुण चक्रवर्ती बो उनादकट | 08 |

गेंदबाजी :पेन 2-0-35-0, दुबे 2-0-17-1, अभिषेक 1-0-15-0, उनादकट 3-0-21-3, मलिंगा 2-0-14-0, शिवांग 4-0-41-0, रेड्डी 2-0-17-2

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | दिल्ली कैपिटल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1.397 |
| 4. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 5. | पंजाब किंग्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.509 |
| 6. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.469 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -1.397 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |

## हाईलाइट

### फीफा ने विश्व कप फाइनल के टिकटों की कीमत बढ़ाई

**ज्यूरिख।** फीफा ने 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट की 48 टीमों के तय हो जाने के बाद फाइनल के लिए टिकट की अधिकतम कीमत बढ़ाकर 10,990 अमेरिकी डॉलर कर दी है। दिसंबर में टूर्नामेंट के ड्रॉ के बाद जब फीफा ने टिकट बेचे थे तब श्रेणी एक के टिकट की कीमत 8,680 डॉलर थी। न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड स्थित मेटलाइफ स्टेडियम में 19 जुलाई को होने वाले फाइनल मैच के लिए फीफा के श्रेणी दो के टिकटों की कीमत 7,380 डॉलर कर दी गई है, जो पहले 5,575 डॉलर थी। इसी तरह से श्रेणी तीन के टिकटों की कीमत 5,785 डॉलर कर दी गई है जो पहले की कीमत से 4,185 डॉलर अधिक है।बुधवार रात तक ग्रुप चरण के 72 मैचों में से 17 मैचों के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध थे, जबकि नॉकआउट चरण के किसी भी मैच के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं थे।

### इटली के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष का इस्तीफा

**रोम।** इटली के लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के दो दिन बाद देश के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष गैब्रिएल ग्रेविना ने बृहस्पतिवार को राजनीतिक दबाव के बीच इस्तीफा दे दिया। ग्रेविना के इस फैसले के बाद संभवत: इटली के कोच गेनारो गट्टूसो को भी पद से हटाया जा सकता है। विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में लगातार दो बार विफल रहने के बाद खेल मंत्री एंड्रिया अबोदी ने ग्रेविना के नेतृत्व वाले इटली के फुटबॉल महासंघ में बदलाव की मांग की थी। क्वालीफाइंग प्लेऑफ में मंगलवार को बोस्निया एवं हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हार के बाद उत्तरी अमेरिका में होने वाले इस साल के टूर्नामेंट में इटली के पहुँचने की उम्मीदें खत्म हो गईं।

### अब्दुरहीमान बोले- अर्जेंटीना की टीम ने दिया धोखा

**मलप्पुरम (केरल)।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने गुरुवार को कहा कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने पैसे लेने के बावजूद यहां मैच खेलने के लिए नहीं आकर राज्य को धोखा दिया। अब्दुरहीमान ने कहा कि वह वास्तव में चाहते थे कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम और लियोनेल मेसी केरल आएं और राज्य में एक मैच खेलें। उन्होंने यहां एक टीवी चैनल से कहा इसके लिए मैंने कई बार बातचीत की थी। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टीम को देने के लिए 250 करोड़ रुपये की धनराशि जुटाने के लिए प्रायोजक ढूंढना आसान काम नहीं था। अब्दुरहीमान ने कहा लेकिन पैसे मिलने के बावजूद अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने हमें धोखा दिया।

# पंजाब के खिलाफ लय हासिल करने उतरेगा चेन्नई

**चेन्नई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए अपना घरेलू मैदान मजबूत गढ़ रहा है, लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले आईपीएल के मैच में जीत हासिल करने के लिए उसे खेल के प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सीएसके की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में शुरुआत निराशाजनक रही थी। युवा खिलाड़ियों से भरी उसकी टीम गुवाहाटी में किसी भी विभाग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। सीएसके अब उस हार को भुलाकर नए सिरे से अपना अभियान शुरू करने की कोशिश करेगा।

हाल ही में हुए टी20 विश्व कप के दौरान चेन्नई की पिच के व्यवहार को को देखते हुए यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट होना चाहिए। सीएसके के स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी गुवाहाटी नहीं गए थे क्योंकि वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। उनका हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान डगआउट में रहने की संभावना है जिससे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को काफी फायदा मिलेगा। संजू सैमसन सीएसके के लिए अपने पहले मैच में खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे और वह इसकी भरपाई करने के लिए बेताब होंगे।

सीएसके को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में डेवाल्ड ब्रेविस की सेवाएं नहीं मिल पाई थी और अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह साइड स्ट्रेन से पूरी तरह उबर चुके हैं या नहीं। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के नहीं चल पाने के कारण सरफराज खान को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतारा गया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए हालांकि वह सहज नजर आ रहे थे। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ-साथ कार्तिक शर्मा जैसे युवा खिलाड़ियों से और अधिक उम्मीदें की जाएंगी। गेंदबाजी की बात करें तो वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी के आगे मैट हेनरी और नूर अहमद जैसे गेंदबाज फीके पड़ गए। वे इससे उबरने के लिए बेताब होंगे। जहां तक पंजाब किंग्स का सवाल है तो उसने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत हासिल की। उसे ऑस्ट्रेलिया के कूपर कॉनॉली के रूप में तीसरे नंबर का भरोसेमंद बल्लेबाज मिल गया है। उन्होंने पिछले मैच में टीम को खराब शुरुआत से उबारकर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। पंजाब किंग्स की गेंदबाजी भी मजबूत नजर आ रही है।

### टीम

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मार्कस स्टोइनिस, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, मुशीर खान, प्रवीण दुबे, विशाल निशाद, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, पाइला अविनाश, शशांक सिंह।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रामकृष्ण घोष, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, खलील अहमद, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जकारी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक शर्मा, सरफराज खान, आयुष म्हात्रे।



अभ्यास सत्र के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के एमएस धोनी। एजेंसी

# हर क्रिकेटर को बचपन से ही गोल्फ खेलना शुरू कर देना चाहिए: युवराज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय हरफनमौला युवराज सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि क्रिकेटरों को अपने मुख्य पेशे के तनाव से निपटने के लिए कम उम्र से ही गोल्फ खेलना शुरू कर देना चाहिए। युवराज क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद शौकिया तौर पर गोल्फ खेलते हैं। उन्हें दूसरे 'इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल)' का ब्रांड दूत बनाया गया है।

युवराज ने आईजीपीएल की 10 फ्रेंचाइजी के अनावरण के मौके पर कहा क्रिकेटरों को क्रिकेट के साथ-साथ गोल्फ भी खेलना चाहिए। मुझे भी पहले गोल्फ खेलना चाहिए था, जिससे मुझे क्रिकेट में मदद मिलती। गोल्फ वास्तव में आपको तनाव से मुक्ति दिलाता है। आईजीपीएल का कार्यक्रम अभी तय होना बाकी है।

उन्होंने कहा ज्यादातर विदेशी क्रिकेटर, खासकर ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी बचपन से ही गोल्फ खेलते हैं। युवराज ने कहा कि गोल्फ को एक विशिष्ट खेल माना जाता है, लेकिन यह एक ऐसा खेल है जो सार्वजनिक गोल्फ कोर्स के माध्यम से सभी के लिए सुलभ है। उन्होंने कहा हम गोल्फ को एक विशिष्ट खेल मानते हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि भारत का हर बच्चा गोल्फ खेले। हम गोल्फ को स्कूलों तक पहुँचाने की कोशिश कर रहे हैं। मेरा मानना है कि हर बच्चे को हर खेल को आजमाना चाहिए। युवराज ने कहा मैं जानता हूं कि क्रिकेट हमारा सबसे लोकप्रिय खेल है, लेकिन गोल्फ भी एक रोमांचक खेल है, जिसे हर किसी को आजमाना चाहिए। भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ी के तौर पर, मैं अन्य खेलों में भी योगदान देना चाहता हूं। उन्होंने कहा यह लीग (आईजीपीएल) खेल को रोमांचक बनाएगी और खेल के बारे में जागरूकता फैलाएगी।



न्यूयॉर्क में फ्रेंचाइजी लाइन-अप के अनावरण के दौरान इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग के को-फाउंडर और ब्रांड एंबेसडर युवराज सिंह (दाएं से दूसरे), पूर्व टेनिस खिलाड़ी और फ्रेंचाइजी के मालिक लिएंडर पेस (बाएं से दूसरे)। एजेंसी

# चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने से मुझे आत्मविश्वास मिला : रिजवी

**लखनऊ, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स के युवा बल्लेबाज समीर रिजवी ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के मौके का पूरा फायदा उठाया और अब उनका ध्यान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने पर है। रिजवी ने अपने कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वह 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे।

दिल्ली की टीम ने 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट 26 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद रिजवी ने जिम्मेदारी संभाली और 47 गेंद पर नाबाद 70 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स (32 गेंदों पर नाबाद 39 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 119 रन की अटूट साझेदारी की।



रिजवी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा कोच ने मुझे पहले ही बता दिया था कि तुम नंबर चार पर खेलोगे और हम तुम्हारा साथ देंगे। बस अपना स्वाभाविक, सकारात्मक खेल खेलो। उन्होंने कहा जब भी मैं उत्तर प्रदेश के लिए या यूपीटी20 लीग में खेलता हूं तो चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करता हूं। अगर आपको आईपीएल में भी उसी नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका मिले तो इससे काफी आत्मविश्वास मिलता है। यह मेरे लिए एक बड़ा अवसर है और कोच भी मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आजादी दे रहे हैं। इसलिए मैं इन अवसरों को भुनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। रिजवी ने कहा मैंने अभी तक आईपीएल में ज्यादा मैच नहीं खेले हैं लेकिन मैं अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करूंगा और इस पारी को भूलकर अगले मैच पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करूंगा। आईपीएल में रिजवी का यह लगातार दूसरा अर्धशतक था।

**आलोचना** | इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान की बल्लेबाजी पर उठाए सवाल

# क्या ऋषभ पंत वास्तव में सलामी बल्लेबाज हैं : पीटरसन



**मुंबई, एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत की शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में योग्यता पर सवाल उठाते हुए कहा है कि शीर्ष तीन में खेलने से यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज अपने खेल का आनंद लेने के बजाय खुद पर दबाव बना रहा है।

पंत दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलने के लिए उतरे और केवल सात रन बनाकर रन आउट हो गए। दिल्ली ने यह मैच छह विकेट से जीता। लखनऊ की हार के बाद पंत ने कहा था कि वह इस सत्र में शीर्ष क्रम में खेलने की योजना बना रहे हैं लेकिन पीटरसन ने कहा कि इससे वह अपने खेल का आनंद नहीं ले पाएंगे। पीटरसन ने जिओ हॉटस्टार से कहा जब आप लखनऊ की टीम की बल्लेबाजी की ताकत और गहराई को देखते हैं तो तब सवाल उठता है कि क्या ऋषभ पंत वास्तव में सलामी बल्लेबाज हैं। मुझे लगता है कि पिछले साल की तुलना में उन्हें इस साल बल्लेबाजी क्रम में कुछ ज्यादा ही ऊपर भेज दिया गया है। इंग्लैंड के कप्तान ने कहा पिछले साल उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में नीचे खेलने का फैसला किया और अब वह अचानक से कह रहे हैं कि ''मैं शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करूंगा। मुझे लगता है कि उन्हें बस मैदान पर जाकर अपने खेल का आनंद लेना चाहिए। पीटरसन ने कहा कि पंत बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आकर खुद पर और अधिक दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने कहा खुद को नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने के लिए मजबूर मत करो, उस स्थिति का आनंद लो। मुझे लगता है कि पंत सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरकर खुद पर दबाव डाल रहे हैं। पिछले सत्र तक दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग स्टाफ का सदस्य रहे पीटरसन ने समीर रिजवी की जमकर तारीफ की जिन्होंने नाबाद अर्धशतक लगाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पीटरसन ने कहा उन्होंने स्थिति का बखूबी सामना किया और मुझे इससे किसी तरह की हैरानी नहीं हुई।



### शमी की वापसी के लिए यह तो बस शुरुआत है : पुजारा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में अच्छी गेंदबाजी करने वाले मोहम्मद शमी की तारीफ करते हुए कहा कि इस तेज गेंदबाज की वापसी की राह में यह तो बस शुरुआत है। भारतीय टीम से बाहर चल रहे शमी को लखनऊ ने 10 करोड रुपए में खरीदा। शमी ने लखनऊ की तरफ से पदार्पण करते हुए अपनी पहली गेंद पर ही केएल राहुल को आउट कर दिया था और इस तरह से वह आईपीएल इतिहास में पांच बार पहली गेंद पर विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं।

सुविचार



आप जीवन में जो कुछ भी चाहते हैं वह प्राप्त कर सकते हैं बस आप दूसरे लोगों की मदद करना शुरू कर दें।
-जिग जिगलर


# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026


## बरेली के प्रमुख समाचार


- सपा जिलाध्यक्ष का खुलेगा नाम...पर वो नहीं जिनकी चर्चा आम-II
- पार्किंग का नहीं प्लान, कॉम्प्लेक्स वीरान-III
- हे दुःख भंजन, मारुती नंदन, सुन लो मेरी पुकार... विनती बारम्बार-IV


## सिटी ब्रीफ

### बलदेव कुमार ने संभाला एपीएफसी का कार्यभार

**बरेली, अमृत विचार :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के क्षेत्रीय कार्यालय में बलदेव कुमार ने सहायक भविष्य निधि आयुक्त (एपीएफसी) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों और प्रतिष्ठानों को बेहतर व निर्बाध सामाजिक सुरक्षा सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होगी। पीएफ दावों के निस्तारण, पेंशन वितरण और बीमा लाभों में लगने वाले समय को कम करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। साथ ही शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत कर पारदर्शिता बढ़ाने, डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देने और श्रम कल्याण योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में भी काम किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक सामाजिक सुरक्षा का लाभ पहुंच सके।

### एआई फॉर ऑल अभियान में जुटेगा विश्वविद्यालय

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एआई फॉर ऑल ऑनलाइन अभियान में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करके गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। यह अभियान महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोरखपुर की ओर से टाटा फाउंडेशन और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। अभियान के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 2 अप्रैल से शुरू हो गया है। जिसकी अंतिम तिथि 9 अप्रैल निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय ने सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे अधिकतम संख्या में विद्यार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित करें। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि इस पहल के माध्यम से युवा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रति जागरूक होंगे।

## शहर में आज

- जिला ओलंपिक संघ की ओर से फ्यूचर यूनिवर्सिटी में 54 वीं राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से।
- गुड फ्राइडे पर क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में आराधना दोपहर 12 बजे।
- एसआरएमएस में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 दोपहर 1:30 बजे से।

## हनुमान जन्मोत्सव पर महाआरती



हनुमान जन्मोत्सव पर सिविल लाइंस स्थित श्री हनुमान मंदिर में महाआरती करते श्रद्धालु। (संबंधित खबर पेज IV पर) • अमृत विचार

## अग्निवीर: एक फार्म पर दो पदों के कर सकेंगे आवेदन

**बरेली, अमृत विचार :** देश की सेवा करने का जज्बा रखने वाले युवाओं के लिए खुशखबरी है। अग्निवीर बनने के लिए वह 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए सेना भर्ती कार्यालय ने तिथि आगे बढ़ा दी है। सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभ्यर्थियों की जून में परीक्षा कराई जाएगी।

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती 2026-27 की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। इसकी पूरी जानकारी सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यार्थियों की मांग को देखते हुए सरकार ने इस बार अधिकतम आयु सीमा बढ़ाकर 22 साल कर दी है। भर्ती के लिए अब 17.5 वर्ष से 22 वर्ष की आयु वाले युवा आवेदन कर सकेंगे। जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क स्टोर कीपर, ट्रेड्समैन और अग्निवीर वूमन मिलिट्री पुलिस के पदों लिए भी अधिसूचना जारी कर दी गई है। नर्सिंग सहायक (एनए-एनए वेट) के लिए अधिकतम आयु 23 वर्ष और सिपाही फार्मा के लिए 25 वर्ष तक निर्धारित की गई है। सभी वर्गो के लिए आवेदन शुल्क 250 रुपये तय किया गया है। अभ्यार्थियों को एक फार्म में दो-दो पदों के लिए आवेदन का मौका मिलेगा, यानी इस बार दो पदों के लिए अभ्यर्थी एक साथ अप्लाई कर सकेंगे। सेना भर्ती कार्यालय के तहत आने वाले 12 जिलों बहराइच, बलरामपुर, बरेली, बदायूं, फरुखाबाद, हरदोई, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, संभल, शाहजहांपुर, श्रावस्ती और सीतापुर के उम्मीदवार 10 अप्रैल से पहले भारतीय सेना की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# सछास ने बरेली कॉलेज में तूफान सिर पर उठाया

## एबीवीपी के बाद मैदान में उतरी समाजवादी बिग्रेड, अफसरों को ज्ञापन दिया, प्राचार्य का किया घेराव, जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में बुधवार को चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे के साथ अभद्रता, गाली-गलौज और धक्का-मुक्की के विरोध में गुरुवार को समाजवादी छात्र सभा भड़क उठी। समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ता गुरुवार को एसएसपी कार्यालय में ज्ञापन देने पहुंचे। क्षेत्राधिकारी प्रथम आशुतोष शिवम ने ज्ञापन लिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने बरेली कॉलेज में प्रचार्य का घेराव किया और तीखा विरोध जताया।

प्रो. आलोक खरे की एक सोशल मीडिया पोस्ट के विरोध में बुधवार को अभाविप कार्यकर्ताओं ने बरेली कॉलेज में प्राचार्य कक्ष में जमकर हंगामा, नारेबाजी की थी। धक्का-मुक्की भी की गई थी। इसके बाद प्राचार्य ने प्रो. आलोक को चीफ प्राक्टर पद से हटा दिया। इस मामले को लेकर गुरुवार को समाजवादी छात्र सभा ने मोर्चा संभाल लिया। संगठन के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा के नेतृत्व में सछास के प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्राधिकारी प्रथम अशुतोष शिवम को ज्ञापन दिया। घटना के वीडियो साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की गई। छात्र सभा ने कहा कि इस संगठन के द्वारा इससे पहले भी नगर आयुक्त के साथ कार्यालय में अभद्रता की गई। कार्रवाई नहीं होने के कारण ऐसे तत्वों के हौसले बार-बार बढ़ रहे हैं।



बरेली कॉलेज में प्राचार्य का घेराव करते समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारी। • अमृत विचार

### विरोध या षड्यंत्र, कालेज में होती रहीं चर्चाएं

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में बवाल के बाद गुरुवार को पूरे दिन घटनाक्रम को लेकर शिक्षकों के बीच चर्चा होती रही कि यह केवल विरोध प्रदर्शन था या साजिश। 19 मार्च को प्रोफेसर प्रो. आलोक खरे ने सोशल मीडिया पोस्ट की थी, लेकिन माहौल उसके दो सप्ताह के बाद गरमाया। 1 अप्रैल को अचानक हालात बिगड़ गए। प्रो. आलोक ने भी पूरे घटनाक्रम को षड्यंत्र करार दिया। चीफ प्रॉक्टर पद को लेकर उन्होंने कहा कि मैंने खुद ही 30 मार्च को अपना त्याग पत्र प्राचार्य को सौंप दिया था। इसके बाद मुझे चीफ प्रॉक्टर से हटाया कैसे जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज में मेरे कुछ प्रतिद्वंदी चीफ प्रॉक्टर पद को प्राप्त करने के इच्छुक थे। इसके लिए राजनीतिक द्वेष से प्रेरित होकर वातावरण को अशांत करने का प्रयास किया। उन्होंने कुछ छात्रों को उकसाया, जिसके परिणामस्वरूप एक उग्र भीड़ ने मुझ पर हमला करने का प्रयास किया। इसके लिए प्राचार्य से दोषियों के विरुद्ध कठोर एवं त्वरित कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा है। इससे उनकी गरिमा को आघात आघात पहुंचा है।

- अभद्रता करने वालों पर कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

### दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी: प्राचार्य

एसएसपी कार्यालय में ज्ञापन देकर कार्यकर्ता बरेली कॉलेज प्राचार्य का घेराव करने पहुंचे। सछास जिलाअध्यक्ष अविनाश मिश्रा और महानगर अध्यक्ष विक्रांत सिंह पाल ने कहा कि हम प्रोफेसर की पोस्ट का समर्थन नहीं करते हैं लेकिन प्राचार्य कार्यालय में अभद्रता भी नहीं होनी चाहिए थी। हम इस घटना का विरोध करते हैं। उन्होंने कॉलेज प्रशासन से दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने कहा कि इस अभद्रता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पिंकू गुर्जर, राशिद मेवाती, संजय, अभिषेक, कृष्णा, राघव, समीर के साथ बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### एक्शन हो तुरंत, शिक्षक संघ भी मैदान में उतरा

**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षक संघ ने गुरुवार को प्राचार्य प्रो. ओपी राय से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम पर चर्चा की। शिक्षक संघ ने कहा कि कॉलेज में एक शिक्षक का अपमान होना निंदनीय हैं। कॉलेज परिसर में ही शिक्षक सुरक्षित नहीं हैं। शिक्षक संघ के महामंत्री प्रो. वीपी सिंह ने कहा कि प्राचार्य ने कार्यालय में हुई अभद्रता के दोषियों पर कार्रवाई करने के लिए 2 दिन का समय मांगा है। दो दिन में कार्रवाई नहीं होती है तो सोमवार को फिर से प्राचार्य से मिलेंगे। शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. विजेंद्र पाल सिंह, प्रो. अविनाश अग्रवाल, प्रो. शिखा वर्मा, रितु अग्रवाल, प्रो. राजेंद्र सिंह, प्रो. बीनम सक्सेना आदि मौजूद रहे।

> शिक्षक संघ ने मामले की गंभीरता को लेकर सार्थक चर्चा की। उन्होंने प्राचार्य सहित शिक्षकों की सुरक्षा का मुद्दा रखा। मैंने भी उनको आश्वासन दिया कि शिक्षक के साथ हुई अभद्रता के मामले पर बड़ी और कठोर कार्रवाई की जाएगी। मैंने पुलिस को कार्रवाई के लिए लिखा है। -प्रो. ओपी राय, प्राचार्य

## तीन पुलों पर व्यू कटर लगाने की तैयारी, टेंडर प्रक्रिया शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के तीन पुलों पर चाइनीज मांझे से बचाव के लिए व्यू कटर लगाने की तैयारी पूरी हो गई है। चौपुला, सेटेलाइट पुल और अटल सेतु पर पर व्यू कटर लगाए जाएंगे। पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता भगत सिंह के अनुसार तीनों पुलों की लंबाई और संवेदनशीलता के आधार पर अलग-अलग बजट निर्धारित किया गया है। सेटेलाइट पुल की सुरक्षा के लिए 1.39 करोड़, चौपुला पुल के लिए 44 लाख, अटल सेतु के लिए सर्वाधिक 1.81 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कुल 3.55 करोड़ रुपये खर्च होंगे। टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इन व्यू कटर की ऊंचाई इतनी रखी जाएगी कि पुल के नीचे या आसपास की इमारतों से आने वाली पतंग की डोर वाहन चालकों के गले तक न पहुंच सकेगी। ये जालीदार दीवारें वाहन चालकों का ध्यान भटकने से भी रोकेंगी, जिससे हादसों में कमी आएगी। अप्रैल के आखिरी सप्ताह में काम शुरू होने की उम्मीद है।

## गंगा एक्सप्रेस वे से मंडल में उद्योगों को लगेंगे पंख, पैदा होंगे रोजगार के नए अवसर

- शासन ने इंटिग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक क्लस्टर की परियोजना को दी है स्वीकृति
- महत्वाकांक्षी परियोजना पर खर्च होंगे 149 करोड़, पहली किस्त में 52.16 करोड़ जारी, यूपीडा कराएगा निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर को रफ्तार देने के लिए शासन ने बड़ी परियोजना स्वीकृत की है। शाहजहांपुर के बाद बदायूं में स्वीकृत की गयी एक्सप्रेस-वे सन्निकट औद्योगिक विकास केंद्र परियोजना के तहत इंटिग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक क्लस्टर (आईएमएलसी) को मंजूरी दी है। माना जा रहा है कि इस परियोजना से बरेली और बदायूं के उद्यमियों को उद्योगों को रफ्तार देने में मदद मिलेगी। सैकड़ों उद्योग लगने के साथ युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे।

गंगा एक्सप्रेस-वे के पास ही यूपीडी एक हजार हेक्टेयर में औद्योगिक गलियारा बसा रहा है। इसके लिए एक्सप्रेस-वे और बरेली-बदायूं हाईवे के बीच भमोरा में चार गांवों की भूमि चिह्नित की गयी है। इंटिग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक क्लस्टर (आईएमएलसी) का निर्माण यूपीडा (उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण) कराएगा।

इस परियोजना पर 149 करोड़ रुपये खर्च होंगे। शासन ने पहली किस्त में 52.16 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। औद्योगिक विकास अनुभाग के संयुक्त सचिव निर्मेष कुमार शुक्ल ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा को बदायूं में इंटिग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक क्लस्टर की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी होने के संबंध में पत्र जारी किया है।

इसमें बताया गया है कि 2025-26 वित्तीय वर्ष में निर्माण कार्य कराने के लिए 30000 लाख रुपये में से व्यय वित्त समिति एवं पीएफडी ने 14903 लाख रुपये की स्वीकृति जारी की है। व्यय लागत के सापेक्ष 5216 लाख रुपये की धनराशि जारी कर दी है। यूपीडा को स्वीकृत धनराशि आवश्यकता के अनुसार आहरित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए सैकड़ों एकड़ भूमि अधिग्रहण की जाएगी। शासन ने यूपीडा की सर्वे रिपोर्ट के बाद परियोजना को मंजूरी दी है। कुछ दिन पहले यूपीडा के अधिकारियों ने गंगा एक्सप्रेस-वे किनारे बदायूं में भूमि के संबंध में निरीक्षण किया था। (आईएमएलसी) का निर्माण कराने के लिए यूपीडा पहले कंपनियों से प्रस्ताव मांगेगी, उसके बाद ही परियोजना आगे बढ़ेगी।

# बारिश में टापू नहीं बनेगा शहर, अभी तो ऐसे दावे कर रहे अफसर

- बारिश से पहले 213 नाला सफाई पर निगम खर्च करेगा पांच करोड़
- नगर स्वास्थ्य और निर्माण विभाग के कंधों पर सफाई का जिम्मा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम ने बारिश से पहले शहर में नाला सफाई की तैयारी शुरू कर दी है। अफसरों का दावा है कि नालों की तली झाड़ सफाई कराई जाएगी। ताकि बारिश में जलभराव की समस्या न हो। छोटे-बड़े 213 नालों की सफाई पर पांच करोड़ रुपये खर्च होंगे। सफाई का जिम्मा नगर स्वास्थ्य और निर्माण विभाग के कंधों पर है। दोनों विभाग मिलकर नाला सफाई अभियान चलाएंगे। फिलहाल, टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है।



सेटेलाइट के पास गंदगी से पटा नाला। • अमृत विचार

निगम कार्ययोजना के अनुसार नगर स्वास्थ्य विभाग के कंधों पर 193 बड़े नालों की जिम्मेदारी है, जबकि निर्माण विभाग 20 सबसे जटिल और प्रमुख नालों की सफाई का मोर्चा संभालेगा। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भानू प्रकाश ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया अंतिम पड़ाव पर है। इसी महीने काम शुरू कर दिया जाएगा। चीफ इंजीनियर मनीष अवस्थी ने बताया कि 20 में से 16 प्रमुख नालों के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। शेष के लिए भी जल्द ही औपचारिकताएं पूरी कर काम धरातल पर उतार दिया जाएगा। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने निर्देश दिए हैं कि पहले उन संवेदनशील इलाकों को प्राथमिकता दी जाए, जहां पानी का निकास सबसे अधिक बाधित होता है। नाला सफाई के दौरान सिल्ट निकाली जाएगी, उसकी भी नियमित मॉनिटरिंग और वीडियोग्राफी कराई जाएगी। सिल्ट का तुरंत निस्तारण किया जाए। जून के पहले हफ्ते तक शत-प्रतिशत सफाई का लक्ष्य है, ताकि जब मानसून दस्तक दे, तो शहर के ड्रेनेज सिस्टम में पानी का प्रवाह बिना किसी बाधा के बना रहे।

### लोगों ने स्लैब नहीं हटाए तो तोड़े जाएंगे

सिविल लाइंस, कुतुबखाना, पटेल चौक, किला, सिकलापुर, आलमीगिरीगंज, सुभाषनगर, बदायूं रोड आदि जगहों पर नालों पर दुकानदारों ने आगे स्लैब डाल दिए हैं। नाले की जेसीबी से सफाई की जाती है। स्लैब के कारण नालों की सफाई नहीं हो पाती। जिससे नाले चोक रहते हैं और नालियों में पानी भरता है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि अगर स्लैब नहीं हटाए गए तो तोड़े जाएंगे।

### हादसे के बाद खुले नालों की हो रही घेराबंदी



सेटेलाइट बस स्टैंड परिसर में बने नाले में गिरने से पिछले दिनों ट्रक चालक तौहीद की जान चली गई थी। इस घटना के बाद नींद से जागे नगर निगम प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम शुरू कर दिए हैं। शहर में खुले नालों के किनारे लोहे की मजबूत रेलिंग लगाई जा रही है। बस स्टैंड के आसपास के असुरक्षित हिस्सों में रेलिंग लगाने का काम तेजी से चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह कदम पहले उठाया गया होता तो एक कीमती जान बचाई जा सकती थी।

## पूर्वोत्तर रेलवे में सभी सेलेक्शन जून माह तक पूरा करने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी मनोज कुमार ने मंडल के कार्मिक प्रबंधन एवं प्रशासनिक कार्यों की प्रगति जानने के लिए गुरुवार को समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे सभी मंडलों में कर्मचारियों के प्रमोशन को तय समय सीमा में पूर्ण करने में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कर्मचारी हितों, पदोन्नति, सेवा अभिलेखों के डिजिटलीकरण और अनुशासनात्मक मामलों की समीक्षा की। पूर्वोत्तर रेलवे में सभी सेलेक्शन को जून माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी ने कार्मिक विभाग की उपलब्धियों एवं प्रगति से अवगत कराया।

**आयोजन** | जिलाधिकारी के साथ और शक्ति संवाद में बच्चों ने आईएएस और आईपीएस बनने के बारे में पूछे सवाल

# बच्चों से बोले डीएम, रील-रियल लाइफ में काफी अंतर

- डीएम ने मोबाइल से दूर रहने, लक्ष्य केंद्रित करने और पढ़ाई पर फोकस रखने के लिए प्रेरित किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5.0 द्वितीय चरण के तहत गुरुवार को 'हक की बात जिलाधिकारी के साथ' और शक्ति संवाद कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। छात्राओं ने डीएम अविनाश सिंह से आईएएस, आईपीएस बनने से लेकर सेना में करियर बनाने को लेकर तमाम सवाल पूछे, डीएम ने सिविल सेवा की तैयारी के बारे में जरूरी टिप्स दिए। उन्होंने मोबाइल से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा रील और रियल लाइफ में काफी अंतर होता है। डीएम ने बच्चों से पढ़ाई पर फोकस करने के लिए कहा।

उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड/सामान्य), मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुभाषनगर की छात्राओं से संवाद किया। कक्षा 7 की छात्रा सृष्टि मिश्रा, अनामिका गंगवार, रश्मि, सेजल, साक्षी सागर, लक्ष्मी सागर के अलावा कक्षा 8 की छात्राओं ने भी सिविल सेवा और सेना में जाने से संबंधित प्रश्न किए। डीएम ने सभी छात्राओं को सिविल परीक्षा, सेना, भारतीय पुलिस सेवा परीक्षा की तैयारी करने की जानकारी दी।




शक्ति संवाद कार्यक्रम में मौजूद डीएम अविनाश सिंह व अन्य। • अमृत विचार

उन्होंने बच्चों से कहा कि मोबाइल पर रील पर न ध्यान देकर पढ़ाई पर फोकस करें। लक्ष्य केंद्रित कर पढ़ाई करें। जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा ने महिला कल्याण संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। डीएम ने महिलाओं की समस्या सुनकर समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम फाइनेंस संतोष कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, संरक्षण अधिकारी सौरभ सिंह आदि मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने सवाल दागे, बच्चों ने दिये जवाब

डीएम ने छात्राओं से सवाल पूछकर अपनी कार्य के बारे में बताया। पूछा की कि मौजूदा समय में किस देश के बीच में युद्ध चल रहा है। एक बच्चे ने बताया कि अमेरिका, इजराइल का ईरान में युद्ध जारी है। डीएम ने उसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और गैस कहा से आ रही है। इसपर बच्चों ने सही जवाब दिया। टी 20 वर्ल्ड कप जीतने पर टीम इंडिया के कप्तान का नाम भी डीएम ने पूछा। उन्होंने कहा कि केवल पढ़ाई ही नहीं क्रिकेट, फुटबॉल हॉकी समेत अन्य खेल में भी बेहतर करने से अपना करियर बना सकते हैं।




# सपा जिलाध्यक्ष का खुलेगा नाम...पर वो नहीं जिनकी चर्चा आम

## बरेली के सपाइयों को लखनऊ बुलाकर अखिलेश यादव ने दिया स्पष्ट मैसेज, कई दावेदारों के उतरे चेहरे, नयों में जागी उम्मीद

महिपाल गंगवार, बरेली

**अमृत विचार:** बहुत कुछ सोचकर 'लखनऊ मीट' में गए सपाइयों को बरेली जिलाध्यक्ष की कुर्सी का सस्पेंस खत्म होने की उम्मीद थी, लेकिन हुआ उल्टा। अपना बायोडाटा सबसे मजबूत बताकर खुद को जिलाध्यक्ष की दौड़ में आगे बताने वाले नेता पार्टी सुप्रीमो के संदेश से मायूस हो गए। एक विधानसभा प्रभारी ने मीटिंग में सवाल दागा तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ऐसा जवाब दिया कि बरेली सपा में हड़कंप की स्थिति पैदा हो गई।

सपा अध्यक्ष ने दो टूक कह दिया कि जिलाध्यक्ष का नाम तय तो जल्द होगा मगर वो नहीं जिसको आप सोच रहे हो! हाईकमान के इस संदेश से नए चेहरों में चमकते कल की उम्मीद बंधी है, लेकिन बीते हुए कल के हीरो समाजवादी वीरों के चेहरे कुछ बुझे-बुझे नजर आ रहे हैं।



लखनऊ में मौजूद महानगर अध्यक्ष व विधानसभा प्रभारी।

सपा अध्यक्ष शिवचरन कश्यप की कुर्सी जाने के बाद यहां दावेदारों की भीड़ में सबसे ज्यादा यादवी चेहरे दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, लखनऊ में हुई बरेली के नेताओं की मंथन मीटिंग से अप्रत्याशित संकेत बाहर भी आए हैं। पार्टी सूत्रों कहना है कि सपा प्रमुख के मैसेज ने किसी हद तक यह साफ कर दिया है कि बरेली में सपा नेताओं के बीच की खींचतान-गुटबाजी को हाईकमान बर्दाश्त नहीं करने वाला है। जिलाध्यक्ष की कुर्सी किसी ऐसे चेहरे को सौंपने की तैयारी है, निर्गुट होने के साथ किसी का मोहरा न हो।

सपा हाईकमान यह बात बखूबी जानता है कि बरेली में विधानसभा के गणित में की हालत अच्छी नही है। 2022 में भोजीपुरा और बहेड़ी में भाजपा अपनों की बगावत और गुटबाजी का शिकार न हुई होती तो सपा के लिए जिलों की 9 में से इन 2 सीटों पर भी जीत आसान नहीं थी। क्योंकि सपा की तैयारी अब 2029 के विधानसभा चुनाव की है, तो हाईकमान पिछली गलतियों से सबक ले रहा है और फूंक-फूंककर कदम बढ़ा रहा है। यही वजह है कि हाईकमान में बरेली में सपा जिलाध्यक्ष की खाली कुर्सी को लेकर जल्दबाजी में कोई फैसला लेने से बच रहे हैं। पार्टी पीडीए फार्मूले पर अपने गोटें बिछा रही हैं और इसी पैमाने पर विधानसभा चुनाव के लिए बरेली में 'नवरत्न' तलाश रही है।

सूत्रों का कहना है कि जिलाध्यक्षी के दावेदारों के बीच लखनऊ स्तर पर जोरदार लॉबिंग का खेल चल रहा है। अपने-अपने दरबारों के जरिए दावेदारी में नाम आगे बढ़ाए जा रहे हैं। हालांकि अखिलेश के 'टॉप सीक्रेट प्लान' से जुड़ी खबर बाहर आते ही दावेदारों में कंपन की स्थिति पैदा हो गई है। जिले में सपाई अब इस उलझन में हैं कि आखिर सुप्रीमो की नजरों में कौन सा चेहरा जगह बना गया है? सबकी नजरें अब सिर्फ उसी नाम को तलाश रही हैं और हर तरफ कानाफूसी होती सुनी जा रही।

अब रही बात लखनऊ मीटिंग के एजेंडे की तो सूत्रों का कहना है कि पार्टी प्रमुख अखिलेश ने 2027 की रणनीति और जमीनी मजबूती पर जोर दिया। सभी विधानसभा प्रभारियों से विस्तार से एसआईआर रिपोर्ट तलब की और बूथवार समीक्षा की। 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर जयंती पर सभी विधानसभा के सेक्टर स्थलों पर मनाए जाने के निर्देश भी दिए।

### साथ छोड़ने वालों को 'साथी' नहीं बनाएगी सपा

सपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी हाईकमान अब ऐसे नेताओं को समाजवादी कैंप में वापसी कराने के बिल्कुल भी मूड में नही हैं, जो भाजपा सरकार बनने के बाद अपने फायदे को भगवा कैंप में कूद पड़े थे। इनमें कुछ तो जनप्रतिनिधि भी थे, जिनको भाजपा सरकार बनते ही अपनी कुर्सी बचाने की चिंता सता रही थी। सपा छोड़ भाजपा में गए कुछ नेता अब विधानसभा टिकट की जुगत में फिर सपा में एंट्री लेने की जोड़तोड़ में जुटे नजर आ रहे हैं। ऐसे चेहरे सपा हाईकमान के पास जिले से अपने करीबी नेता-कार्यकर्ताओं की टीमें भेजकर वापसी का माहौल बनाने की भरसक कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वहां से जवाब नो-एंट्री का ही दिया जा रहा है। सपा कैंप में इसे लेकर चर्चाएं सबकी जुबान पर हैं।

# फर्जी फर्म बनाकर 3.50 करोड़ की टैक्स चोरी

- फर्जी फर्म के जरिए बिलिंग कर आईटीसी का ले रहे थे गलत लाभ, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सिर्फ कागजों पर फर्म बना कर 3.50 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी करने का खुलासा कर राज्य कर विभाग ने संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जांच में खुलासा हुआ कि कागजों पर खेल कर आईटीसी का गलत तरीके से लाभ लिया जा रहा था।

कार्यालय उपायुक्त राज्य खंड-एक सहायक आयुक्त अभिषेक शुक्ला ने बताया कि 6.38 करोड़ की आउटवर्ड सप्लाई कागजों में दिखाई गई। लखनऊ की फर्म को सप्लाई दर्शाकर टैक्स देनदारी बनाई गई लेकिन वास्तव में कोई माल खरीदा नहीं गया। जीएसटीआर-3 बी में फर्जी तरीक से आईटीसी क्लेम कर टैक्स समायोजन किया गया। 25 इनवॉइस जारी किए गए, लेकिन एक भी ई-वे बिल नहीं बनाया गया। फर्म रजिस्ट्रेशन, रिटर्न फाइलिंग और ई-वे बिल से जुड़े कार्यों में इस्तेमाल किए गए कंप्यूटर के आईपी एड्रेस भी ट्रेस किए गए जिसमें फर्जी गतिविधियों की पुष्टि हुई। भमोरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि एमआरएच ट्रेडर्स नामक फर्म बनाई गई थी जिसके स्वामी रजी हसन हैं। उन्होंने फर्जी तरीके से जीएसटी पंजीकरण कराकर सर्कुलर ट्रेडिंग का खेल खेला। बिना माल के ही खरीद-बिक्री दिखाकर फर्जी बिलिंग की गई।

# गोचर भूमि से कब्जे हटेंगे, हर गोशाला में बनेगा भूसा बैंक

- अफसरों के साथ हुई बैठक में बोले पशुधन मंत्री धर्मपाल
- गोशालाओं पर छाया, पानी और दवा का रहे इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को निराश्रित गोवंश के मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए जिले की हर गोशाला में भूसा बैंक स्थापित करने के निर्देश दिए। कहा कि गोचर भूमि से अवैध कब्जे हटाए जाएं। उन्होंने गुरुवार को सर्किट हाउस में डीएम, सीडीओ समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। मंत्री ने कहा कि गो-संरक्षण के लिए डीएम की अध्यक्षता में नगर विकास, पशुपालन, पंचायतीराज, ग्राम विकास, राजस्व और पुलिस विभाग काम कर रहे हैं। उन्होंने उद्यमियों से सीएसआर के माध्यम से भूसा दान कराने की अपील की। डीएम और एसडीएम को गोचर भूमि को चिह्नित कर अवैध कब्जे हटवाकर वहां हरा चारा उगाने के निर्देश दिए। पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि गोशालाओं में धूप से बचाव के लिए शेड, पर्याप्त पानी, चारे और दवाओं का इंतजाम रखें। कहा कि विभिन्न योजनाओं के जरिये पशुपालकों को 50 से 90 प्रतिशत तक अनुदान देकर सरकार उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है।



सर्किट हाउस में अफसरों के साथ बैठक करते पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह। • अमृत विचार

### विकास नहीं, पीडीए का राग अलाप रहे : धर्मपाल

पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उनके दिमाग में विकास नहीं, बल्कि केवल 'पीडीए' का अलाप है। मंत्री ने ईरान-इजरायल युद्ध के मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीति की सराहना की।

### गोशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** गोवंशों की देखभाल एवं गोशालाओं की सुरक्षा के दावों को हकीकत में बदलने के लिए मंडलायुक्त भूपेन्द्र एस चौधरी ने कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। मंडलीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने सभी गोशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगवाने और कंट्रोल रूप बनाकर मॉनीटरिंग की हिदायत दी। रात में गोवंशों की सुरक्षा को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस गश्त बढ़ाने के साथ भूसा बैंक बनाने को भी कहा है। मंडलायुक्त ने संरक्षित गोवंश के भरण पोषण के लिए फंड की मांग समय से पोर्टल पर अपलोड करने के लिए को भी कहा है। उन्होंने गुरुवार को विकास भवन में मंडल स्तरीय निराश्रित गोवंश संरक्षण को लेकर कई बिंदुओं पर समीक्षा की। इस दौरान विभिन्न विभागों के अफसर अफसर मौजूद रहे।

## अफसर खां मुठभेड़ मामले की जांच शुरू

**बरेली, अमृत विचार:** पत्नी से विवाद में पंचायत करने के दौरान चाकुओं से गोदकर साले और सास की हत्या कर पत्नी पर जानलेवा हमले कर भागने के दौरान पुलिस एनकाउंटर में मारे गए अफसर खां उर्फ बोरा की मौत की मजिस्ट्रीयल जांच शुरू हो गयी है। डीएम अविनाश सिंह ने एसडीएम सदर प्रमोद कुमार को जांच सौंपी है। जांच अधिकारी ने आमजन से 10 अप्रैल तक साक्ष्य मांगे हैं।

एसडीएम सदर ने बताया कि हत्यारोपी अफसर खां उर्फ बोरा पुत्र सरवर खां निवासी रहपुरा चौधरी की पुलिस तलाश रही थी। गिरफ्तारी के दौरान 17 मार्च की सुबह अफसर खां की मौत हो गयी। उन्होंने आमजन से कहा है कि आरोपी की मृत्यु के संबंध में कोई व्यक्ति लिखित या मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहता है तो 10 अप्रैल की दोपहर 2 बजे तक साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

# युवा सिपाही की नाश्ता करते समय हार्ट अटैक से हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** पुलिस लाइन में तैनात सिपाही की हार्ट अटैक से मौत हो गई। इससे विभाग में शोक की लहर दौड़ गई।

जिला औरैया के थाना अछल्दा के गांव रूपपुर निवासी वीरपाल पुलिस लाइन में तैनात थे। पत्नी संगीता के अनुसार गुरुवार की सुबह वीरपाल ने नाश्ता किया। नाश्ता करने के बाद अचानक तबीयत खराब होने पर वह आराम करने के लिए लेट गए। कुछ देर बाद पत्नी ने उन्हें उठाने की कोशिश की तो वह बेसुध थे। उसके बाद संगीता ने पड़ोसियों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वह 2006 बैच के सिपाही थे और तीन साल से पुलिस लाइन में तैनात थे। कोतवाली क्षेत्र के चौपुला के पास वह परिवार के साथ किराए के मकान में रह रहे थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि हुई है। अधिकारियों की मौजदूगी में वीरपाल को पुलिस लाइन में सलामी देने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



मृतक वीरपाल।

- औरेया जिले के रहने वाले वीरपाल चौपुला के पास किराए पर रहते थे
- गुरुवार सुबह नाशता करने के बाद हालत बिगड़ने पर परिजन ले गए थे अस्पताल

## परिवार शादी में गया चोर समेट ले गए लाखों का माल

**बरेली, अमृत विचार:** शादी समारोह में शामिल होने एक परिवार रामपुर गया था। चोरों ने बंद मकान के ताले तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

बारादरी थाना क्षेत्र के आकाशपुरम निवासी इमरान खान बुधवार को अपने साले की शादी में शामिल होने के लिए घर पर ताला लगाकर परिवार के साथ रामपुर गए थे। गुरुवार को उनके पड़ोसी इम्तियाज मलिक ने उन्हें फोन कर घर में चोरी की सूचना दी। उसके बाद वह बरेली लौटे तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा था। चोर कमरे में अलमारी के ताले तोड़कर करीब डेढ़ लाख की नगदी, सोने की चेन, बुंदे, अंगूठी, डायमंड के बुंदे समेत अन्य सामान चोरी करके ले गए। डायल 112 के साथ बारादरी पुलिस ने मौके पर आकर जांच की।

# सुसाइड : बेटी की मय्यत छोड़ पुल से कूद गए थे बुजुर्ग पिता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** अटल ओवर ब्रिज से गिरकर बुजुर्ग की मौत का मामला हादसा नहीं, बल्कि आत्महत्या का निकला। आजमनगर के बुजुर्ग इम्तियाज की बेटी का कल ही बीमारी के चलते इंतकाल हुआ था और घर में मय्यत छोड़कर उन्होंने पुल से कूदकर जान दे दी थी। घरवाले रात तक उन्हें खोजते रहे। नहीं मिले तो बेटी को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। बाद में पिता इम्तियाज की मौत की खबर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। आजमनगर में एक घर से दो दिन में दो जनाजे उठे तो हर कोई गमगीन नजर आया। जोगियान एक मीनार मस्जिद के पास रहने वाले निवासी 70 वर्षीय इम्तियाज की बेटी फरीन लंबे से बीमार थी। भाई राहिद ने बताया कि परिवार 20 साल से फरीद का इलाज करा रहे थे। हाथ पैर में लकवा था। अपाहिज होने के साथ उनको कई और शारीरिक दिक्कतें थीं। फरीन की बीमारी से अब्बू परेशान रहते थे। तनाव में कई बार घर से भी निकल जाते थे। कल अचानक फरीन की मौत हो गई। परिवार के अनुसार, कठघर स्थित फरीन की ससुराल में खबर देने इम्तियाज घर से पैदल ही निकल गए थे। बेटी की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं करने पर वह पुल से कूद गए, जिससे उनकी मौत हो गई। घर में बेटी की मय्यत रखी थी और लोग इम्तियाज की खोज करते रहे। रात तक नहीं पता लगा तो परिजनों ने फरीन को सुपुर्द ए खाक कर दिया। देर रात इम्तियाज की मौत की जानकारी हो सकी।



इम्तियाज का फाइल



बुजुर्ग इम्तियाज की मौत की जानकारी देते परिजन। • अमृत विचार

- पुल से गिरने का मामला हादसा नहीं, बल्कि सुसाइड का निकला
- आजमनगर में घर से पहले बेटी फिर उठा अब्बू का जनाजा

## सीएमओ को तीन अस्पतालों में मिलीं अनियमितताएं, नोटिस



अस्पताल का निरीक्षण कर बाहर आते सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने गुरुवार को तीन निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया। एक हॉस्पिटल बिना पंजीकरण के संचालित किया जा रहा है। यह अस्पताल पहले किसी अन्य भवन में संचालित था, जबकि अब बिना सीएमओ की अनुमति के नए स्थान पर संचालित किया जा रहा था। अस्पताल संचालक संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, जिस पर उन्हें नोटिस जारी किया गया। वहीं, पीलीभीत रोड के एक अन्य हॉस्पिटल में साफ-सफाई की स्थिति खराब पाई गई। साथ ही बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा था। आयुष्मान योजना के चार मरीज भी मिले, जिनसे समस्याएं जान समाधान कराया। एक मरीज आईसीयू में भर्ती था जबकि उसकी स्थिति आईसीयू में भर्ती किए जाने योग्य नहीं थी। यह मरीज आयुष्मान योजना के तहत भर्ती था। यहां भी बायोमेडिकल वेस्ट का उचित पृथक्करणन) नहीं पाया गया। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। सीएमओ कहा उचित जवाब न मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

- बिना अनुमति संचालन, साफ-सफाई और बायोमेडिकल वेस्ट को लेकर मिली लापरवाही

# दमकल वालों की अब चिंता होगी दूर आंवला-फरीदपुर में घर होंगे भरपूर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सालों से किराये पर रहकर ड्यूटी करने वाले फरीदपुर और आंवला तहसील के फायर स्टेशनों के कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। दोनों यूनिटों में उनके लिए आवासों का निर्माण होगा। शासन ने दोनों स्थानों पर आवासीय और अनावासीय भवनों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। 26 करोड़ रुपये मंजूर कर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। भवनों का निर्माण शुरू कराने के लिए 13 करोड़ से अधिक की धनराशि आवंटित कर दी गई है।

फरीदपुर में अग्निशमन केंद्र बना है, लेकिन यहां तैनात स्टाफ के लिए सरकारी आवास नहीं हैं और न ही कार्यालय के लिए भवन है। कई बार स्टाफ के लिए आवास और कार्यालय भवन की मांग की जा चुकी थी। उस मांग को शासन ने अब पूरा किया है। गृह (पुलिस) अनुभाग के विशेष सचिव अन्नावि दिनेश कुमार ने फरीदपुर और आंवला में फायर स्टेशन के लिए आवासीय और अनावासीय भवनों के निर्माण को मंजूरी मिलने के संबंध में अधिकारियों को पत्र जारी किया है। जिसमें बताया है कि आंवला में आवासीय और अनावासीय भवन निर्माण के लिए 1323.39 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें से 661.69 लाख रुपये जारी किए हैं। फरीदपुर में फायर स्टेशन के आवासीय और अनावासीय भवन निर्माण के लिए 1312.24 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें से 656.12 लाख रुपये जारी किए हैं। निर्माण कार्य 18 माह में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।



- शासन ने भवनों के निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति दी
- 18 माह में दोनों फायर स्टेशनों पर कार्य शुरू कराने के निर्देश

## सिकंदर चोर को दवा पिलाई तब पेट से निकला ब्रेसलेट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** पुलिस को देखकर चोरी किया चांदी का ब्रेसलेट निगलने के आरोपी सिकंदर को गुरुवार को जिला अस्पताल में दवा पिलाई गई। इसके बाद उसने शौच की तब ब्रेसलेट पेट से निकला। ब्रेसलेट बरामद होने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

बारादरी थाना क्षेत्र के सम्राट अशोक नगर निवासी अशोक कुमार के मकान में 30 मार्च की रात चोरी हो गई थी। चोर तीन मोबाइल के अलावा बुलेट और चांदी का ब्रेसलेट चोरी करके ले गए थे। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो पता चला कि हाजियापुर निवासी सिकंदर और बिथरी चैनपुर निवासी मुकेश कुमार ने चोरी की। गिरफ्तारी के दौरान सिकंदर ने ब्रेसलेट निगल गया। जिला अस्पताल में एक्सरे करवाया जिसमें ब्रेसलेट उसके पेट में दिखा। पुलिस ने उसे मनपसंद खाना खिलाया लेकिन वह शौच को नहीं जा रहा था। गुरुवार को जिला अस्पताल में डाक्टर के परामर्श पर उसे दवा पिलाई गई। इसके बाद वह शौच करने गया। इसमें उसके पेट से ब्रेसलेट निकल गया। ब्रेसलेट बारादरी थाने के मालखाने में रखवा दिया गया। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि गुरुवार को ब्रेसलेट बरामद करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।



अस्पताल में भर्ती सिकंदर।

- पुलिस ने गिरफ्तार किया तो ब्रेसलेट निगल गया था आरोपी

## सिटी ब्रीफ

### छठी बार कोषाध्यक्ष बने प्रो. आलोक श्रीवास्तव



**बरेली, अमृत विचार :** इंडियन बॉटनिकल सोसाइटी के हाल ही में संपन्न चुनाव में एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पादप विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. आलोक श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष (ट्रेजरर) चुना गया है। यह उनका लगातार छठा कार्यकाल है। इसमें प्रत्येक कार्यकाल तीन वर्ष का होता है। वर्ष 1920 में स्थापित यह सोसायटी देश की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थाओं में शामिल है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने उन्हें बधाई दी है।

### एंबुलेंस कर्मियों को किया सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली में संचालित 102 एवं 108 एंबुलेंस के पदाधिकारियों एवं ईएमटी पायलट की ओर से जिला अस्पताल में ईएमटी दिवस मनाया गया। एम्बुलेंस संचालक संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस के प्रोग्राम मैनेजर शिवम सोनी ने बताया कि एम्बुलेंस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी ईएमटी को डिप्टी सीएमओ पवन कपाही ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। जिला प्रभारी अभिषेक, वीरेंद्र, अजीम आदि मौजूद रहे।

### जिला अस्पताल में लगा सौर पावर प्लांट

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल परिसर में गुरुवार को एडीएसआईसी डॉ. रमेश चंद्र दीक्षित ने 216 किलो वाट क्षमता के सौर पावर प्लाट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में सौर पावर प्लांट लगने से विद्युत ऊर्जा की खपत कम होगी जिसे अन्य जरूरी कामों के उपयोग में लिया जा सकेगा। विद्युत ऊजा संकट से काफी हद तक राहत भी मिलेगी।

### आशा कार्यकर्ताओं को दिए नियुक्ति पत्र

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने गुरुवार को आशा कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। नोडल अधिकारी अर्बन डॉ. अजमेर सिंह ने बताया कि शहर के संतनगर, शेरअली गौटिया, मौला नगर और हरूनगला में आशा कार्यकर्ताओं के पद रिक्त थे जिन पर 77 आशा कार्यकर्ताओंको नियुक्त किया गया है। शहरी क्षेत्र में आशा कार्यकर्ताओं की कुल संख्या 529 हो गई है। सभी नवनियुक्त 77 आशा कार्यकर्ता पिछले 8 दिनों से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं जिसमें उन्हें शहरी स्वास्थ्य मिशन की बारीकियों और सामुदायिक सेवा के गुर सिखाए गए। इस दौरान शहरी स्वास्थ्य समन्वयक अकबर हुसैन और सीसीपीएम सत्यभान सिंह आदि मौजूद रहे।

# पार्किंग का नहीं प्लान, कॉम्प्लेक्स वीरान

## मालगोदाम रोड पर तांगा स्टैंड पर कॉम्प्लेक्स बने तीन साल बीत चुके, एक भी दुकान नहीं बिकी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी के नाम पर किस तरह पैसे की बर्बादी हुई मालगोदाम रोड का व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स इसका जीता-जागता उदाहरण है। अफसरों की अदूरदर्शिता और बजट खपाओ नीति ने करीब चार करोड़ रुपये की लागत से ऐसी इमारत खड़ी कर दी, जो पिछले चार साल से वीरान पड़ी है। तांगा स्टैंड पर बने इस तीन मंजिला कॉम्प्लेक्स में कोई व्यापारी दुकान लेने की हिम्मत तक नहीं जुटा पा रहा है। बताते हैं कि तत्कालीन अफसरों ने प्रोजेक्ट की ड्राइंग-डिजाइन बनाते समय व्यापार की पहली शर्त यानी पार्किंग को ही नक्शे से दरकिनार कर दिया, जिसका नतीजा यह है कि इसका कोई लाभ नहीं मिल सका।

वर्ष 2018 में जब स्मार्ट सिटी योजना लागू हुई तब अफसरों ने शहरी जनता के लिए तमाम प्रोजेक्ट बनाए। कई चरणों के बाद जिन प्रोजेक्टों को हरी झंडी मिली, इसमें व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स भी शामिल था। वर्ष 2021-22 में तांगा स्टैंड पर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू हुआ था। वर्तमान में कॉम्पलेक्स बनकर तैयार है। मगर, पार्किंग की समस्या की वजह से व्यापारी इसमें दुकान लेने के लिए तैयार नहीं हैं। प्रोजेक्ट बनाने से पहले स्मार्ट सिटी के रणनीतिकारों ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। जबकि बिना पार्किंग किसी भी व्यावसायिक गतिविधि की कल्पना करना बेमानी है। अफसरों ने केवल बजट खपाने और फाइलों में प्रोजेक्ट पूरा दिखाने की जल्दबाजी में इसे अंजाम दिया। अब अधिकारी कॉम्प्लेक्स के नीचे की मामूली खाली जगह को पार्किंग बताकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। हकीकत यह है कि अगर यही निर्माण किसी बिल्डर ने किया होता, तो वह पार्किंग और अन्य सुविधाओं का सटीक रोडमैप तैयार करता, जिससे निर्माण पूरा होने से पहले ही दुकानें बिक जातीं। इसके उलट, सरकारी तंत्र ने करोड़ों रुपये मिट्टी में मिला दिए।



तांगा स्टैण्ड पर स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत बना कॉम्प्लेक्स। ● अमृत विचार

● **व्यापारी बोले-बजट खपाने की जल्दबाजी में पार्किंग को ही किया दरकिनार**

### सर्वे के बिना खपाए करोड़ों, अब हो रहे परेशान

व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स बिना सर्वे वाली कार्यप्रणाली का शिकार हो गया है। अफसरों ने जमीनी हकीकत जाने बिना होटल के लिए उपयुक्त जगह पर दुकानों का निर्माण करा दिया, जिससे व्यापारी वहां निवेश करने से कतरा रहे हैं। व्यापारियों का मानना है कि आस-पास गोदामों की अधिकता और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण कोई भी यहां शोरूम खोलने का जोखिम नहीं लेना चाहता। साफ है कि अगर निर्माण से पहले बाजार की मांग और सुरक्षा का आंकलन किया गया होता, तो आज यह भवन वीरान न होता।

### बिल्डरों ने भी नहीं दिखाई दिलचस्पी

व्यावसायिक भवनों के लिए अफसरों को खरीदार नहीं मिल रहे हैं। इसके लिए नगर निगम ने दो साल पहले बीडीए से सहयोग लेकर बिल्डरों के साथ बैठक भी की थी, लेकिन बिल्डरों ने भी इसे खरीदने में रुचि नहीं दिखाई। अफसर चाहते हैं कि इस कॉम्प्लेक्स में एक-एक दुकान बेचने के बजाए पूरा भवन कोई बिल्डर खरीद ले और फिर उसे बेचता रहे, लेकिन भवन की जो रकम लगाई जा रही है, वह ज्यादा होने के कारण उसे लेने के लिए कोई आगे नहीं आ रहा है।

> व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स के आवंटन के लिए नगर निगम गंभीर है। पूर्व में चार बार टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई थी, लेकिन किन्हीं कारणों से इसे अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। अब पांचवीं बार टेंडर निकाला गया है। उम्मीद है कि इस बार व्यापारियों की रुचि और बदली हुई शर्तों के आधार पर टेंडर प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली जाएगी, जिससे कॉम्प्लेक्स में व्यावसायिक गतिविधियां जल्द शुरू हो सकेंगी।
>
> **-संजीव कुमार**, नगर आयुक्त

# पैसा जमा करने के बाद भी नहीं लगे बिजली मीटर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **अधिकारियों की फटकार लगाकर मुख्य अभियंता ने जल्द ही मीटर लगवाने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** गर्मी की शुरुआत हो गई है, लेकिन विभाग की लापरवाही की वजह से कनेक्शन का पैसा जमा करने के बाद भी उपभोक्ताओं के घर मीटर नहीं लगे है। शहरी क्षेत्र में झटपट पोर्टल पर भी काफी संख्या में कनेक्शन लंबित हैं। समीक्षा बैठक में मामला सामने आने के बाद मुख्य अभियंता ने नाराजगी जताते हुए लंबित कनेक्शन पर रिपोर्ट लगाकर जल्द मीटर लगाने के निर्देश दिए।

बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग पर समीक्षा बैठक की। सामने आया कि शहरी क्षेत्र में झटपट पोर्टल पर 88 कनेक्शन लंबित हैं जिन पर आवेदन करने के बाद रिपोर्ट नहीं लगाई गई है। मुख्य अभियंता ने जल्द रिपोर्ट लगाकर कनेक्शन देने के निर्देश दिए। इसके अलावा समीक्षा में सामने आया कि शहरी क्षेत्र में कनेक्शन पर रिपोर्ट लगने के बाद 46 मीटर नहीं लगने से उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल पा रही है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में भी 133 कनेक्शन पर मीटर नहीं लगा है। उन्होंने संबंधित क्षेत्र के एक्सईन को फटकार लगाकर कहा कि पैसा जमा करने के बाद भी उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति नहीं मिल रही ये आपत्तिजनक है। एक सप्ताह में सभी लंबित आवेदन दूर किए जाएं।

### 4 से स्मार्ट मीटर जागरुकता कैंप

**बरेली, अमृत विचार :** उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर प्रणाली के प्रति जागरूक करने के लिए 4 अप्रैल से विद्युत विभाग आपके द्वार स्मार्ट मीटर जागरुकता मेगा कैंप आयोजित किया जाएगा। नवाबगंज, बहेड़ी, आंवला, किला, राजेंद्रनगर, जगतपुर, कुतुबखाना समेत कई इलाकों में कैंप लगाए जाएंगे। मुख्य अभियंता विद्युत वितरण प्रथम ई. ज्ञान प्रकाश सहित एआईटी, इंटेल स्मार्ट और विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# ऑटिज्म शिविर में 150 बच्चों की स्क्रीनिंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आईएमए कम्युनिटी सर्विस, इंडियन पीडियाट्रिक एकेडमी और जीवनधारा पुनर्वास एवं शोध संस्थान के तत्वाधान में गुरुवार को आईएमए सभागार में विश्व ऑटिज्म जागरुकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। ऑटिज्म स्क्रीनिंग सह मूल्यांकन शिविर में 150 से अधिक बच्चों की स्क्रीनिंग की गई।

कार्यशाला का उद्घाटन संस्थान के चेयरमैन प्रो. (डॉ.) अमिताव मिश्रा, आईएमए अध्यक्ष डॉ. अतुल श्रीवास्तव, आईएमए कम्युनिटी सर्विस के अध्यक्ष डॉ. प्रमेन्द्र महेश्वरी, डॉ. अंशु अग्रवाल, डॉ. शालिनी महेश्वरी, डॉ. केसी गुप्ता, डॉ. एकांश अग्रवाल, डॉ. अमृत, डॉ. प्रेम कुमार, डॉ. गिरीश अग्रवाल, डॉ. जीएस खंडुजा, डॉ. वीके चावला, डॉ. राका चावला एवं संस्थान की निदेशिका शाश्वती नंदा ने किया। डॉ. अमिताव मिश्रा ने बताया कि ऑटिस्टिक बच्चों में संवेदी समस्याएं होती हैं। इसका आंकलन प्रशिक्षित एक्सपर्ट से कराना चाहिए। आईएमए अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे बच्चों की चिकित्सा को लेकर प्रगति हुई है। शाश्वती नन्दा, वरुण कुमार, सीकन कुमार, पल्लवी सिंह, नमरा सैयद नियाजी, अभिनव कुमार, सुमन, शिवेन्द्र, सचिन कुमार, राहुल यादव, नियोजिता, फुरकाना नाज, अजमी सुल्ताना व अन्य मौजूद रहे।



कार्यक्रम आरंभ करते विभिन्न संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● **आईएमए कम्युनिटी सर्विस, इंडियन पीडियाट्रिक एकेडमी और जीवनधारा पुनर्वास एवं शोध संस्थान के तत्वाधान में कार्यक्रम**

### टीईटी के विरोध में 4 को दिल्ली कूच करेंगे शिक्षक

**बरेली, अमृत विचार :** टीईटी के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले बरेली से लगभग दो हजार शिक्षक-शिक्षिकाएं 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित महारैली में हुंकार भरेंगे।

जनपद के प्रत्येक विकास क्षेत्र से दो बसें तीन अप्रैल की रात 9 बजे फतेहगंज पश्चिमी टोल प्लाजा से एक साथ जाएंगी। जिला मंत्री रोहित सिंह और कोषाध्यक्ष अजरार हुसैन ने शिक्षकों से बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की। जिलाध्यक्ष शिव स्वरूप शर्मा ने कहा कि बरेली की भागीदारी शिक्षकों की एकजुटता और अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा, अरुणेश कुमार शर्मा ने भी इसे अन्यापूर्ण बताया।

# सड़क पर मलबा छोड़ा तो खैर नहीं जुर्माना के साथ जब्त होगा माल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर को स्वच्छ बनाने और नगर निगम की आय बढ़ाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन (सीएंडडीएस) वेस्ट के खिलाफ कड़ा अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यदि किसी भी मुख्य मार्ग या गली में अवैध रूप से मलबा पड़ा पाया गया, तो उसे तत्काल जब्त कर लिया जाएगा। गुरुवार को मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी के साथ हुई समीक्षा बैठक में इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की है।

● **नगर निगम ने आय बढ़ाने और शहर चमकाने के लिए बनाया मेगा प्लान**

नई व्यवस्था के तहत पूरे बरेली शहर को चार जोन में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन की जिम्मेदारी सहायक अभियंता, अवर अभियंता और सुपरवाइजरों की टीम को सौंपी गई है। ये टीमें अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त करेंगी और उल्लंघन कर्ताओं के खिलाफ मौके पर ही जुर्माने की रसीद काटेंगी। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को विशेष रसीद बुक जारी कर दी गई है। नगर निगम की योजना है कि जब्त किए गए मलबे और वेस्ट मटेरियल से निगम की ओर से कराए जा रहे अन्य निर्माण कार्यों और गड्ढा भरने जैसे कामों में फिर से उपयोग किया जाए। अभियान की सफलता के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाएगा। नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग को सख्त निर्देश दिए हैं कि इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दावा किया कि इस मुहिम से न केवल सड़कों पर होने वाले अतिक्रमण में कमी आएगी, बल्कि निर्माण सामग्री से उड़ने वाली धूल से होने वाले प्रदूषण पर भी लगाम लगेगी।

### ऑरा फेस्ट के पोस्टर का हुआ विमोचन

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में ऑरा फेस्ट 2026 के प्री-इनॉगरेशन समारोह के तहत गुरुवार को पोस्टर व बैनर का विमोचन कुलपति प्रो. केपी सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की रचनात्मकता, तकनीकी दक्षता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करते हैं। डीन आईईटी प्रो. अर्चना गुप्ता, आयोजन समिति के सदस्य डॉ. इंदरप्रीत कौर, डॉ. इरम नईम, डॉ. प्रीति यादव और डॉ. अनिल बिष्ट ने कहा कि ऐसे आयोजन आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीमवर्क को भी विकसित करते हैं।

# पीएनजी के पहले बिल पर पांच सौ रुपये छूट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** डीएम अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को पीएनजी, एलपीजी, व ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को सिलेंडर रिफिल डीएसी प्राप्त होने के बाद होम डिलीवरी ओटीपी से ही कराएं, ताकि गैस एजेंसियों पर भीड़ न लगे। आमजन से पीएनजी कनेक्शन कराने की अपील की। सीयूजीएल के अधिकारियों ने एलपीजी की तुलना में पीएनजी को किफायती बताया और पहले बिल पर पांच सौ रुपये छूट की जानकारी दी।

अफसरों ने बताया कि पीएनजी कनेक्शन पांच हजार रुपये में उपलब्ध कराया जा रहा है। डीएम ने पेट्रोल पंप के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि गेहूं कटाई होने के कारण किसानों को किसी यंत्र के लिए डीजल की जरूरत है तो नियमानुसार उपलब्ध कराएं। एडीएम ई पूर्णिमा सिंह, एडीएम फाइनेंस संतोष कुमार सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, अपर नगर आयुक्त, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### जिले में पीएनजी के 56789 कनेक्शन

जिले में पीएनजी के 56789 कनेक्शन हैं। सीयूजीएल ने पीएनजी सप्लाई की लाइन बदायूं रोड, सिविल लाइंस, सेटेलाइट, शाहजहांपुर रोड, मिनी बाईपास रोड, मठ लक्ष्मीपुर रोड, रहपुरा चौधरी रोड, रामपुर रोड, सीबीगंज, हार्टमन कॉलेज, फनसिटी, इज्जतनगर, मुड़िया अहमद नगर, सौ फुटा रोड, महानगर, वीर सावरकर नगर, डेलापीर, संजय नगर, राजेन्द्र नगर, तहसील फरीदपुर में कनेक्शन संचालित हो रहे हैं।

## सिटी डायरी

### भाजपा के स्थापना दिवस की तेज की गईं तैयारियां



**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा कार्यालय पर गुरुवार को बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महानगर प्रभारी मोहित बेनीवाल ने कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी का 46वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। 8 और 9 अप्रैल को महानगर के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन कराने को कहा। उन्होंने कहा कि 7 से 12 अप्रैल तक प्रत्येक वार्ड में सघन संपर्क कर जनता के हित में किए गये कार्यों का प्रचार करें। 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन प्रत्येक मंडलों के बूथ स्तर पर किया जाएगा। उन्होंने महानगर टीम के नए सदस्यों का अभिनंदन किया। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, महामंत्री डॉ. आदेश गंगवार, विष्णु शर्मा, राजीव साहनी, राजकिशोर कश्यप, प्रभुदयाल लोधी, डॉ. तृप्ति गुप्ता, डॉ. रामचंद्र मौर्य, विष्णु अग्रवाल, वैभव शर्मा, अमरीश कठेरिया, प्रवेश वर्मा, रितेश मोहन गुप्ता, अजय कुमार सिंह चौहान, राधे गुर्जर, मनजीत सिंह नागपाल, कन्हैया राजपूत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विश्व स्वलीनता जागरुकता दिवस, डेंटल चिकित्सा शिविर लगा



**बरेली, अमृत विचार :** अग्रिशा फाउंडेशन ने गुरुवार को विश्व स्वलीनता जागरुकता दिवस मनाया। फन गेम्स व डॉ. वैभव गंगवार सहयोग से डेंटल चिकित्सा शिविर गुलमोहर पार्क राजेन्द्र नगर में लगाया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. रिचा रानी ने बताया कि शिविर में ऑटिस्टिस व सामान्य बच्चों की दांतों की जांच कर निशुल्क परामर्श दिया गया। डॉ. वैभव गंगवार ने कहा कि जागरूकता का उद्देश्य ऑटिज्म से ग्रसित बच्चों में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाना और उन्हें सार्थक जीवन बिताने में सहायता देना है। क्लीनिकल डायरेक्टर राम सिंह ने कहा कि फन गेम्स कप टॉवर, फाइंड द टॉफी, कलरिंग, म्यूजिकल चेयर, पेपर डांस आदि फन गेम्स आयोजित किए गए।

### अंक अपलोड करने वाले लिपिकों ने मांगा पारिश्रमिक



**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटर परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के प्राप्तांक पोर्टल पर दर्ज करने वाले लिपिकों ने पारिश्रमिक की मांग उठानी शुरू कर दी है। शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आलोक चौहान 'संघर्षी' के नेतृत्व में संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार से मुलाकात कर बोर्ड सचिव को संबोधित ज्ञापन सौंपा। संघर्षी ने तर्क दिया कि बोर्ड परीक्षा के अन्य सभी कार्यों के लिए कार्मिकों को भुगतान किया जा रहा है, तो अंक अपलोड करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य में जुटे लिपिकों को पारिश्रमिक से वंचित रखना अन्यायपूर्ण है। लिपिकों के लिए भी सम्मानजनक पारिश्रमिक दरें तय करने की मांग की। जेडी ने ज्ञापन सचिव तक भेजने का आश्वासन दिया। मंडलीय मंत्री राजेश कुमार, जिलाध्यक्ष संजीव कुमार पाल, पिंटू सिंह, अंकित शर्मा, हरीश बाबू, अंकुर भटनागर, सत्यवीर यादव, प्रिंस, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### परिषदीय विद्यालयों में अराजक तत्वों का प्रवेश रोका जाए



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की टीम ने सहायक शिक्षा निदेशक अजीत गंगवार और बीएसए से मुलाकात कर विद्यालयों से जुड़े मुद्दे उठाए। संघ ने परिषदीय विद्यालयों में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की। बीएसए ने एक-दो दिन में आदेश जारी करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा शेष तीन ब्लॉकों की चयन वेतनमान सूची भी अगले सप्ताह जारी किए जाने की बात कही गई। । प्रतिनिधिमंडल में जितेंद्र गंगवार, गिरजेश कुमार, अरविंद गंगवार, अतुल सिंह, गौरव गुप्ता सहित मौजूद रहे।

### चार मंजिला फैक्ट्री को शासन की हरी झंडी

**बरेली, अमृत विचार :** परसाखेड़ा क्षेत्र में प्रस्तावित चार मंजिला फैक्ट्री के लिए शासन को भेजे गए प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है। जिला उद्योग विभाग ने निर्माण कराने की तैयारी तेज कर दी है।

उपायुक्त उद्योग विकास यादव ने बताया कि निर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए एक टीम गठित कर दी गई है, जो योजना के क्रियान्वयन और निगरानी का कार्य करेगी। फैक्ट्री निर्माण से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास खर्च पर उठे सवाल, मांगा जवाब

**बरेली, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास संचालन के लिए भेजी गई ग्रांट के खर्च में अनियमितता की शिकायत पर विभाग ने सख्ती दिखाई है।

सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) तृतीय मंडल बरेली डॉ. अजीत कुमार ने संबंधित पक्ष से तीन दिन के भीतर साक्ष्यों सहित जवाब तलब किया है। इसके लिए पत्र जारी करते हुए कहा कि शिकायत 12 मार्च को जिला स्तर पर भेजी गई थी, जिसमें आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास संचालन के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालयों को दी गई धनराशि के उपयोग पर सवाल उठाए गए थे। मामले को उच्च स्तर पर संज्ञान में लेते हुए इसे लखनऊ स्थित राज्य परियोजना कार्यालय तक भी भेजा गया। शिकायत में यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के बरेली जिला अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह को शिकायत में उल्लिखित बिंदुओं पर निर्धारित समय सीमा के भीतर तथ्यात्मक और प्रमाणित जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा गया।

# डिग्री से ज्यादा स्किल की अहमियत: देव मूर्ति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में तीन दिवसीय हैकाथॉन 4.0 का गुरुवार को संस्थान के संस्थापक और अध्यक्ष देव मूर्ति ने उद्घाटन किया। उन्होंने कौशल विकास पर विशेष बल देकर कहा कि केवल उपाधि प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि दक्षता और हुनर कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं।

चेयरमैन ने प्रथम स्थान वाली टीम को 31 हजार रुपये के स्थान पर 41 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। देव मूर्ति ने शिक्षण संस्थानों में केवल कागजी डिग्रियां बांटने वाली प्रवृत्ति की आलोचना करते हुए वास्तविक ज्ञान अर्जन और आत्म-सुधार पर जोर दिया ताकि युवा वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।

कार्यक्रम के निदेशक डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि तमिलनाडु, हैदराबाद, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली की कुल 60 टीमें हिस्सा ले रही हैं। शनिवार को शिक्षाविदों और विशेषज्ञों का एक निर्णायक मंडल सभी मॉडलों का मूल्यांकन करेगा। अंतिम दिन विजेताओं के नाम घोषित किए जाएंगे। ट्रस्ट सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर इंजी. सुभाष मेहरा, डा. शैलेश सक्सेना, डॉ. एमएस बुटोला, डा.जसप्रीत कौर, डा.मुत्थु महेश्वरी, डा.ऋतु सिंह, डा.अनुज कुमार, डा.अमित शर्मा, डा.सौरभ गुप्ता, डा.सत्य देव, इंजी. अश्विनी चौहान, निपुन पांडेय आदि मौजूद रहे।



हैकाथॉन को संबोधित करते देव मूर्ति।

● **एसआरएमएस सीईटी में गुरुवार को तीन दिवसीय हैकाथॉन 4.0 का आगाज**



# हे दुःख भंजन, मारुती नंदन, सुन लो मेरी पुकार... विनती बारम्बार

## हनुमान जी के जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब, जगह-जगह निकाली गईं शोभायात्राएं, भंडारे हुए, झांकियों ने मोहा मन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना, सुंदरकांड और रामायण पाठ के आयोजन हुए। रामपुर गार्डन से निकली शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। बड़ा बाग मंदिर में विशेष पूजन किया गया। जगह-जगह भंडारा और प्रसाद वितरण किया गया।

बड़ा बाग मंदिर में विशेष पूजन, आरती और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। मंदिर में वूमेन वेलफेयर ट्रस्ट गांधीपुरम की ओर से 5 से 12 अप्रैल तक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट की अध्यक्ष स्वाति अग्रवाल और सचिव मोनिका अग्रवाल ने बताया कि कथा का वाचन अतुलेश्वर सनाढ्य (अतुलानंद) द्वारा किया जाएगा। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। श्री महाकालेश्वर नाथ मंदिर में भी हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में श्री सुंदरकांड का पाठ हुआ। मूलचंद, रामदास मौर्य, हरीश कुमार, धर्मवीर, राजीव कुमार गुप्ता, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

**पंचमुखी हनुमान मंदिर में 51 किलो लड्डू का महाभोग :** बरेली : बन्नूवाल नगर स्थित श्री मनकामेश्वर नाथ पंचमुखी हनुमान मंदिर में भजन गायक पंडित हिमांशु पाठक ने भजनों की प्रस्तुति दी। 51 किलो लड्डू का भोग लगाया। अंकुर सक्सेना, अंकित सक्सेना, गौरव सक्सेना, दिवाकर आर्य, अभिनंदन जोशी, सत्यवीर, सनी गुलाटी का विशेष सहयोग रहा।

**हनुमान जयंती पर हरिहर मंदिर में सुंदरकांड :** सीबीगंज स्थित आईटीआर कॉलोनी में श्री हरिहर मंदिर में पंडित हर्षित पंत ने अनुष्ठान कराया। मुख्य यजमान पीसी पाठक, राम पाठक, अध्यक्ष वीर सिंह, सचिव राजकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष चंद्रपाल अग्रवाल और महाप्रबंधक अश्वनी उपाध्याय, शगुन खरे, तारा पांडे, नीलिमा साहू, अपर्णा गुप्ता, वर्षा गुप्ता, हेम पांडे, हेमा बिष्ट, कैलाश मौर्य, केपी सिंह, मुकेश पांडे, देवपाल सिंह चौहान ने भी भाग लिया।


बड़ा बाग स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


रामपुर गार्डन से निकाली शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

### हनुमान जन्मोत्सव पर बालाजी दरबार में रामायण पाठ

**बरेली, अमृत विचार :** साहूकारा स्थित केला बाग के पास बालाजी दरबार में रामायण पाठ के बाद भंडारा हुआ। पूरे परिसर में हनुमान जी के जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण गूंजता रहा। युवा वाहिनी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक राणा, ऋषि ठाकुर, शेखर कश्यप, महेश बाबू, रजनी शर्मा, नेहा कुमारी, सीमा सिंह मौजूद रही। मंदिर के महंत राजकुमार, अनीता, प्रियंक, खुशी, गुनगुन आदि की आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

### बाला जी मंदिर में मना जन्मोत्सव

**बरेली, अमृत विचार :** बदायूं रोड स्थित करगैना बाला जी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। विशेष पूजन, हनुमान चालीसा पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। मंदिर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया। दोपहर में प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि शाम को सुंदरकांड पाठ और आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



### सुंदरकांड पाठ का गायन किया

**बरेली, अमृत विचार :** श्री हरे राम ग्वाल बाल भगवती सेवा समिति ने गुरुवार को अवधपुरी कॉलोनी स्थित श्री हरे राम नव दुर्गा मंदिर में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई। आयुष शर्मा, मुकेश शर्मा, आशीष सक्सेना, अंकित माहेश्वरी, अनुभव शर्मा, नंदिनी शर्मा, श्याम किशोर शर्मा, कुसुम शर्मा, समिति के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा, आकाश पाल, अर्पित माहेश्वरी, आदि ने कार्यक्रमों में भागीदारी की।

### डीपीएस प्रीप्रेटरी में सामूहिक चालीसा पाठ

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाष नगर स्थित डीपीएस प्रीप्रेटरी स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव पर बाल रामायण के तत्वावधान में बालसभा हुई। बाल रामायण के रचयिता डॉ. दीपंकर गुप्त ने बच्चों को हनुमान चालीसा की महिमा बताते हुए कहा, बजरंगबली शक्ति, सेवा और शिक्षा के अद्भुत संगम हैं। शिक्षकों को राम पटका पहनाकर सम्मानित किया और सभी को हनुमान चालीसा की प्रतियां भेंट की। प्रधानाचार्य गीतांजलि शुक्ला सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### संतोषी माता मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**बरेली, अमृत विचार :** गौ नन्दी सेवा ट्रस्ट ने संतोषी माता मंदिर मढ़ीनाथ में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सक्सेना ने अंग वस्त्र पहनाए। तरुण सक्सेना, रिमझिम सक्सेना, राजीव सक्सेना, अभिषेक नाथ सक्सेना, अंशु सक्सेना, गरिमा सक्सेना, प्रीति रावत आदि उपस्थित रहे।



## सिटी ब्रीफ

### जीपी क्रिकेट लीग आज से

**बरेली, अमृत विचार :** शुक्रवार से शुरू होने जा रही जीपी क्रिकेट लीग की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रतियोगिता में शहर की 12 प्रतिष्ठित टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता निशांत पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगी। आयोजन सचिव गगन मेहरोत्रा और पवन मेहरोत्रा ने बताया कि लीग का उद्देश्य कॉर्पोरेट स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देना और खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक मंच देना है।

### गोलू देवता मंदिर में हनुमान जयंती मनाई

**बरेली, अमृत विचार :** गोलू देवता मंदिर सुरला में हनुमान जयंती मनाई गयी। पर्वतीय समाज के अध्यक्ष देवेन्द्र दुलिया ने हनुमान चालीसा का पाठ कराया। चित्रकार डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना ने हनुमान जी का चित्र बनाया। बच्चों ने भी हनुमान जी का चित्रांकन किया। 10 चित्रों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि देवेन्द्र रहे। प्रधानाचार्य चंद्र दुलिया ने कुमार पारस का आभार व्यक्त किया।

### बालिका बास्केटबॉल टीम का चयन आज

**बरेली, अमृत विचार :** 36 वीं जूनियर बालिका वर्ग बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए बरेली टीम का चयन शुक्रवार को होगा। बरेली बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव सोनू श्रोतिया ने बताया कि टीम 11 से 14 अप्रैल तक प्रयागराज में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

# चैम्पियन बनने को भिड़ेंगी यूपी-हिमाचल की बेटियां

- 54 वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का फाइनल आज
- सेमीफाइनल में यूपी ने दिल्ली, हिमाचल ने छत्तीसगढ़ को हराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली के मैदान में आज यूपी और हिमाचल प्रदेश की बेटियों का दमखम देखने को मिलेगा। 54वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में दोनों टीम ने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बना ली है। एक ओर जहां यूपी ने धड़कनें रोक देने वाले मुकाबले में 25-24 से दिल्ली पटखनी दी, वहीं दूसरी ओर पूर्व चैंपियन हिमाचल ने 32-8 के बड़े अंतर से छत्तीसगढ़ को शिकस्त दे डाली। मंत्री, विधायक के साथ बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ी बेटियों का हौसला बढ़ाते नजर आए।

फ्यूचर विश्वविद्यालय के मैदान पर खेली जा रही प्रतियोगिता में गुरुवार को सेमीफाइनल का रोमांच सबके सिर चढ़कर बोला। बड़ी संख्या में खेल प्रेमी जुटे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया।


हैंडबॉल में जीत के लिए जूझतीं खिलाड़ी। ● अमृत विचार

इंडियन हैंडबॉल एसोसिएशन और जिला ओलम्पिक संघ बरेली की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में आज मुख्य अतिथि के रूप में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह और विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा रहे। मेहमानों ने खिलाड़ियों के परिचय के साथ शानदार खेल भावना की तारीफ की। मंत्री ने कहा कि ऐसे खेल आयोजन खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के साथ उन्हें आगे बढ़ने का मंच साबित होते हैं। विधायक डा. राघवेंद्र शर्मा ने बरेली को राष्ट्रीय प्रतियोगिता की एक बार फिर मेजबानी मिलने को लेकर कहा कि जिले की माटी की खेलशक्ति लगातार बढ़ रही है।

पहले सेमीफाइनल में हिमाचल प्रदेश ने छत्तीसगढ़ को 32-8 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में रोमांच के रंग फूटे। यूपी ने बेहद कड़े मुकाबले में 25-24 से दिल्ली को पराजित कर खिताबी मुकाबले में अपना स्थान पक्का किया। तीसरे स्थान के लिए पंजाब ने पश्चिम बंगाल को और चौथे स्थान के लिए राजस्थान ने महाराष्ट्र को हराया। पांचवें और छठवें स्थान के लिए पंजाब और राजस्थान में मुकाबला हुआ। इसमें राजस्थान ने जीत हासिल की। पश्चिम बंगाल ने महाराष्ट्र को हराकर सातवां स्थान प्राप्त किया। अब सबकी नजरें शुक्रवार को फाइनल मुकाबले पर हैं, जिसमें पूर्व चैंपियन हिमाचल प्रदेश से यूपी की बेटियों की भिड़ंत होगी। प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. अरुण कुमार, जिलाधिकारी अविनाश सिंह और अर्बन कोआपरेटिव बैंक की चेयरपर्सन श्रुति गंगवार मैदान में खिलाड़ी बेटियों का हौसला बढ़ाते दिखेंगे।

### बरेली शहर को रिकार्ड तीसरी बार मेजबानी

बरेली देश का पहला ऐसा शहर है, जिसे तीसरी बार नेशनल स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है। जिला औलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. आशीष गुप्ता ने बताया कि 2021 में 49वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में बरेली मेजबान बना था। इसी मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में उस समय हिमाचल की टीम ने पिछली चैंपियन हरियाणा को हराकर ट्राफी अपने नाम की थी। इसके बाद 2023 में बरेली नेशनल जूनियर हैंडबाल प्रतियोगिता का मेजबान बनी थी। इस बार 54वीं सीनियर हैंडबाल प्रतियोगिता फिर बरेली की मेजबानी में हो रहा है।

# रुविवि : ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2026 की विभिन्न पाठ्यक्रम के परीक्षाओं के फॉर्म भरने की आवेदन तिथि को बढ़ा दिया है। विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में बीएड, बीपीएड, बीएलएड, एमएड पाठ्यक्रमों के संस्थागत एवं भूतपूर्व छात्रों को राहत देते हुए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 25 मार्च से बढ़ा कर 5 अप्रैल कर दी है।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के अनुसार परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 5 अप्रैल है। इसके बाद छात्रों को 6 अप्रैल तक अपने आवेदन पत्र संबंधित महाविद्यालय में जमा करना होगा। महाविद्यालयों को 7 अप्रैल तक सभी आवेदन पत्र ऑनलाइन स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। बीएड प्रथम वर्ष की मुख्य परीक्षा के फॉर्म भरने की तिथि अलग से घोषित की जाएगी।

# हवाई यात्रा किफायती बनाने के लिए संशोधित उड़ान को मंजूरी

- योजना का लाभ बरेली मुरादाबाद से संचालित होने वाली नई उड़ान को मिलेगा
- बरेली से जल्द शुरू होने वाली कुशीनगर उड़ान को इस योजना में शामिल किया जाएगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार ने हवाई यात्रा को अधिक सुलभ, किफायती और समावेशी बनाने के लिए क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना में संशोधित उड़ान को मंजूरी दी है। इस योजना से बरेली, मुरादाबाद सहित राज्य के एयरपोर्ट की विकास रफ्तार बढ़ेगी। इसके साथ बरेली-कुशीनगर से जल्द शुरू होने वाली उड़ान को इस योजना में शामिल किया जाएगा।

बरेली एयरपोर्ट के निदेशक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार को केंद्रीय कैबिनेट ने संशोधित उड़ान की मंजूरी दी है। टियर 2 और टियर 3 शहरों के नागरिकों के लिए कनेक्टिविटी में सुधार के लिए बड़े विमानों पर अधिक सीटों के लिए किफायती हवाई किराए का प्रावधान किया जाएगा। बरेली शहर टियर-2 में शामिल है, इसलिए एयरपोर्ट के इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुविधाएं बढ़ेंगी। इस योजना का उद्देश्य नए हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट्स और वॉटर एयरोड्रोम के विकास के माध्यम से क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सुधार करना है। बताया कि बरेली एयरपोर्ट से कुशीनगर के लिए जेटविंग्स एयरलाइन उड़ान शुरू करेगी। डीजीसीए से अप्रूवल भी मिल चुका है। कुछ क्लियरेंस और रह गए हैं। यह उड़ान संशोधित उड़ान योजना में शामिल होगी। इस योजना में शामिल उड़ान पर 50 प्रतिशत व्यय केंद्र सरकार उठाती है ताकि आम नागरिक भी हवाई सफर कर सके।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMC BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हैल्थ स्कीम
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजिव रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

# बच्चों को खेल-खेल में दांतों की देखभाल करना सिखाया


जागरुकता शिविर में जानकारी देते डॉक्टर। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की ओर से ओरल हेल्थ माह के तहत प्राथमिक विद्यालयों में जागरुकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

शिविरों का उद्देश्य बच्चों में मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए कई रोचक एवं शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें खेल-खेल में दांतों की देखभाल करना सिखाया गया। बच्चों को सही ब्रशिंग तकनीक का प्रदर्शन कर समझाया, जिससे वे रोजाना अपने दांतों की सही सफाई कर सकें।

बच्चों को मीठे खाद्य पदार्थों जैसे टॉफी, चॉकलेट, बिस्किट और पैकेज्ड जूस के दांतों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। स्वस्थ विकल्प अपनाने और संतुलित आहार लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में दंत परीक्षण भी किया, जिसमें बच्चों के दांतों की जांच कर आवश्यक सलाह दी गई।

# दांतों में कीड़े व मसूड़ों की बीमारी से बचाव में फ्लोराइड की अहम भूमिका

**बरेली, अमृत विचार :** दांतों में कीड़ा लगना (कैविटी) व मसूड़ों की बीमारी बहुत आम हो गई है। इन समस्याओं से बचाव में फ्लोराइड महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। फ्लोराइड प्राकृतिक खनिज है, जो पानी, मिट्टी और कई खाद्य पदार्थों में मिलता है।

इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के विशेषज्ञों के अनुसार फ्लोराइड दांतों की ऊपरी परत (एनामेल) को मजबूत बनाकर एसिड के हमले से बचाता है। जब हम मीठा या चिपचिपा खाना खाते हैं तो मुंह के बैक्टीरिया एसिड बनाते हैं, जो दांतों को नुकसान पहुंचाता है। फ्लोराइड इस नुकसान को कम करने में मदद करता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि फ्लोराइड दांतों को मजबूत बनाकर कीड़ा लगने से बचाता है। फ्लोराइड जितना लाभकारी है, उतना अधिक मात्रा में सेवन नुकसानदायक हो सकता है। अधिक फ्लोराइड से फ्लोरोसिस नामक समस्या हो सकती है, जिससे दांतों पर सफेद या भूरे धब्बे आ सकते हैं, इसलिए बच्चों को टूथपेस्ट निगलने से बचाना चाहिए और मटर के दाने जितनी मात्रा ही उपयोग करनी चाहिए। फ्लोराइड दांतों की सुरक्षा के लिए एक सरल और प्रभावी उपाय है। सही मात्रा में इसका उपयोग करके हम कैविटी और अन्य दंत समस्याओं से बच सकते हैं। नियमित ब्रशिंग, संतुलित आहार और समय-समय पर दंत चिकित्सक से जांच कराना भी उतना ही जरूरी है।

## सिटी डायरी

### हनुमान जन्मोत्सव पर श्री बालाजी धाम में उमड़ी भीड़

**बरेली, अमृत विचार :** सौ फिटा रोड स्थित एमईएस कॉलोनी में श्री बालाजी धाम में फूलों से सजे भव्य दरबार में महंत अनिल कुमार अग्रवाल और केपी सिंह के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान किए गए। देर रात श्री बालाजी महाराज को छप्पन भोग अर्पित किया गया। आचार्य पंडित पवन पाठक के भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। सुनील गुप्ता, राजीव गुप्ता, श्रेयांश अग्रवाल सहित मंदिर कमेटी के पदाधिकारी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### अधिवक्ताओं ने सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ किया



**बरेली, अमृत विचार :** कचहरी स्थित श्री शिव मंदिर में गुरुवार को अधिवक्ताओं ने सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ किया। पुरोहित प्रशांत उपाध्याय एडवोकेट एवं विजेंद्र मिश्रा एडवोकेट ने पूजा अर्चना संपन्न करायी। मुख्य यजमान प्रतिपाल सिंह एडवोकेट रहे। भानु प्रताप सिंह गंगवार, मनीष सक्सेना, राजकुमार, स्वतंत्र पाठक, पंकज महंत, अकुल कुमार सक्सेना, अशोक बाबू, जितेन्द्र कटियार, अनिता कुमारी, गिरीश चंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

### महर्षि विद्या मंदिर में मनाई गई हनुमान जयंती

**बरेली, अमृत विचार :** हनुमान जयंती के अवसर पर महर्षि विद्या मंदिरमें भक्ति एवं श्रद्धा से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने 11 बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ किया। विद्यार्थियों ने श्रद्धा और अनुशासन के साथ सहभागिता निभाई तथा भारतीय संस्कृति एवं गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को आत्मसात किया। कार्यक्रम का समापन हनुमान आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। प्रधानाचार्य आरएल सिंह, सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल रहे।



### आनंद आश्रम में सुंदरकांड व भजन संध्या का आयोजन



**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में हनुमान बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। भजन संध्या में पंकज यादव और जितेंद्र शर्मा ने देवों में देव हजारों हैं, बजरंग बली का क्या कहना सहित कई भजनों की प्रस्तुति दी। आश्रम के मंत्री अनिल अग्रवाल ने बताया कि परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश से आए पंडित जय शंकर त्रिपाठी द्वारा श्रीरामचरित मानस कथा एवं प्रवचन का आयोजन सुबह सत्र में किया जा रहा है। प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, सभासद राजेश अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, शशि कांत मोदी, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल, पंडित सचिन शर्मा, दीपेश खंडेलवाल उपस्थित रहे।